जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**टी20 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल मैच को लाइव स्ट्रीमिंग पर रिकॉर्ड 5.3 करोड़ दर्शकों...**

Page 10



देश

**अमरवाड़ा को बचाने की कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती ...**

कृष्ण पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • बुधवार • 03 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 203 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 72, 380 | ₹91,000 |

## आज का इतिहास

- **1754 :** फ्रेंच और भारतीय युद्धः किले की आवश्यकता की लड़ाई - जॉर्ज वॉशिंगटन ने फ्रांसीसी कैप्टन लॉयस कूलन डी विलियर्स को फोर्ट के सामने आत्मसमर्पण किया
- **2013 :** मिस्र के सेना प्रमुख जनरल अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने मिस्र के राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी को सत्ता से हटाने के लिए गठबंधन का नेतृत्व किया और मिस्र के संविधान को निलंबित कर दिया।

## न्यूज बाइट्स

### मानसून आते ही छाया डेंगू का खतरा

**नई दिल्ली (ए.) ।** मानसून आते ही चिलचिलाती धूप और गर्मी से राहत मिलती है, लेकिन बारिश के मौसम में हवा में नमी बढ़ने और गड्ढों में पानी जमा होने की वजह से वायरस, बैक्टीरिया और मच्छर पनपने लगते हैं। इससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बारिश के दिनों में मच्छरों के काटने से सबसे ज्यादा डेंगू के मामले सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दुनिया भर में हर साल 10-40 करोड़ लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं। डेंगू से पीड़ित अधिकांश लोगों में हल्के या कोई लक्षण नहीं दिखते और वे 1-2 हफ्ते में ठीक हो जाते हैं, लेकिन कभी-कभी डेंगू की वजह से स्थिति गंभीर हो सकती है। कई बार डेंगू वायरस जानलेवा भी साबित हो सकता है।

### तीन नए सदस्यों ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली (ए.) ।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को तीन नए सदस्यों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। श्री धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी पी सुनीर, कांग्रेस के जोस के. मणि और आईयूएमएल के हारिस बीरन को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। इसके बाद सभापति ने दो सदस्यों मदन राठौड़ और बीढा मस्तान राव यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और सदन के पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखवायें।

### माध्यमिक शिक्षा के निदेशक बने वैद्यनाथ

**पटना (नि.सं.) ।** शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव को माध्यमिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जबकि अपर सचिव सह राज्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण शोध संस्थान के निदेशक सज्जन आर. को बिहार राज्य पाठ्यपुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ये दोनों पद सन्नी सिन्हा को उनके पैतृक विभाग रेलवे बोर्ड में योगदान के लिए विरमित करने के बाद रिक्त थे। मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई।

### राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज

**मुजफ्फरपुर (नि.सं.) ।** मुजफ्फरपुर की कोर्ट में कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। सोमवार 1 जुलाई को संसद में सदन सत्र के दौरान राहुल गांधी ने हिंदुओं को लेकर टिप्पणी की थी। इससे आहत होकर हिंदूवादी नेता देवांशु किशोर ने मुकदमा दर्ज करवाया है। कोर्ट ने मामले को स्वीकार कर सुनवाई की तारीख 15 जुलाई 2024 को रखी है।

**उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से हुआ भयानक हादसा, 20 हजार से अधिक लोग थे शामिल**

# सत्संग के दौरान भगदड़, 100 से अधिक मौतें

**» मरने वालों में अधिकतर महिलाएं, मुख्यमंत्री योगी ने किया मुआवजे का एलान » हादसे पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री ने जताया दुख**

एजेंसी | हाथरस (उत्तर प्रदेश)

उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से एक भयानक हादसा हुआ। इस हादसे में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हादसे के बाद का दृश्य बेहद भयावह था, जहां अस्पताल के बाहर जमीन पर लाशें बिखरी पड़ी थीं। शवों और घायलों को टैंपो में लादकर अस्पताल ले जाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) उमेश त्रिपाठी के अनुसार, हाथरस से 27 शव एटा लाए गए हैं, जिनमें 25 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। बाकी शव सीएचसी सिंकदराराऊ में हैं। शवों के पंचनामा की प्रक्रिया चल रही है, जिसके बाद पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। इस सत्संग में 20 हजार से अधिक लोग उपस्थित थे। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के बाद स्थिति बेहद नाजुक हो गई है। हादसे के बाद एक साथ इतने घायल पहुंचे कि सरकारी अस्पतालों की क्षमता पूरी तरह से भर गई है। सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) के बाहर कुछ लोग तड़पते हुए नजर आए, क्योंकि अस्पतालों में उन्हें तुरंत उपचार नहीं मिल पा रहा था। हाथरस प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए तुरंत प्राइवेट अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है। सभी प्राइवेट अस्पतालों को बेड रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि घायलों को समय पर उपचार मिल सके। अब घायलों को प्राइवेट अस्पतालों में ले जाया जा रहा है, जिससे सरकारी अस्पतालों पर भार कम हो सके।मौके पर हालात पूरी तरह से बेकाबू हैं। हर कोई भीड़ और लाशों के बीच अपने परिजनों को तलाशने में व्यस्त है। लोगों के चेहरों पर चिंता और भय स्पष्ट दिखाई दे रहा है।



### हादसे का स्थान और कारण

यह हादसा फुलरई गांव में हुआ। घटना के बाद, घायलों और मृतकों को जैसे-तैसे बस और टैंपों में लादकर अस्पताल पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव मनोज सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार को घटनास्थल पर रवाना कर दिया है। हादसे की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम गठित की गई है।

### भगदड़ का कारण

सत्संग समाप्त हो चुका था और लोग एक साथ बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। हॉल छोटा था और गेट भी पतला, जिससे भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे, जिसमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इस भगदड़ के कारण 150 से अधिक लोग घायल हो गए।

### सीएम योगी ने जताया दुख, मुआवजे का एलान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ की घटना पर गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी घायलों को उचित और समय पर चिकित्सा सहायता मिले। सीएम योगी ने संबंधित अधिकारियों को हर संभव मदद देने और दुर्घटना की व्यापक जांच कराने के आदेश भी दिए हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि सभी घायलों का उचित उपचार सुनिश्चित किया जाए। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अस्पतालों में आवश्यक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा है। हाथरस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने भीड़ नियंत्रण और राहत कार्यों के लिए तत्परता से काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद, राहत कार्यों में तेजी आई है और अधिकारियों ने घायलों और उनके परिवारों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। वहीं मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री स्वयं पल-पल के घटनाक्रम पर सीधी नजर रख रहे हैं।

### भोले बाबा की पृष्ठभूमि

भोले बाबा, जिनका असली नाम नारायण साकार हरि है, एक प्रसिद्ध सत्संगकर्ता हैं। वह एटा जिले की पटियाली तहसील के गांव बहादुर के रहने वाले हैं। उन्होंने 26 साल पहले सरकारी नौकरी छोड़कर प्रवचन शुरू किया था। उनका दावा है कि वे गुप्तचर ब्यूरो में नौकरी करते थे। उनके अनुयायी पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तराखंड में बड़ी संख्या में हैं।यह हादसा एक दुखद और गंभीर घटना है, जिसने कई परिवारों को गहरा सदमा दिया है। सरकार और प्रशासन को इस मामले की गहन जांच कर, दोषियों को कड़ी सजा दिलानी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। इस समय घायलों का उचित उपचार और मृतकों के परिवारों को सहायता प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री ने जताया दुख

हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह एवं राजनाथ ने दुख जताया है। राष्ट्रपति ने दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में हुई दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं अपने परिवारजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। ईश्वर उन्हें यह कष्ट सहने की शक्ति दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया और हादसे के बारे में पूरी जानकारी ली।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में बताया विकसित भारत का मतलब, कहा**

# तीसरे टर्म में तीन गुणा स्पीड से होगा काम

**»» देश ने लंबे समय तक तुष्टिकरण की राजनीति देखी »» भ्रष्टाचार को लेकर हमारी जीरो टॉलरेंस नीति**

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दे रहे हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने संसद की गरिमा को बढ़ाया है। राष्ट्रपति ने हमारा मार्गदर्शन किया। हमने विकसित संकल्प भारत को दोहराया। पीएम मोदी ने आगे कहा कि विपक्ष द्वारा लगातार झूठ बोलने के बावजूद वो चुनाव में हार गए। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि विश्व के सबसे बड़े चुनाव अभियान में देश की जनता ने हमें तीसरी बार देश की सेवा करने का मौका दिया है। ये अपने आप में लोकतांत्रिक विश्व के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण घटना है।

### पीएम नरेन्द्र मोदी बताया कैसा होगा तीसरा टर्म

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने हमें तीसरी बार भी चुन कर भेजा है। तीसरे टर्म में तीन गुणा स्पीड से काम होगा। यह विकसित भारत का संकल्प है। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले वो भी एक वक्त था जब आतंकवादी हमारे देश पर हमला करता था। लेकिन आज का हिंदुस्तान बदल गया है। आज का हिंदुस्तान घर में घुसकर दुश्मनों पर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक करता है। आज देश का एक-एक नागरिक जनता है कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए कुछ भी कर सकता है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं कि लगातार झूठ चलाने के बाद भी उन्हें घोर पराजय का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री ने जैसी ही अपने संबोधन की शुरुआत की वैसी ही विपक्षी नेताओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। विपक्ष के हंगामों के बीच पीएम मोदी ने कहा कि जनता ने हमारी 10 साल की सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा है। हमने जनसेवा ही ईश्वर सेवा को मंत्र बनाकर काम किया। देश ने भ्रष्टाचार को लेकर हमारी जो जीरो टॉलरेंस नीति है, उसके लिए आशीर्वाद दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज विश्व में भारत का गौरव हो रहा है। दुनिया में साख बढ़ी है। भारत को देखने का गौरवपूर्ण नजरिया भी हर भारतवासी अनुभव कर रहा है। हमारा एकमात्र लक्ष्य नेशन फर्स्ट है। भारत सर्वप्रथम है। हमारी हर नीति, हर निर्णय, हर कार्य का एक ही तराजू रहा है- भारत प्रथम। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत प्रथम की भावना के साथ जो जरूरी रिफॉर्म थे, उनको भी लगातार जारी रखा है। 10 साल में हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को लेकर के सबका कल्याण करने का प्रयास करती रही है। पीएम मोदी ने कहा कि इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी और तुष्टिकरण की गवर्नेंस का मॉडल भी देखा। देश ने पहली बार सेक्यूलरिज्म का एक पूरा, हमने तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण के विचार को लेकर चले हैं। जब हम संतुष्टिकरण की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि आखिरी व्यक्ति तक लाभ पहुंचे।



### विकसित भारत का मतलब- नागरिकों को अनेक अवसर

गांव के जीवन में गरिमा भी होती है, विकास के नए अवसर भी होते हैं। दुनिया की विकास यात्रा में भारत के शर भी बराबरी करेंगे, ये हमारा सपना है। विकसित भारत का मतलब होता है कोटि-कोटि नागरिकों को अनेक अवसर उपलब्ध होते हैं और वो अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दे सकता है। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि विकसित भारत के जिस संकल्प को लेकर हम चले हैं, उसकी पूर्ति के लिए हम भरसक प्रयास करेंगे, पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे. हमारे समय का पल-पल, शरीर का कण-कण विकसित भारत के सपने को साकार करने में लगाएंगे। हम उस काम को अवश्य पूरा करेंगे।

# आरएलएम प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा जाएंगे राज्यसभा

निज संवाददाता | पटना



राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा राज्यसभा जाएंगे। एनडीए की ओर से आधिकारिक रूप से उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजने का ऐलान कर दिया गया है। आधिकारिक घोषणा होने के बाद कुशवाहा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत एनडीए के तमाम घटक दलों के नेताओं का धन्यवाद किया है। कुशवाहा ने मंगलवार को एक्स मीडिया पर लिखा कि राज्यसभा की सदस्यता के लिए एनडीए की ओर से मेरी उम्मीदवारी की घोषणा के लिए बिहार की आम जनता एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा सहित एनडीए के सभी घटक दलों के कर्मठ कार्यकर्ताओं, जिन्होंने विपरित परिस्थिति में भी मेरे प्रति अपना उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, अमित शाह, जे पी नड्डा साहब, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, सम्राट चौधरी सहित एनडीए के अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार जताया है। लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए के घटक दल के उम्मीदवार के रूप में उपेंद्र कुशवाहा ने काराकाट से चुनाव लड़ा था, लेकिन चुनाव त्रिकोणीय हुआ। इस वजह से उपेंद्र कुशवाहा की इस सीट से हार हो गई। इस सीट पर मुकाबला भाकपा माले के राजाराम सिंह बनाम उपेंद्र कुशवाहा के बीच था, लेकिन यहां से भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह भी मैदान में उतर गए।

वोटों के बंटवारे की वजह से तमाम कोशिशों के बाद कुशवाहा यहां से जीत नहीं पाए। चुनाव परिणाम आने के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने मीडिया के सामने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कहा था कि वह चुनाव हारे हैं या हरवाए गए हैं, यह सबको पता है।

## उप त्वचीय प्रत्यारोपण के लिए 46 चिकित्सक हुए प्रशिक्षित

**पटना(नि.सं.)।** राज्य में पटना और भागलपुर जिले में महिलाओं के लिए नवीन अस्थायी गर्भनिरोधक के रूप में सब डरमल इम्प्लांट (उप त्वचीय प्रत्यारोपण) उपलब्ध कराया गया है। देश के 10 राज्यों में इसकी सुविधा लाभार्थियों को उपलब्ध करायी जा रही है। राज्य में सब डरमल इम्प्लांट के लिए पटना और भागलपुर के चयनित संस्थानों के 46 चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया गया है। इसमें पीएमसीएच के 15, गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल के 4, जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज भागलपुर के 21 एवं जिला अस्पताल, भागलपुर के 6 चिकित्सक शामिल हैं। पीएमसीएच के 2 चिकित्सक डॉ. रानू सिंह एवं डॉ. मीनू शरण को सब डरमल इम्प्लांट के लिए नेशनल मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। जानकारी के अनुसार, अभी तक राज्य की करीब 1450 महिलाओं ने अपने परिवार को सीमित करने के लिए सब डरमल इम्प्लांट का चुनाव किया है। इसमें पटना में 936 और भागलपुर में 517 महिलाओं ने इम्प्लांट पर अपना भरोसा जताया है। पीएमसीएच के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की चिकित्सक व मास्टर ट्रेनर डॉ. रानू सिंह ने बताया कि कोई महिला बीच में ही गर्भधारण करना चाहती है तो वह इसे निकालने के कुछ दिनों में ही गर्भधारण के लिए तैयार हो जाती है।

# आचार संहिता उल्लंघन मामले में लालू प्रसाद और राबड़ी को कोर्ट से राहत

निज संवाददाता | पटना

पटना हाईकोर्ट ने आचार संहिता उल्लंघन मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने 2010 विधानसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन को लेकर पटना एयरपोर्ट थाने में दर्ज प्राथमिकी 190/2010 में लिये गये संज्ञान आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति संदीप कुमार की एकलपीठ ने राबड़ी देवी व लालू प्रसाद की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद यह फैसला दिया।



वर्ष 2010 विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्र तक गाड़ी से जाने को लेकर लालू यादव और राबड़ी देवी के खिलाफ एक प्राथमिकी एयरपोर्ट थाना में दर्ज की गई थी।

# बिहार में आरक्षण बढ़ाने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, पटना हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक

निज संवाददाता | पटना

बिहार में आरक्षण बढ़ाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। बिहार सरकार ने पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। बता दें कि हाईकोर्ट ने आरक्षण सीमा बढ़ाने के फैसले को 20 जून को खारिज कर दिया था। राज्य सरकार ने शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में एसी-एसटी, ओबीसी, ईबीसी को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि रिजर्वेशन इन कैटेगरी की आबादी की बजाय इनके सामाजिक और शिक्षा में पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए। बिहार सरकार का फैसला संविधान के अनुच्छेद 16(1) और अनुच्छेद 15(1) का उल्लंघन बताया था। अनुच्छेद 16(1) राज्य के तहत किसी भी कार्यालय में रोजगार या नियुक्ति से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए समानता का अवसर प्रदान करता है। अनुच्छेद 15(1) किसी भी प्रकार के भेदभाव पर रोक लगाता है।

**पर्व-त्योहार को ध्यान में रखकर दी जाएगी छुट्टी**

# एसीएस ने स्कूल कैलेंडर के लिए बनाई नई कमेटी, शिक्षा सचिव होंगे अध्यक्ष

निज संवाददाता | पटना

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ बैक टू बैक फैसले लिए जा रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने तीन फैसले लिए। आईएएस के के पाठक ने स्कूल में छुट्टी की कटौती कर बिहार सरकार की काफी किरकिरी कराई थी। अब एसीएस डॉ. सिद्धार्थ ने इसके लिए एक नया रास्ता अपनाया है। शिक्षा विभाग में स्कूल कैलेंडर के लिए नई कमेटी बनाई है। स्कूल कैलेंडर 2024-25 के लिए यह कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी अवकाश तालिका का निर्माण करेगी। बिहार के पर्व-त्योहार खासकर महिलाओं को ध्यान में रखकर कैलेंडर 2024-25 बनाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कार्यालय आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि शिक्षा विभाग के सचिव कमेटी के अध्यक्ष होंगे। तीन सदस्यीय टीम में शिक्षा परियोजना निदेशक, प्राथमिक शिक्षा निदेशक और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सदस्य बनाए गए हैं। यह समिति 15 दिनों के अंदर कैलेंडर 2024-25 तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंपेंगे। कैलेंडर 2024-25 पर शिक्षा मंत्री मुहर लगाएंगे।

**भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अजगैबीनाथ धाम से लाखों कांवर यात्री गंगाजल लेकर बाबा धाम देवघर जाएंगे**

# 22 जुलाई से श्रावणी मेला, मुख्य सचिव ने पांच जुलाई को बुलाई मीटिंग

निज संवाददाता | पटना

श्रावणी मेले की शुरुआत 22 जुलाई से होने वाली है। बिहार के भागलपुर जिले में स्थित सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में अब तक कांवरियों के लिए गंगा घाट तैयार करने का काम शुरू नहीं हो पाया है। यहां गंगा नदी के घाट खतरनाक बन गए हैं और बैरिकेडिंग भी टूट गई है। श्रावणी मेला शुरू होने से 10 दिन पहले ही कांवरियों का सुल्तानगंज पहुंचना शुरू हो जाएगा। ऐसे में प्रशासन के पास तैयारी में बहुत कम समय बचा है। बिहार के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा की अध्यक्षता में 5 जुलाई को श्रावणी मेले की तैयारी को लेकर अहम बैठक भी होने वाली है। बता दें कि लाखों की संख्या में कांवरिये अजगैबीनाथ धाम से गंगा जल लेकर झारखंड के देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ धाम तक जाते हैं। सुल्तानगंज में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को यहां गंगा का जलस्तर 26.77 मीटर था, जो सोमवार सुबह बढ़कर 26.91 मीटर हो गया। जलस्तर बढ़ने के कारण अजगैबीनाथ मंदिर घाट, सीढ़ी घाट खतरनाक बनते जा रहे हैं। गंगा किनारे मिट्टी धंस रही है। नगर परिषद द्वारा श्रद्धालुओं के लिए लगवाए गए बांस बैरिकेड ध्वस्त हो चुके हैं।



श्रावणी मेला भले ही 22 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है। मगर काफी संख्या में कांवरियों का यहां आना मेला उद्घाटन के पहले ही शुरू हो जाता है। यहां गंगा घाट श्रावणी मेला में बाढ़ प्रमंडल भागलपुर द्वारा बनाया जाता है। जो अब तक शुरू नहीं किया है। बैरिकेडिंग के पूर्व घाट समतलीकरण करने में भी समय लगता है। अब तक समतलीकरण का भी कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। अजगैबीनाथ गंगा घाट पर पंडित गोपाल मिश्र ने बताया कि बंगला सावन 16 जुलाई से प्रारंभ होने के कारण बंगाल से आने वाले कांवरिया इससे पहले ही आने लगेंगे। प्रशासन द्वारा लगाए गए बांस बैरिकेडिंग भी ध्वस्त हो गए हैं। नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। अब तक घाट निर्माण कार्य संबंधित विभाग द्वारा प्रारंभ नहीं किया गया है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल भागलपुर के जेई पितांबर चौधरी ने बताया कि मंगलवार से कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। काम कराने के दौरान जहां-जहां अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता होगी, उसे सीओ से संपर्क कर हटवाया जाएगा।

# केन्द्र सरकार ने जीएसटी का डेटा रिलीज करना किया बंद

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने जीएसटी का डेटा रिलीज करना बंद कर दिया है। जीएसटी लागू होने के बाद सरकार हर महीने की पहली तारीख को इसका डेटा जारी करती थी। 74 महीने से ऐसा किया जा रहा था। केंद्र की ओर से मासिक डेटा जारी करना बंद करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। सरकार ने 1 जुलाई 2017 को देशभर में जीएसटी लागू किया था। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकारों के 17 करों और 13 उपकरों को हटा दिया गया था। जीएसटी के 7 साल पूरे होने पर वित्त मंत्रालय ने पिछले सात वर्षों के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों को लेकर पोस्ट किया। सरकार ने जून महीने का जीएसटी कलेक्शन का डेटा जारी नहीं किया है, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्टों में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जून में जीएसटी संग्रह 1.74 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष के जून की तुलना में लगभग 8% ज्यादा है। पिछले साल जून में सरकार ने जीएसटी से 1.61 लाख करोड़ रुपए जीएसटी से जुटाए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अतरी थाना क्षेत्र में महिला का सिर काट शव बरामद

**मोहड़ा**। मोहड़ा अतरी थाना क्षेत्र के टेटूआ-जेठियन मुख्य मार्ग पर ऐर और पुरैनी गांव के बधार में मुख्य सड़क से सटे एक आहर के पास एक महिला का सर कटा शव बरामद किया गया है। घटना सोमवार की सुबह ग्रामीणों को पता चली। इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। शुरू में घटना स्थल गहलौर थाना क्षेत्र में होने की सूचना मिली। लेकिन, गहलौर थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंच कर स्थल कर मुआयना कर वापस लौट गए और घटना स्थल को अतरी थाना क्षेत्र में बता दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची अतरी पुलिस ने मामले की छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए गया भेजा। डीएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि महिला का सर कटा हुआ है। महिला पीले रंग की साड़ी और पीले रंग के ब्लाउज में थी। शव की पहचान नहीं हो पाई है। भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज होने वाला यह नीमचक बथानी अनुमंडल इलाके का पहला मामला है। उन्होंने बताया कि पहले डॉग स्क्वायड बुलाकर घटना स्थल की जांच कराई गई। साथ ही एफएसएल की टीम ने भी घटना स्थल से नमूना इक्कठा किया है। शव की पहचान के लिए आसपास के थानों में शव की तस्वीर भेजी गई है। साथ ही पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया की जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वजीरगंज से लूटी गई बाइक बरामद

**वजीरगंज**। बीते बुधवार की रात को भिंडस-चनंडीह रोड में लूटी गई बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार को इस मामले में शामिल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई थी, जिसके निशानदेही पर बाइक तथा उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही थी। रविवार को पुलिस ने बाइक का लोकेशन पता कर लिया तथा छापेमारी के दरम्यान शातिर ने बाइक को टेटुआ में सड़क किनारे लगा दिया और फरार हो गया, जहां से बाइक बरामद कर ली गई है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तार के लिये छापेमारी जारी है।

### फर्जीवाड़े मामले में फरार आरोपी के सत्यापन के लिए मुफस्सिल पहुंची यूपी पुलिस की टीम

**मानपुर**। मुफस्सिल थाना अंतर्गत जगदीशपुर में उत्तर प्रदेश के भदोई पुलिस को पहुंचने से हड़कंप मच गया।गांव में चर्चा का बाजार गर्म हो गया।बताया जाता है कि भदोई थाना के नौकरी और मेडिकल कॉलेज में नामांकन के लिए करोड़ों रुपए ठगी करने का मामला दर्ज कराया गया है।जिसके बाद आरोपी का सत्यापन के लिए पुलिस मुफस्सिल थाना पहुंची और सहयोग की मांग की।जिसके बाद थाना में पदस्थापित एस आई रंजीत कुमार के नेतृत्व में भदोई पुलिस ने जांच की।

### ढाढर नदी पर बहा डायवर्जन बना, वाहनों की आवाजाही हो गई शुरू

**फतेहपुर**। गया-रजौली स्टेट हाइवे-70 मुख्य सड़क में स्थित ढुब्बा गांव के पास ढाढर नदी में आई बाढ़ में बह गया डायवर्सन रविवार को देर शाम बना दिया गया। डायवर्सन बन जाने के बाद इस सड़क पर वाहनों का आवाजाही शुरू हो गया है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के ढुब्बा गांव के पास गया-रजौली स्टेट हाइवे 70 मुख्य सड़क में स्थित ढाढर नदी पर बने पुल जर्जर हो गया था। इसका पांच साल पूर्व नए सिरे से निर्माण शुरू किया गया है। पुल निर्माण को लेकर पूर्व से बने पुल को तोड़ दिया गया है। सड़क में वाहनों के आवाजाही के लिए नदी में डायवर्शन बनाया गया था। इससे ही होकर वाहनों का आवाजाही हो रहा था। शनिवार को हुई बारिश के बाद नदी में आई बाढ़ के तेज धार में डायवर्सन टूटकर बह गया। डायवर्सन बह जाने के बाद गया-रजौली स्टेट हाईवे-70 मुख्य सड़क पर सभी छोटी बड़ी वाहनों का आवाजाही बाधित हो गया। पुल निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार ने टूट गए डायवर्सन को जेसीबी से बोल्डर-मिट्टी डालकर मरम्मत किया। इसके बाद उस डायवर्सन से होकर वाहनों का आवाजाही शुरू हुआ।

### शिक्षकों को ई शिक्षा कोष पर दर्ज करनी होगी उपस्थित

**कतरीसराय**। प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य, एवं उच्च विद्यालय के प्रभारी व प्रधानाध्यापकों की बैठक सोमवार को हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अब्दुल मन्नान ने कहा कि विभागीय आदेशानुसार विद्यालय में सभी शिक्षकों को ई शिक्षा कोष पर अपनी आगमन तथा प्रस्थान की ऑनलाइन उपस्थित दर्ज करनी होगी। बच्चों को भी ई शिक्षा कोष पर आधार कार्ड के साथ एंट्री करवा देना है। साथ ही विद्यालय में पाठ टीका आगत निर्गत पंजी, कैश बुक, रोकड़ बही तथा विद्यालय का अन्य अभिलेख को अपडेट करना है। ऐसा नहीं करने वाले प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर वेतन पर रोक लग लगा दी जायेगी। बैठक में बीपीएम मृत्युंजय कुमार, लेखपाल राजन कुमार, एमडीएम प्रभारी विजेंद्र कुमार, बीआरपी चन्द्र प्रकाश रवि, अजय प्रसाद, रोमा कुमारी, अजय कुमार, धीरज कुमार, राम बाबू आदि शामिल थे।

### ऑटो और मारुति वैन की सीधी टक्कर में दो जख्मी

**परवलपुर**। थाना क्षेत्र के बड़ी मठ के समीप सोमवार को ऑटो एवं मारुति वैन की सीधी टक्कर में ऑटो पर सवार शिक्षक और शिक्षिका घायल हो गये। जख्मी शिक्षक अमरेंद्र कुमार सिंह को स्थानीय लोगों के सहयोग से स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर श्रीकांत कुमार ने बताया कि जख्मी दोनों शिक्षक एकंगरसराय थाना क्षेत्र के डीएन हाई स्कूल रसलपुर में पदस्थापित हैं। छुट्टी के बाद ऑटो से बिहारशरीफ जा रहे थे। इस बीच बड़ी मठ के समीप बिहारशरीफ की ओर से तेज गति से आ रही मारुति वैन से सीधी टक्कर हो गयी। जख्मी शिक्षिका सोनम कुमारी का इलाज परवलपुर में चल रहा है।

### डीएम की बैठक में पहुंचे विधायक बेहोश होकर गिरे, कलेक्टेट में विभागों की समीक्षात्मक बैठक होनी थी

**नालंदा**। नालंदा के हरनौत विधानसभा से विधायक हरिनारायण सिंह कि तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से पटना रेफर कर दिया गया है। दरअसल जिलाधिकारी की ओर से सभी विभागों की समीक्षात्मक बैठक कलेक्टेट में आयोजित की गई थी। बैठक में शामिल होने के लिए हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह पहुंचे थे। हॉल में पहुंचते ही हरिनारायण सिंह लड़खड़ा कर गिर पड़े। एमएलसी प्रतिनिधि अखलाक अहमद ने बताया कि सभी विभागों की आज समीक्षात्मक बैठक थी। इसी समीक्षात्मक बैठक में शामिल होने के लिए आए थे। तबीयत बिगड़ने के बाद बैठक को रद्द कर दिया गया। जदयू कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचकर अपने विधायक का हालचाल जानने के लिए जुट गए। जबकि नालंदा सिविल सर्जन, जिलाधिकारी समेत तमाम आलाधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि चक्कर आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फ

### गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में आईबीएम के सहयोग से डाटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स की शुरुआत

**जमुहार**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित सूचना प्रौद्योगिकी एवं अभियंत्रण विभाग द्वारा आईबीएम के सहयोग से सत्र 2024 से एक नई विधा की शुरुआत की जा रही है। इस संयुक्त पहल के तहत 3 वर्षीय डाटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स शुरू होने जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर कदम से कदम मिलाने का अवसर प्राप्त होगा तथा विश्वविद्यालय के छात्रों को एक नई दिशा मिलेगी। संकाय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस कोर्स को इस प्रकार तैयार किया गया है कि इसमें छात्र विषय से संबंधित दक्षता प्राप्त करेंगे। आईबीएम के विशेषज्ञ शिक्षकों के सानिध्य में उन्हें विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण एवं गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जो संस्थान की दक्षता को विकसित करेगा। गौरतलब है कि गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय हमेशा से ही छात्रों को विशेष प्रकार के अवसर प्रदान करता रहा है, जिससे उनकी शैक्षिक समस्याओं का समाधान होता है और उनकी दक्षता में लगातार वृद्धि होती रहती है। इस नए कोर्स के आने से और संयुक्त वेंचर में काम करने से यहां के स्नातक तकनीकी क्षेत्र में काफी आगे बढ़ सकेंगे और वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

# युवक की हत्या मामले में आक्रोशितों ने किया प्रदर्शन

## गया में मोबाइल दुकानदार को फोन कर बुलाया, गोली मारकर फरार आरोपी

निज संवाददाता। गया



गया में सोमवार की रात मगध यूनिवर्सिटी थाना क्षेत्र के खजवती बाजार नागेश्वर मोड़ के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों का कहना है कि किसी ने छोटू उर्फ शशिकांत(24) को फोन कर बुलाया। फिर उसे गोली मारकर फरार हो गए। एक गोली उसकी छाती और दूसरी गोली हाथ में लगी थी। इस वारदात से गुस्साए लोगों ने मंगलवार दोपहर गया-बोधगया सड़क जाम कर बारिश के बीच जोरदार प्रदर्शन किया। मारा गया युवक बोधगया में मोबाइल दुकान चलाता था। घटना देर रात की बताई जा रही है। हत्या किसने और क्यों कि यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। MU थाना पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि, अब तक किसी प्रकार की कोई सफलता पुलिस को नहीं मिली है। वहीं, शव का गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। मृतक के बड़े भाई आकाश राज ने बताया कि सोमवार रात 10 बजे के करीब छोटू अपनी दुकान बंद कर रहा था। इसी बीच किसी का उसके मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने उसे बोधगया में बुलाया। वह खजवती मोड़ के पास से बोधगया के लिए निकला था। लेकिन देर रात किसी ने सूचना दी कि छोटू, नागेश्वर मोड़ के पास गिरा पड़ा है। उसे गोली लगी है। मौके पर जाकर देखा तो छोटू खून से लथपथ और अचेत पड़ा हुआ था। उसे आनन-फानन में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बात से गुस्साए लोगों ने मंगलवार को खजवती के पास टायर जला कर पुरजोर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हत्या करने वाले कि गिरफ्तारी और पीड़ित को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। किसी तरह से पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत किया। प्रदर्शन कर व्यवसायियों का कहना है कि जब तक अपराधी नहीं पकड़े जाते हैं। व्यवसायी अपनी दुकानें बंद रखेंगे। इधर, बोधगया DSP कुमार सौरभ ने कहा कि पुलिस की विशेष टीम लगाई गई है। FSL की टीम ने घटनास्थल की जांच की है। कुछ इनपुट भी मिले हैं। शीघ्र ही अपराधी गिरफ्त में होंगे। हत्या की वजह पूछे जाने के सवाल पर कहा कि यह तो अपराधियों के पकड़े जाने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# घर का दरवाजा खोलते ही लगा करंट, महिला की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



♦ गोद में 3 माह की बेटी बाल-बाल बची, स्मार्ट मीटर का तार लोहे के गेट से सटा था

नालन्दा के हिलसा थाना क्षेत्र के मिंया विगहा कृष्णापुर गांव में करंट से सोमवार को एक महिला की मौत हो गई। जबकि गोद में तीन माह की नवजात बच्ची बाल-बाल बच गई। मृतका की पहचान मुकेश कुमार की (19) वर्षीया पत्नी वर्षा कुमारी उर्फ गुड़िया कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतका के परिजन ने बताया कि घर के मुख्य दरवाजे के बगल में स्मार्ट मीटर लगा हुआ है। मीटर के पास बिजली का तार लोहे के दरवाजे के संपर्क में आ गया था। जब गुड़िया कुमारी ने दरवाजे को खोला तो करंट लग गया। उनकी तीन माह की बेटी गोद से छिटक कर दूर जा गिरी। महिला वहीं अचेत होकर गिर पड़ी। बच्ची के रोने की आवाज सुन आसपास के लोग जुटे महिला को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, नवजात बच्ची बिल्कुल स्वस्थ है।

**मुख्य पार्षद ने आर्थिक मदद की**: गुड़िया के पति अन्य प्रदेश में रहकर मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर परिषद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिवार को ढांढस बंधाते हुए तत्काल आर्थिक सहयोग किया और राज्य सरकार की तरफ से मिलने वाली मदद का भरोसा दिलाया। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि करंट से महिला की मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा दिया। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नालंदा में इनामी कुख्यात के नाम पर वसूली का मामला

# 2 बदमाश कट्टा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र के सिलाव और भुई बाजार में कुख्यात अपराधी नीतीश यादव उर्फ नेता यादव के नाम पर व्यवसायियों और जमीन कारोबारियों से रंगदारी वसुलने वाले गिरोह का पर्दाफास करते हुए दो बदमाशों को सिलाव पुलिस ने अवैध हथियार-कारतूस के साथ गिरफ्तार की है। वहीं गिरफ्तार हुए अपराधियों के पास से रंगदारी में बसूल किए गए 70 हजार नगद और एक देशी कट्टा, दो कारतूस और रंगदारी मांगने में प्रयोग किए गए तीन मोबाइल को भी बरामद किया गया है।

**क्या बोले DSP**: सोमवार को सिलाव थाना में राजगीर डीएसपी प्रदीप कुमार ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि विगत कुछ दिनों से सिलाव थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गिरोह के सदस्यों द्वारा लगातार व्यपारियों एवं जभीन के खरीद ब्रिकी करने वाले लोगो को डरा-धमकाकर रंगदारी वसुलने की बात पुलिस की संज्ञान में आई थी। रंगदारी मांगने वाला गिरोह, फरार चल रहे एक लाख का इनामी अपराधी नीतीश कुमार उर्फ नेता यादव का नाम लेकर व्यवसायियों से रंगदारी की माँग कर रहा था और बसूली भी कर रहा था।

**SIT का हुआ था गठन**: मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में एक SIT का गठन किया गया, जिसमे मेरे अलावे पुलिस निरीक्षक राजगीर संजय कुमार,पुलिस निरीक्षक-सह-थानाध्यक्ष, राजगीर चंद्र भानु, पुलिस निरीक्षक अलोक कुमार सिंह,डी०आई०यू टीम नालन्दा, थाना अध्यक्ष सिलाव इरफान खान,थाना अध्यक्ष वेन विकेश कुमार,. थाना अध्यक्ष छविलापुर मुरली मनोहर आजाद एवं सशस्त्र बल शामिल थे। गठित टीम के द्वारा त्वरित अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

# पहाड़पुर रेल फाटक आज 9 घंटे के लिए होगा बंद

## सुबह 9 बजे से नो एंट्री, रेलवे ने शांति व्यवस्था के लिए जिला पुलिस से मांगे फोर्स

निज संवाददाता। गया



गया में आज सुबह 9 बजे से 6 बजे तक पहाड़पुर रेल फाटक बंद रहेगा। रेलवे ने शांति व्यवस्था के लिए जिला पुलिस से फोर्स मांगे हैं। गया कोडरमा रेल सेक्शन के पहाड़पुर और गुरपा स्टेशन पर रेल ट्रैक में पर विशेष कार्य किए जाएंगे। इसके तहत डीप स्क्रिनिकग और पैकिंग का काम किया जाएगा। इस दौरान पहाड़पुर रॉल फाटक बंद रहेगा। रेल फाटक करीब 9 घण्टे बन्द रहेगा। लम्बे समय तक फाटक को बंद रखे जाने फैसले को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने जिला पुलिस से फोर्स की मांग की है। उसे आशंका है कि लम्बे समय तक फाटक बंद रखे जाने की वजह से मौके पर हंगामा की स्थित कभी भी बन सकती है। ऐसे में न केवल जिला पुलिस बल्कि आरपीएफ के जवान भी फाटक पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और काम को सुचारू रूप चलने देने में मदद करेंगे। यह काम मंगलवार से लेकर बुधवार तक चलेगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए धन्यवाद रेल मंडल केवरिया मंडल अधिकारियों के नेतृत्व में करीब 150 से अधिक कर्मचारी जुटेंगे। आशंका जताई गई है कि रेल ट्रैक के पॉइंट से जुड़े काम के दौरान ट्रेनों का परिचालन लेट भी हो सकता है। यही नहीं रेल ट्रैक का डीप स्क्रीनिंग और पैकिंग कार्य को देखते हुए किसी भी वक्त काम के दौरान मेगा ब्लॉक भी निर्णय लिया जा सकता है। बताया गया है कि कॉशन पर ट्रेनों का परिचालन कराया जाएगा। बड़े स्तर पर किए जा रहे जरूरी काम को देखते हुए मौके पर मौजूद कर्मचारियों के लिए पहाड़पुर स्टेशन के निकट कार्य स्थल पर अस्थाई टेंट व मेस की व्यवस्था की गई है।

**रेल क्रॉसिंग पर पुलिस बल की होगी तैनाती**: रेल ट्रैक पर डीप स्क्रीनिंग और पैकिंग का कार्य मंगलवार की सुबह से शुरू होगा। कार्य को लेकर पहाड़पुर स्टेशन के रेल क्रॉसिंग सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक करीब 9 घंटे तक बंद रहेगा। इस रेल क्रॉसिंग से बड़े और छोटे वाहनों का परिचालन होता है। बंद रहने से हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इससे निपटने के लिए पुलिस बल्कि तैनाती बढ़ाने की मांग की गई है। पूर्व मध्य रेलवे पहाड़पुर स्टेशन के वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ ने फतेहपुर थाने को पत्र लिख कर पुलिस बल्कि तैनाती बढ़ाने की मांग की है।

# बेटे से हुआ विवाद, तो मां की हत्या, गया में सर्जिकल ब्लेड से रेत दिया था गला, दो गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



♦ वारदात के समय घर मे अकेली थी महिला

गया में बीती 29 जून को दिनदहाड़े घर में घुस कर महिला की हत्या करने वाले दो आरोपी को कोतवाली पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। पकड़े गए दो में से एक अंजर ने सर्जिकल ब्लेड से महिला मंजू देवी का एक झटके में गला रेत दिया था। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के नई गोदाम स्थित पुलिस अड्डा के सामने वाली शंकर सोनार गली में हुई थी। वारदात के समय घर में महिला अकेली ही थी। महिला की बेटी स्कूल में पढ़ाने, बेटा और पति दुकान पर थे। पकड़ा गया अंजर का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह हत्या कांड में जेल जा चुका है।

**क्या बोले SSP**: एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि इस हत्या कांड के खुलासा के लिए एसपी सिटी के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई थी। मारी गई महिला मंजू देवी का बेटा मयंक का कुछ दिन पूर्व अंजर से विवाद हो गया था। उस दिन दोनों के बीच मारपीट भी हुई थी।

उस समय मौके पर मयंक की मां मंजू देवी भी मौके पर पहुंच गई थी। उसने अंजर उसके साथियों को डांट डपट कर भगा दिया था। लेकिन अंजर ने मयंक को धमकी दी थी कि वह उसे एक दिन सबक सिखाएगा। उस घटना के बाद अंजर अपने एक साथी मोहित के साथ मयंक को खोजते हुए उसके घर पर पहुंचा।

घर पर मयंक नहीं मिला। इस बीच मंजू देवी का अंजर व मोहित से विवाद हो गया। देखते ही देखते अंजर ने मंजू देवी की गला रेत कर दी। पुलिस ने सबसे पहले मोहित को गिरफ्तार किया और फिर कोतवाली थाना क्षेत्र के पूरब सराय के रहने वाले अंजर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधियों ने अपना जुर्म कबूल किया है। उन्होंने बताया कि मारी गई महिला के लड़के मयंक का भी आपरधिक इतिहास रहा है।

# पुराने कानून को बिना बहस के पारित करना अलोकतांत्रिक

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के जिला मुख्यालय बिहार शरीफ में सोमवार को भाकपा माले जिला कार्यालय कमरूद्दीनगंज में एकत्रित हुए। माले कार्यकर्ताओं ने एक विरोध मार्च निकाला। जो LIC होते हुए रांची रोड होते हॉस्पीटल मोड़ पहुंचा। फिर विरोध सभा में तब्दील हो गया। भाकपा माले के राज्य स्थायी समिति के सदस्य रणविजय कुमार ने कहा कि भारत की न्याय संहिता के नाम से पहले से चल रही पुरानी कानूनी प्रक्रिया को बदलना वह भी 146 सांसदों को लोकसभा से बाहर कर बिना बहस के पारित करना अलोकतांत्रिक है। इसे हर हाल में रोका जाना चाहिए और पूरी प्रक्रिया का पालन कर दोबारा संसद से पारित किया जाना चाहिए। अंग्रेजों के जमाने से भी ज्यादा दमनकारी कानून को लागू किया जाना बिल्कुल ही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कार्यक्रम में ये लोग हुए शामिल**: कार्यक्रम में शामिल होने वालों में भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य रणविजय, माले के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र प्रसाद, चुन्नु चन्द्रवशी, बिहारशरीफ प्रभारी पाल बिहारी लाल, बिहारशरीफ देहात के प्रभारी सुनील कुमार, इंसाफ मंच के जिला संयोजक सरफराज अहमद खान, अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष मुनीलाल यादव, विनोद राम, दुर्गा मांझी, नेहाल अहमद, मो. खुर्शीद आलम, सीपीएम नेता कमलेश कुमार कमल आदि शामिल थे।

# मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा और चण्डी यज्ञ का होगा आयोजन

## 7 जुलाई से 15 जुलाई तक होगा कार्यक्रम, आयोध्याधाम, काशी और वृंदावन के कथा वाचक होंगे शामिल

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के हरनौत प्रखंड के उखड़ा गांव में देवी माँ भगवती जी का प्राण प्रतिष्ठा एवं पाठ्यात्मक श्री चण्डी यज्ञ का आयोजन सात से 15 जुलाई तक होगा। इसमें अयोध्याधाम,काशी व वृंदावन से यज्ञाचार्य ,पंडित व कथा वाचक शामिल होंगे।

**20 लाख से बना हैं मंदिर और मंडप**: हरनौत प्रखंड के नेहुसा पंचायत के उखड़ा गांव में करीब 20 लाख रुपए की लागत से मंदिर व मंडप ग्रामीणों के सहयोग से बनाया गया है। इस नवनिर्मित मंदिर में देवी माँ भगवती जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 7 से 15 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रम रखें गयें है।इस संबंध में अयोध्या धाम से आए हुए महंत स्वामी श्री निवासानन्द सरस्वती उर्फ संजय बाबा ने बताया कि यहां दशकों से मंदिर है। इसके प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सात जुलाई को कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली जाएगी।

**अयोध्या, काशी और वृंदावन से यज्ञाचार्य, पंडित और कथा वाचिका होगें शामिल**: संजय बाबा ने बताया कि नौ दिनों तक यह कार्यक्रम चलेगा। जिसमें अयोध्याधाम से पंडित सुदर्शनाचार्य , वृंदावन से कथावाचिका संयोगिता किशोरी एवं काशी से पंडित सुशील पांडे पंडित , पं. अनीश पांडे , पं.गिरधर पांडेय शामिल होगें। उन्होंने ने कहा कलश स्थापना के बाद 8 से 14 जुलाई तक प्रातः वेदी पूजन, पाठ, हवन, भगवती का जलाधिवाश संध्या कालीन भजन कीर्तन , प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं 15 जुलाई को पूर्णाहुती, भंडारा, प्रसाद वित्तरण व समापन होगें।

**पूर्वज के दशकों से पूजते आ रहे हैं**: ग्रामीण सुरेंद्र , उमेश , कृष्णन , जोगिंदर ,सतीश , प्रशांत , लखन , अशोक , विक्की आदि ने बताया कि पूर्वजों के द्वारा दशकों से इस प्राचीन स्थल को पूजते आ रहे हैं। उन्होंने बताया यह हमलोग की आस्था का केंद्र बिंदु है । इस नवनिर्मित मंदिर को विभिन्न गांव के धर्मप्रेमी भक्तों के सहयोग से बनाई गई है। इस प्राण प्रतिष्ठा एवं चण्डी यज्ञ के आयोजन में उखड़ा , तीरा , नेहुसा , लक्ष्मणपुर , दैली , शेरपुर , घांघ-सिरसी , गोखुलपुर समेत दर्जनों गांवों का सहयोग मिल रहा है।

पूर्व रेलवे

**सं. एफ-डीवाई-प्रोड-एएमसी-वीटीएल-10871, जमालपुर, दिनांक 01.07.2024,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभवी, क्षमता एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त निविदाकार से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** व्हील शॉप/जमालपुर के वर्टिकल टुरेट लेथ, प्रस्तुतकारक-मेसर्स एचवाईटी/पुणे, (प्लांट नं.-10871) का (05) पांच वर्ष की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। **कार्य स्थल:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214, **निविदा मूल्य:** रु. 20,52,175/-(जीएसटी @18% सहित)। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु.41,100/- **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य, **समापन अवधि:** मशीन का सीएएमसी कार्य भौतिक रूप से शुरू होने की तिथि से 05 वर्ष। **मात्रा: 01 मशीन:** व्हील शॉप/जमालपुर के वर्टिकल टुरेट लेथ, प्रस्तुतकारक-मेसर्स एचवाईटी/पुणे, प्लांट नं.-10871, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 23.07.2024 को 15.00 बजे। **निविदा का माध्यम:** खुली ई-निविदा (कार्य)। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता है:**(**www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov.in**) एवं उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को। **टिप्पणी:** बोलीदाताओं/ निविदादाता यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने निविदा कागजात के साथ-साथ सभी अनुलग्नकों का अवलोकन कर लिया है और साइट का दौरा कर लिया है तथा कार्य की प्रकृति और साइट की स्थिति से संतुष्ट हो गए हैं। आसान संदर्भ के लिए, जीसीसी को रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)-भारतीय रेलवे की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है, जिसका डाउनलोड लिंक है **http://www.indianrailways.gov.in/railway board/uploads/directorate/civil engg/General Conditions of Contract April 2022.pdf**

MISC-88/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नियोजन पत्र वितरण समारोह के तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

निज संवाददाता



**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा एवं अम्बरीष राहुल, पुलिस अधीक्षक, नवादा की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार सरकार द्वारा नियोजन पत्र वितरण समारोह की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई। दिनांक 03/07/2024 को बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अंतर्गत सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, अमीन एवं लिपिकों का नियोजन पत्र वितरण कार्यक्रम नगर भवन, नवादा में किया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी को सुबह 8:00 से अपने-अपने स्थान पर पहुंचकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन के द्वारा इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु समुचित व्यवस्था कर ली गई है। सहायक बन्दोवस्त पदाधिकारी के लिए 10 पद, कानूनगो के लिए 20 पद, लिपिक के लिए 23 पद, अमीन के लिए 203 पद कुल 256 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इस कार्यक्रम के लिए बेहतर ढ़ंग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिये। सिविल सर्जन, नवादा नीता अग्रवाल को एम्बुलेंस, जीवन रक्षक दवाओं के साथ डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति के लिए निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को विधि-व्यवस्था संधारण करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में जिला बन्दोवस्त पदाधिकारी मनोज कुमार, अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, डीसीएलआर नवादा सदर गौरव कुमार, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, डीआईओ राजीव कुमार, विवेक कुमार केशरी प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिसद ज्योत प्रकाश, पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मौनसून की बारिश ने बिगाड़ी सदर अस्पताल की सूरत

निज संवाददाता

**नवादा।** अस्पताल परिसर हुआ जलमग्न नवादा लम्बी प्रतीक्षा के बाद जिले में आरंभ हुई बारिश ने स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। सदर अस्पताल के मुख्य पथ से लेकर अस्पताल परिसर स्थित दवा काउंटर, एक्सरे रूम और कई वार्ड पानी में डूब जिससे आम मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलजमाव के कारण अस्पताल कर्मी अब मरीज को स्ट्रेचर भी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। मरीज के परिजन मरीजों को कंधे पर उठाकर इधर से उधर जांच और इलाज के लिए ले जा रहे हैं। पहली बरसात ने बिगाड़ी अस्पताल की सूरतः- सोमवार की देर रात से लगातार बारिश की वजह से परिसर के दवा काउंटर, एक्सरे का कमरा, ओपीडी, नशा मुक्ति वार्ड और सिविल सर्जन कार्यालय के पास जल जमाव हो गया। बारिश का पानी दवा काउंटर, एक्सरे कमरा और ओपीडी में भर गया, जिससे इलाज कराने आए मरीजों को परेशानी हो रही है। ओपीडी में पानी भरने के बाद डॉक्टरों ने इमरजेंसी वार्ड में जाकर मरीजों का इलाज शुरू किया है। दवा काउंटर में पानी भरने से कई दवा खराब हो गई है। स्ट्रेचर के अभाव में कंधे पर मरीजः- सदर अस्पताल परिसर में जलजमाव के कारण मरीजों को काफी परेशानी हुई। जलजमाव देखकर मरीज को इधर-उधर ले जाने के लिए स्ट्रेचर तक उपलब्ध नहीं कराया गया। जिले के नरहट थाना क्षेत्र के बड़ी पाली ग्राम से अपनी बेटी का इलाज कराने आए अकील आलम ने कहा कि उनकी बेटी छत से गिर गयी ,जिससे उसका पैर फ्रेक्चर हो गया। जब इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंचे तो पूरे अस्पताल परिसर में बरसात का पानी जमा था। 'अस्पताल कर्मी द्वारा मरीज को ले जाने के लिए स्ट्रेचर नहीं दिया गया, जिसके कारण अपनी बच्ची को खुद कंधे पर लेकर जलजमाव के बीच इलाज के लिए इधर- उधर जाना पड़ रहा है.'- अकील आलम, मरीज के परिजन अस्पताल परिसर की लापरवाहीः- स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि अस्पताल परिसर में दो सोखता का निर्माण कराया गया था, लेकिन गुणवत्ता को ताक पर रखकर सोखता बनाया गया। अस्पताल परिसर में बाहर नाली का पानी हमेशा आता रहता था। समस्या के समाधान के लिए दो सोखता का निर्माण कराया गया। इसके अलावा अस्पताल परिसर में नाली का निर्माण भी कराया गया।

## सड़क हादसे में इंटर विद्यालय नारदीगंज के लिपिक गम्भीर रूप से जख्मी

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** राजगीर बोधगया राजमार्ग 82 पर कहुआरा मोड़ के समीप बस व बाइक की भीषण टक्कर हो गई। इस भीषण टक्कर में बाइक बस के बम्फर में फंस कर तकरीबन 50 मीटर दूर तक शादिकपुर गांव के समीप तक चली गई। इस सड़क हादसे में बाइक सवार की पहचान इंटर विद्यालय नारदीगंज के लिपिक शशि कुमार सुधाकर हैं, जो गम्भीर रूप से जख्मी हो गये हैं। घटना मंगलवार को तकरीबन साढ़े चार बजे के आसपास में हुई है। घटना के बाद बस चालक बस छोड़कर भागने में सफल रहा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर कानूनी प्रक्रिया के बाद दोनों वाहन को जब्त कर लिया। वही जख्मी लिपिक शशि कुमार सुधाकर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में दाखिल कराया गया, जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा भेज दिया। जख्मी लिपिक मूलतः गया जिले के अतरी थाना के सारसू गांव के रहने वाले हैं, जो फिलहाल नवादा में अपना आशियाना बनाकर रह रहे हैं। बताया जाता है कि लिपिक शशि इंटर विद्यालय नारदीगंज से दैनिक कार्य कर बाइक से अपने निवास स्थान नवादा जा रहे थे, ज्योहीं फोरलेन बाईपास कहुआरा मोड़ के समीप बाइक से वे पहुंचे थे, तभी बिहार शरीफ से कोलकाता जा रही नागराज बस ने जोरदार टक्कर मार दिया।

## 06 जुलाई को आईटीआई प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** के निर्दशानुसार जिला नियोजनालय दिनांक-06.07.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में नव भारत फर्टिलाईजर, पटना, बिहार की कम्पनी के द्वारा सेल्सटेनी के 25 पद के लिए योग्यता वारहवीं एवं वारहवीं से ऊपर होना चाहिए। वेतन 8000 के साथ टी0ए0, डी0ए0, कमीशन, इन्सेटिभ एवं ई0पी0एफ0 की सुविधा। उम्र-20 से 40 वर्ष। जॉब लोकेशन बिहार (नजदीकी जिला)। इच्छुक आवेदक अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छायाप्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) के प्रांगण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते है। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं वही आवेदक रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक निबंधित नही हैं वो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं।

## कौआकोल के बरौन गांव में शुरू हुआ तीन दिवसीय अखंड कीर्तन कार्यक्रम

- तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री सीताराम अखंड कीर्तन का शुभारंभ।
- पहले दिन कलश व जल यात्रा, पंचांग पूजन, और मंडप प्रवेश।



निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** प्रखण्ड के बरौन गांव में मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों के सौजन्य से तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री सीताराम अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। पहले दिन कलश व जल यात्रा निकालकर पंचाग पूजन एवं मंडप प्रवेश किया गया। मुख्य आयोजक व ग्रामीण हरिवंश सिंह ने बताया कि विद्वान ब्राह्मण व यज्ञाचार्य विकाश पांडेय एवं पुरोहित अनन्त पांडेय तथा पंकज पांडेय की देखरेख में तीन दिवसीय श्री सीताराम अखंड कीर्तन को लेकर गांव में भक्ति का माहौल कायम है। पहले दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में गांव की 101 महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई,जो गांव का परिभ्रमण करते हुए घोरघाट नदी तक गई। जहां यज्ञाचार्य व विद्वान ब्राह्मणों की देखरेख में कलश में जल भरकर महिलाएं पुनः वहां से कीर्तन स्थल तक पहुँची। जहां विधिवत कलश स्थापित कर पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश कराया गया। आयोजक ने बताया कि 3 जुलाई (बुधवार) को अग्निस्थापना, वेदीपूजन एवं सुबह 8 बजे से अखंड श्रीराम कीर्तन प्रारम्भ होगा। वहीं 4 जुलाई (गुरुवार) को वेदीपूजन हवन, पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण व भंडारा के साथ ब्राह्मणों की विदाई की जाएगी। तीन दिवसीय अखण्डकीर्तन कार्यक्रम को सफल बनाने में पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार, सूरज देव सिंह, आशुतोष कुमार, संतोष कुमार, विपुल कुमार, नित्यानंद सिंह, बलविंदर कुमार, पिंटू सिंह, नीतीश कुमार उर्फ मोदी, अनिल सिंह, विजय सिंह आदि जोर शोर से लगे हुए हैं।

## आद्रा नक्षत्र में किसानों ने शुरू की धान की रोपनी, दो दिन की बारिश से खेतों में भरा पानी

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र में दो दिनों से हो रही बारिश से हर क्षेत्र के किसान काफी खुश हैं। अधिकांश खेतों में मेघ का पानी जमा हो चुका है। इसके चलते किसान उम्मीद से अधिक प्रसन्न हैं और धान की रोपनी शुरू कर दिए हैं। बारिश नहीं होती, तो किसानों को पंपिंग सेट से खेतों में पटवन कर रोपनी करनी पड़ती, जिससे आर्थिक बोझ पड़ता। इस बोझ से ऊपर वाले मुक्त कर दिया है। प्रखण्ड के हर पंचायत में कुछ न किसान बारिश की पानी का लाभ उठाकर तैयार बिचड़े को खेतों में लगा रहे हैं। वहीं किसान रंजीत सिंह, मुन्ना सिंह, मुकेश यादव, मनोज यादव, चंद्रिका प्रसाद आदि का कहना है कि आद्रा नक्षत्र में धान की रोपनी बेहद लाभकारी होता है। इस नक्षत्र में रोपा गया धान स्वस्थ एवं अधिक उपज देने वाला होता है। धान की रोपनी का प्रारंभिक नक्षत्र आद्रा माना गया है। उधर, दूसरी ओर किसानों को मूंग की फसल क्षतिग्रस्त होने से नुकसान का सामना करना पड़ा है, क्योंकि अधिकांश खेतों में मूंग की खेती पक कर तैयार थी। जो समाप्त हो जाएगी।वैसे भी मूंग की खेती जलजमाव बर्दाश्त नहीं कर पाता है। जिन किसानों के खेतों में धान के बिचड़े अभी कमजोर था, अब उनका बिचड़ा बहुत जल्द रोपने लायक हो जाएगा। प्रखण्ड क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार को अच्छी-खासी भारी बारिश होने के बाद किसानों के चेहरे पर एक चमक आ गई। वैसे अधिकांश किसानों के धान के बिचड़े अभी तक तैयार नहीं हुए हैं। ऐसे किसान खेतों में लगे पानी को देख कर चिंतित भी हैं और सोच रहे हैं कि काश, उनका भी बिचड़ा तैयार रहता, तो बारिश की पानी का लाभ उठा पाते।जिनका बिचड़ा तैयार है, वे काफी आर्थिक बोझ से सिर्फ बचे ही नहीं, बल्कि आगे रोपनी भी कर ले रहे हैं। इस तरह की बारिश फिर कब होगी, जिससे धान की रोपनी कर सकेंगे।

## प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार एवं विधायक प्रकाश वीर के पहल पर हुई कार्रवाई

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के राशनकार्डधारियों को मिलने वाले अनाज में रद्दी चावल दिए जाने को लेकर जिला मुख्यालय में बीते माह आयोजित बैठक में जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के समक्ष रजौली विधायक प्रकाश वीर ने आवाज उठाई थी। प्रभारी मंत्री के संज्ञान में आने के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने रजौली एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष को खराब चावल मुहैया कराने वाले राइस मिलरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने को निर्देशित किया था। इसी को लेकर एमओ रजौली राजेश कुमार गुप्ता ने 21 जून को थाना में लिखित आवेदन देकर चार राइस मिलरों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही थी। बताते चलें कि बीते 9 जून को रजौली एमओ ने एसएफसीआई गोदाम से चार ट्रकों में लदे खराब चावल को बैरंग वापस लौटा दिया था। जिससे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत घटिया चावल की आपूर्ति कर लाखों का बारा-न्यारा करने वाले जिले के चार मिल वारसलीगंज के मां तारा एग्रो राइस मिल, अकबरपुर के तेयार स्थित तेयार एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड एवं कौआकोल स्थित दरभा राइस मिल के मालिकों पर राष्ट्रीय खाद्द सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत प्राथमिक दर्ज कराई गई। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से राशनकार्ड के लाभार्थियों में खुशी का माहौल है। लाभार्थी मुकेश कुमार ने कहा कि जब वे प्रत्येक माह अनाज लेने जन वितरण प्रणाली की दुकान में जाते थे, तो डीलरों द्वारा रद्दी चावल दिए जाने पर झगड़ा-झंझट हो जाया करता था। खराब अनाज के कारण डीलरों और लाभार्थियों में अक्सर कहासुनी होना आम बात था।वहीं चावल मिल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई होने से गुणवत्ता में सुधार आएगा एवं लाभार्थी भी डीलरों द्वारा दिये गए अनाज का उपयोग खाने में करेंगे। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक लाभार्थी ने कहा कि खराब चावल मिलने के बाद लोग उसे दुकान में बेच दिया करते थे। बाजार के दुकानदार लाभार्थी से रद्दी चावल कहकर उसे औने-पौने दाम में खरीद लेते थे। फिर यही चावल को कुछ राइस मिलरों द्वारा खरीदकर पुनः नए बोरे में पैक आदि कर एसएफसीआई गोदाम में पहुंचा दिया जाता था। यह चक्र अनवरत बेरोकटोक जारी था। वहीं प्रशासन द्वारा किये गए कार्रवाई के बाद लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अनाज मिलने की उम्मीद है एवं अब डीलरों द्वारा दिये जाने वाले चावल बाजार में बिकने से भी रुक सकेंगे।

## संरक्षा आयुक्त ने किया रेलखंड का निरीक्षण

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा मंगलवार को दानापुर मंडल के किऊल-गया दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत लगभग 19 किमी लंबे नव-दोहरीकृत वारिसलीगंज-नवादा रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संरक्षा आयुक्त द्वारा वारिसलीगंज और नवादा के मध्य नवनिर्मित दोहरीलाइन एवं पुल-पुलिया तथा वारिसलीगंज और नवादा स्टेशन के स्टेशन भवन, पैनलरूम, रिले रूम एवं आईपीएस रूम का निरीक्षण किया गया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष से वारिसलीगंज से नवादा के मध्य अधिकतम 115 किमी/घंटा की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। संरक्षा आयुक्त की अनुमति प्राप्त होते ही नव-दोहरीकृत रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी सहित निर्माण विभाग तथा दानापुर के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे। विदित हो कि वारिसलीगंज-नवादा नव-दोहरीकृत रेलखंड दानापुर मंडल के अंतर्गत लगभग 1200 करोड़ रूपए की लागत वाली किऊल-गया दोहरीकरण परियोजना का भाग है। किऊल-गया परियोजना के तहत् लगभग 124 किलोमीटर दोहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत अब तक लगभग 107 किमी रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है तथा इस दोहरीकरण परियोजना के तहत अंतिम चरण में शेष बचे 17 किमी लंबे नवादा-तिलैया रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इस परियोजना के पूरा हो जाने के बाद किउल-गया रेलखंड में ट्रेनों की गति में वृद्धि होगी और क्षेत्र के औद्योगिक विकास में गति आएगी।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया



**हाजीपुर (वैशाली) (नि. सं.)।** मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से मंदबुद्धि बालक की मौत



निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** तिलैया राजगीर रेलखंड पर बिक्कू गांव के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई। घटना मंगलवार को तकरीबन चार बजे के आसपास में हुई। यह घटना इस रेलखंड में ओड़ो स्टेशन से एक किलोमीटर की दूरी पर बिक्कू गांव के समीप बिजली पॉल संख्या 34/03 के समीप हुई है। मृतक नारदीगंज थाना के दलेलपुर बेलदारी गांव के स्व. शंकर चौहान का 12 वर्षीय पुत्र राजकुमार है,जो मंदबुद्धि का है। लोगों का कहना है कि मृतक बालक का ननिहाल दलेलपुर बेलदारी है, वह अपने ननिहाल में रहता था।हादसे की खबर पाते ही आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, और घटना की सूचना पुलिस को दिया। घटना की सूचना पर एसआई कमलेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे, और कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। लोग कहते हैं कि यह मालगाड़ी राजगीर से तिलैया जंक्शन की ओर जा रही थी, तभी वह मंदबुद्धि का बालक रेलखंड को पार करते समय हादसे का शिकार हो गया। घटना की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में मातम छा गया। लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था।

## जांच चौकी पर शराब के नशे में रहे 18 शराबी धराए

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 18 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ लिया। उत्पाद विभाग के अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक पिन्टू कुमार के द्वारा किया जा रहा है। झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी।

## पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड की फेंसिंग का कार्य तीव्रगति से जारी

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** मिशन रफ्तार के तहत देश में ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए काम हो रहा है। प्रमुख रेलमार्गों पर ट्रेनों की रफ्तार 130 से बढ़ाकर 160 किलोमीटर प्रतिघंटा तक करने का लक्ष्य है। इसी कड़ी में् पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रस्तावित 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति वाले रेलवे ट्रैक के दोनों किनारे सुरक्षा बाड़ लगाए जा रहे हैं। इसके तहत बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के लगभग 412 किलोमीटर लंबे ग्रैंड कॉर्ड रेलवे ट्रैक को कवर किया जा रहा है । इनमें प्रधानखंटा से धनबाद, नेसुबो गोमो, कोडरमा, गया, सोननगर होते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक 412 किलोमीटर रेलखंड में से 231 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेंसिंग का कार्य पूरा हो चुका है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 200 किलोमीटर में से 110 किलोमीटर रेलवे ट्रैक फेंसिंग का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरी की जा चुकी है। शेष 90 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। इसी तरह धनबाद मंडल में आने वाले 175 किलोमीटर ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड में सें 25 किलोमीटर लंबे घाट सेक्शन छोड़कर शेष 150 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेसिंग की जानी है। इनमें से अब तक 121 किलोमीटर का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरा हो चुका है। बाकी बचे 29 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर अगस्त, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। विदित हो कि प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंट के ढलाई किया हुआ स्लैब को दो पिलरों के मध्य स्थापित कर दिया जाता है तथा क्रैस बैरियर स्टील के दो पिलों के मध्य एक सीमित उंचाई के अंतराल पर दो स्टील प्लेटों को लगाया जाता है। बहुप्रतीक्षित ट्रैक फेंसिंग के कई फायदे हैं। फेंसिंग कार्य पूरा हो जाने के बाद इन रेलखंडों पर गाड़ियों का आवागमन और सुगम हो जाएगा जिससे ट्रेनों का समय पालन बनाए रखने में मदद मिलेगी एवं अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन भी हो सकेगा। इससे एक ओर जहां ट्रेनों का निर्बाध परिचालन होगा वहीं लोगों द्वारा रेलवे ट्रैकों का अतिक्रमण अथवा अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैकों से गुजरने पर होने वाली अप्रिय घटनाओं पर भी रोक लगेगी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के निम्नवत स्टेशनों के दर्शाए गये स्थान पर एटीएम मशीन लगाने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों / अनुसूचित वाणिज्यिक भारतीय बैंकों/भारतीय सहकारी बैंकों/व्हाइट लेबल एटीएम सेवा प्रदाताओं से ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः–

**1. AA/1, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि** : अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बुकिंग कार्यालय (UTS / PRS) के निकट एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए।, **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या** : ATM-DDU-24-05, **ई–नीलामी लॉट संख्या** : ATM- DDU-AUBR-Gen-9-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय** : ई–नीलामी दिनांक 15.07.2024 को 15:00 बजे शुरू होगी और 15:30 बजे बंद होगी।

**AA/2, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि** : पं दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए।, **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या** : ATM-DDU-24-05, **ई–नीलामी लॉट संख्या** : ATM-DDU-DDU-Gen-3-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय** : ई–नीलामी दिनांक 15.07.2024 को 15:00 बजे शुरू होगी और 15:40 बजे बंद होगी। **2.** वेबसाइट का पता जहाँ ई– नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : **www.ireps.gov.in**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/0615/डीडीयू/वा./एन/24–25/44



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडों के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः–

**1. AA/1, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि** : भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए।, **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या** : Park-DDU-20, **ई–नीलामी लॉट संख्या** : PARKING- DDU-BBU-FW-42-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय** : ई–नीलामी दिनांक 15.07.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**AB/1, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि** : सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (मोहम्मदीगंज साइड) में स्थित मिक्स (दो पहिया एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए।, **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या** : Park-DDU-20, **ई–नीलामी लॉट संख्या** : PARKING- DDU-SSM-MX-49-22-3, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय** : ई–नीलामी दिनांक 15.07.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**AB/2, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि** : हैदरनगर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित मिक्स (दो, तीन एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए।, **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या** : Park-DDU-20, **ई–नीलामी लॉट संख्या** : PARKING-DDU-HDN-MX-64-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय** : ई–नीलामी दिनांक 15.07.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी। **2.** वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : **www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/0613/डीडीयू/वा./एन/24–25/48

## संक्षिप्त समाचार

### नये कानून के तहत भोजपुर में पहली प्राथमिकी

**आरा**। नए कानून के तहत भोजपुर जिले में पहली प्राथमिकी चरपोखरी थाना में दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चौरी थाना के आकोदा गांव निवासी सुरेश राम ने चरपोखरी थाना के मनैनी पुलिस पिकेट पर पुलिस और निरीक्षक विपुल कुमार के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया है। सुरेश राम के अनुसार वह अपनी मोटरसाइकिल से गड़हनी प्रखंड के अपने गांव अकोढ़ा से सुभाष राम और भतीजा लाल मोहर राम के साथ जा रहा था। रास्ते में प्रीतमपुर चक के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति विपरीत दिशा से आकर उसके मोटरसाइकिल में ठोकर मार दिए। जिससे सुरेश की मोटरसाइकिल पर सवार सभी लोग जमीन पर गिर गए। ठोकर मारने वाले प्रीतमपुर चक के धर्मेंद्र सिंह और अजय सिंह थे। उन दोनों ने गाली बकते हुए मारपीट किया और मोबाइल फोन, चश्मा व पॉकेट से 50 हजार ले लिया।

### 8 जुलाई से होगी स्नातक ओल्ड कोर्स की परीक्षा

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय स्नातक ओल्ड कोर्स की परीक्षा आठ जुलाई से संचालित करेगा। विश्वविद्यालय ने ओल्ड कोर्स की परीक्षा में स्नातक सत्र 2022-25 के पार्ट वन में प्रमोटेड व फेल विद्यार्थियों को मौका दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम ने बताया कि इसमें स्नातक पार्ट वन सत्र 2022-25 के प्रतिष्ठा, पास कोर्स, बीबीए, बायोटेक और फिश एंड फिशरीज के प्रमोटेड और फेल विद्यार्थी शामिल होंगे। वहीं स्नातक सत्र 2021-24 के पार्ट वन में प्रमोटेड विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रमोटेड विद्यार्थियों के लिए यह आखिरी मौका होगा। ओल्ड कोर्स की परीक्षा में चार हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को ले चारों जिला में एक एक केंद्र बनाया गया है।

### हिंदुओं से माफी मांगें राहुल गांधी : आदित्य चौधरी

**बक्सर**। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में पूरे हिंदू समाज को हिंसक बताना गलत है। राहुल गांधी आज सदन में यह बयान देकर की जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह हिन्दू नही है, हिंसक हैं। राहुल गांधी का इस तरह का बयान घोर निंदनीय है। उन्हें अपने बयान पर देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। जबकि देश के करोड़ों लोग गर्व से कहते हैं कि हम हिंदू हैं। यहां तक कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी अपने आप को हिंदू कह कर गौरवान्वित महसूस करते हैं। राहुल गांधी हिंदुओं का अपमान कर रहे हैं। हिंदुओं के आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। राहुल हिंदुओं से माफी मांगे नही तो देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

### बेस्ट फोटोग्राफी के लिए अमित मिश्रा हुए सम्मानित




**आरा**। आरा राष्ट्रीय ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जाने-माने फोटोग्राफर अमित मिश्रा को एक समारोह में सम्मानित किया गया। साथ ही फोटो जर्नलिज्म में बेहतर योगदान के लिए समीर अख्तर को सम्मानित किया गया। यह सम्मान आरा के घुंसी राम धर्मशाला में हुए एक समारोह में दिया गया। रविवार को बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन के तत्त्वावधान में यह समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें फोटो प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी किया गया। ऑल इंडिया फोटोग्राफी फाउंडेशन के विष्णु शंकर ने अव्वल आए प्रतिभागियों को सम्मानित किया। आरा के फोटोग्राफर अमित मिश्रा को बेस्ट फोटोग्राफी के लिए अब तक तीन राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिल चुके हैं। समारोह के दौरान बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश, पटना जॉइंट सेक्रेटरी और भोजपुर पटना जोनल पदाधिकारी रोहित खत्री, दुर्गेश, संजीव कुमार सिन्हा, पप्पू कुमार गुप्ता, बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष जयंत कुमार ओझा, चंदन कुमार, पंकज कुमार, प्रदीप रंजन, सुनील कुमार ओझा, अशरफ आलम, संजय राम, बबलू सिंह, अनिता कुमारी, रवि पांडे, विकास कुमार, संतोष भगत, मनोहर आदि थे।

### जलवायु परिवर्तन से खेती प्रभावित




**आरा**। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण, आत्मा, भोजपुर द्वारा प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्ष ण सोमवार को तरारी के ई किसान भवन में हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में मोटे अनाज के बारे में जानकारी दी गई। तरारी में खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्ष ण का उद्घाटन कृषि वैज्ञानिक शशिभूषण कुमार शशि ने किया। इस दौरान प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि विभाग के विशेषज्ञ किसानों को खेती करने के उन्नत तरीके की भी जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में जलवायु परिवर्तन को देखते हुए मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। इस दौरान आत्मा द्वारा संचालित योजनाओं के साथ-साथ जलवायु अनुकूल खेती के बारे में विस्तार से बताया गया। किसानों को ज्वार, बाजरा, महुआ, रागी की खेती करने एवं उसके फायदे और मुनाफे को भी बताया गया। चीना की खेती करने एवं उसके गुणों पर भी चर्चा की गई। कृषि वैज्ञानिक शशिभूषण कुमार शशि ने बताया कि जलवायु में बदलाव आ रहे है, जिससे धान की खेती पर प्रतिकूल असर हो रहा है। इसलिए जलवायु अनुकूल खेती करे। इसमें कीड़ा एवं रोग का आक्रमण कम रहता है। पानी की भी कम आवश्यकता रहती है। कम लागत में ज्यादा मुनाफ़ा होता है। कम समय में ही उपज अच्छी हो जाती है। मोटे अनाज ज्वार, बाजरा व महुआ की खेती को बढ़ावा देना है इससे स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है। आत्मा के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विनय ने मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, महुआ की खेती की तकनीकी जानकारी दी उन्होंने कहा कि सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं भी चला रही है। मकई, मड़ुआ, चीना, ज्वार, बाजरा इत्यादि फसल को बढ़ावा दे रही है।

### आद्रा में गंगा स्नान के लिए रामरेखा घाट उमड़े श्रद्धालु

**बक्सर**। आद्रा नक्षत्र में गंगा स्नान को लेकर लगाार श्रद्धालुओं की भीड़ रामरेखा घाट पहुंच रही है। सोमवार को आद्रा नक्षत्र में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रामरेखा घाट पहुंची। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजा अर्चना किया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने आम का प्रसाद पाया। बताया जाता है कि आद्रा नक्षत्र में गंगा स्नान का बहुत ही बड़ा महत्व है। आद्रा नक्षत्र में गंगा स्नान के लिए जिला के दूर गांवो के साथ आसपास के जिला से भी लोग पहुंचते है। गंगा स्नान करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से रामरेखा घाट स्थित चुड़ी बाजार गुलजार रह रहा है।

# गोलीबारी मामले में दर्ज कराई प्राथमिकी, 7 नामजद

## भांजे के बर्थडे पार्टी से वापस लौट रहे थे पीड़ित, रास्ते में अपराधियों ने की थी फायरिंग

निज संवाददाता। आरा



टाउन थाना क्षेत्र के आनंदनगर मोहल्ला इलाके में बाइक सवार युवक को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है। शीतल टोला निवासी खटाई यादव के बयान पर प्राथमिकी में जवाहर टोला निवासी अम्बुज मौआर उर्फ लाल, आनंद नगर निवासी चंदन नरेश, रोहित कुमार, श्री टोला निवासी मनोज पासवान, श्री टोला निवासी अमित पासवान, आनंद नगर निवासी मंटू कहार और श्री टोला निवासी विश्वजीत पासवान को नामजद किया गया है। प्राथमिकी में घायल ने कहा है कि रविवार को अपने मैं भांजे के बर्थ-डे में चांदी थाना के सलेमपुर गांव गया हुआ था। रात साढ़े नौ बजे लौट रहा था कि आनंद नगर पुल के समीप घात लगाए आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। अम्बुज मौआर उर्फ लाल उर्फ चंदन नरेश पर गोली मारने का आरोप लगाया गया है। पुलिस इस घटना को दो गुटों के बीच विवाद से जोड़कर देख रही है।

**छापेमारी अभियान में 48 गिरफ्तार**ः पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के आदेश पर कांड में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 48 पकड़े गए। इसमें एससी-एसटी एक्ट में तीन, पुलिस हमले में एक, हत्या के प्रयास में चार, वारंट में 14 और शराब मामले में 19 गिरफ्तारी हुई है। अभियान के दौरान दो शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 787 लीटर देसी और 30 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। 1800 सौ लीटर शराब नष्ट की गई है। करीब 22 वारंटों का निष्पादन किया गया, छह बाइक, एक ऑटो, एक ट्रक और एक कारतूस जब्त किया गया है। अगिआंव बाजार थाना पुलिस ने पुलिस पर हमले के मामले में एक आरोपित को पकड़ा। अब तक 9 गिरफ्तारी हो चुकी है। जगदीशपुर और एसीएसटी थाना पुलिस ने उत्पीड़न में तीन को पकड़ा है। नवादा थाना पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है।

# स्कूलों में 8 जुलाई तक लगेगा समर कैंप



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के सरकारी विद्यालयों में 8 जुलाई तक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छात्र छात्राएं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जानकारी हासिल करेंगे। इस दौरान मिशन लाइफ के तहत ईको क्लब के माध्यम से गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। समर कैंप के आयोजन को लेकर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की प्रशासी पदाधिकारी शाहजहां ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखा है। जिसके अनुसार शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव के पत्र के आलोक में 8 जुलाई तक समर कैंप का आयोजन करना है। समर कैंप में पहले दिन स्वस्थ्य जीवन शैली के अंतर्गत गतिविधियों में प्राकृतिक स्थल का भ्रमण कराना, मरूस्थलीकरण, भूमि पुनर्स्थापन, सूखा प्रतिरोधक क्षमता के बारे में जानना, पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी, पौधारोपण अभियान चलाना व पास के गावों की यात्रा शामिल है। वहीं दूसरे दिन सतत खाद्य प्रणाली अपनाने के अंतर्गत पोषण बाल वाटिका का निर्माण, तीसरे दिन ई-कचरा कम करने को लेकर संग्रह अभियान आयोजित करना, चौथे दिन कचरा कम फैलाएं के अंतर्गत साफ-सफाई अभियान आयोजित करना है। पांचवें दिन उर्जा की बचत अंतर्गत उर्जा से संबंधित गतिविधियां आयोजित करना, छठे दिन जल संरक्षण के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर जागरूक करना है। सातवें दिन एकल प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने पर सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को एकल प्लास्टिक को ना कहें की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# 25 लाख की शराब पर चला प्रशासन का बुलडोजर

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला स्थित बजार समिति परिसर में एक बार फिर अवैध शराब पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया। पूरी विनष्टी करण का विडियो ग्राफी किया गया।इसके साथ ही विनष्ट अवशेष को गड्ढे में डिस्पोज कर दिया गया। इस दौरान दंडाधिकारी के रूप में सदर सीओ प्रशांत शांडिल्य के साथ उत्पाद अधीक्षक दिलीप कुमार पाठक,आदि जिला के अधिकारी मौजूद रहे। विनष्ट की गई शराब की कीमत 25 लाख बताया गया है।



♦ बक्सर में विभिन्न थाने से जब्त हुई थी 1700 लीटर शराब, कई अधिकारी रहे मौजूद

**17 सौ लीटर शराब नष्ट**ः सीओ प्रशांत शांडिल्य ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार उत्पाद विभाग के द्वारा जो है। विभिन्न थाना क्षेत्रों से शराब की जब्त की गई थी, जिसका विनष्टीकरण किया जा रहा है। लगभग 17 सौ लीटर शराब थी। जिसका मूल्य 25 लाख बताया जा रहा है। सीओ ने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद विभिन्न थाना एवं उत्पाद विभाग के द्वारा लगातार शराब को जब्त किया गया है। थानों में केस भी दर्ज हैं। जब्त शराब को कोर्ट के आदेश पर विनष्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की खरीद, बिक्री और भंडारण के खिलाफ अभियान चलता रहेगा।

# 10 महीने बाद मायके से लौटी पत्नी, पति ने की आत्महत्या, ससुराल वालों के खिलाफ लड़की वालों ने की थी शिकायत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में घरेलू विवाद से तंग आकर युवक ने फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। मृतक बीरमपुर गांव निवासी लक्ष्मण गोंड का 28 वर्षीय पुत्र चंदन गोंड है। जो बेंगलुरू में काम करता था। इसके ससुराल वालों ने थाने में आवेदन दिया था कि मेरी बेटी को मायके से लड़के वाले नहीं ले जा रहे हैं। चंदन की पत्नी रमिता देवी अपने बच्चे के साथ 10 महीने से मायके में रह रही है। आवेदन पर थाने से चंदन को बेंगलुरू से बुलाया गया। चंदन पिछले बुधवार को थाने गया था। जिसके बाद चंदन ने गुरुवार को अपनी पत्नी को घर लाया। 3 दिन दोनों के बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद उसने सुसाइड कर लिया। घटना गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव की है।

**चंदन ने अपनी मां से कहा था, विदाई कर बहू को ले आना**ः

वाइफ से कहासुनी के बाद दी जान



घटना की सूचना पाकर गीधा थाना की पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक के पड़ोसी शिव कुमार कुशवाहा ने बताया कि वह शुरू से ही बेंगलुरू में रहकर काम करता था। शादी के बाद वह बेंगलुरू चला गया। इस बीच उसकी पत्नी गर्भवती हो गई। जिस कारण उसकी पत्नी अपने मायके बक्सर चली गई थी। वहीं बेटे को जन्म दिया था। चंदन ने अपनी मां से कहा था कि शुभ दिन देखकर उसकी विदाई कराकर उसे घर ले आना। चंदन की मां बहू के मायके उसकी विदाई कराने गई थी। पर मायके वालों ने नहीं भेजा।

**दो साल पहले हुई थी शादी**ः मई में लड़की के परिजनों ने बक्सर महिला थाना में आवेदन दिया था कि लड़के वाले बेटी को नहीं ले जा रहे हैं। महिला थाना पुलिस ने फोन कर पति को बुलाया गया। चंदन बुधवार को बेंगलुरु से लौटा और दोनों पक्ष बक्सर महिला थाना में गए। गुरुवार को पत्नी को लेकर चंदन घर पहुंचा। इसी बीच सोमवार की देर शाम उसने अपने कमरे में पंखे से लटक जान दे दी। चंदन की शादी 2 दिसंबर 2022 में हुई थी। मृतक अपने चार भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सुशीला देवी, पत्नी रमिता देवी और एक 10 माह का पुत्र सोनू है।

# अंतरराष्ट्रीय तैराक बिजेंद्र बने बिहार के चीफ कोच

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के लिए गौरव का क्षण है। अपने जिले के कैप्टन बिजेंद्र सिंह जो तैराकी कला में विश्व में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं उन्हें बिहार का चीफ कोच बनाया गया है। बिजेंद्र सिंह ब्रह्मपुर प्रखंड के सपही गांव के निवासी हैं। बिहार स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से पटना स्थित जीपीओ कैंपस के सभागार में नये पदाधिकारियों के चयन को लेकर बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से कैप्टन बिजेंद्र सिंह को बिहार चीफ कोच के रूप में चयन किया गया। चीफ कोच बनने की खबर मिलते ही उनके गांव सपही व जिलेभर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बिजेंद्र सिंह को बधाई देने वालों का तांता लग गया। डुमरांव राज परिवार से चंद्र विजय सिंह, सांसद सुधाकर सिंह, डॉ रमेश सिंह, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ वीके सिंह, सैनिक संघ के अध्यक्ष रामनाथ सिंह, रेलयात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष सुधीर सिंह, भाजपा नेता चुन्नु सिंह ने इसे जिले की तरक्की मानते हुए बधाई दी। तैराकी के क्षेत्र में कैप्टन बिजेंद्र सिंह का




स्वर्णिम इतिहास रहा है। जानकारी के अनुसार वे अनुसार पहले भी अंतरराष्ट्रीय रेफरी रह चुके हैं। लगातार दस वर्षों तक आर्मी, नेवी और एयरफोर्स का वाटर पोलो गेम में बतौर कैप्टन विश्व स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस बीच इंटरनेशनल तैराकी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर कई गोल्ड मेडल देश की झोली में डालने का काम किया है। बिजेंद्र सिंह 1986 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय तैराकी में भाग लिया और सवर्ण पदक जीतकर हिंदुस्तान का परचम लहराया। वहीं 15 किलोमीटर का लंग डिस्टेंस नेशनल तैराकी चैंपियनशिप में लगातार दो बार गोल्ड मेडलिस्ट रहे। जिसके बाद 1987 में सेना की ओर से विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# साली से गंदी बात, पति ने साढ़ू को मारा चाकू

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में साली से अश्लील मजाक करने पर साढ़ू को चाकू से मार जख्मी कर दिया। पीठ और हाथ पर चाकू मारा है। घायल सिकरहटा थाना क्षेत्र के देव गांव निवासी स्व. सूरज पासवान का बेटा परमेश्वर पासवान (32) है। जो राज मिस्त्री है। सूरज ने अपनी साली को दो बार फोन किया था। पर उसने रिसीव नहीं किया था। तीसरी बार जब उसने फोन उठाया तो सूरज ने उससे अश्लील मजाक कर दिया। जब सूरज के साढ़ू को इस बारे में पता चला तो वो सूरज घर के आया और उससे कहा क्या हाल है...फिर चाकू से हमला कर दिया। सूरज को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना सिकरहटा थाना क्षेत्र के देव गांव की है। जख्मी युवक के बड़े भाई चंद्रमा पासवान ने बताया कि रविवार को सूरज के ससुर घर



पर झगड़ा कर कहीं चले गए थे। जब सूरज को ये बात मालूम हुई तो उसने अपने तीनों साली के घर पर फोन किया, वो जानना चाहता था कि ससुर वहां पहुंचे हैं या नहीं। इसी दौरान जब उसने चरपोखरी थाना क्षेत्र निवासी अपनी साली को कॉल किया। जिससे बात करने के बाद विवाद बढ़ गया। जख्मी के भाई ने कहा कि साली से बात करने के दौरान साढ़ू ने फोन पर सूरज को गाली दे दी और कहा मैं तुम्हें बता दूंगा। सूरज अपने घर पर प्लास्टर का काम कर रहा था। तभी उसका साढ़ू पहुंचा और चाकू मार दिया। सूचना डायल-112 की पुलिस को दी गई।

# 24 घंटे में शहर और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश होने की संभावना

निज संवाददाता। बक्सर

जिले में शहर में मानसून की सक्रियता के साथ बादलों का आवागमन जारी है। जून के अंतिम माह में हल्की व मध्यम बारिश से मौसम खुशगवार हुआ है। हालांकि जुलाई के पहले दिन आसमान में उमड़ घुमड़ रहे बादल बरसे नहीं। लोगों को केवल ललचा रहे हैं। हालांकि उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिल रही है। आईएमडी पटना के अनुसार फिलहाल आसमान में बादलों का आवागमन ही होगा। तेज बारिश होने की संभावना नहीं है। सोमवार सुबह की शुरुआत तेज धूप से हुई वहीं दोपहर बाद आसमान में बादल छाए रहे। जिससे अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। आसमान में बादल छाए रहने से मौसम सुहावना रहा। दूसरी ओर मौसम विभाग के



पूर्वानुमान बारिश को लेकर फेल हो रहे हैं। हालांकि अगले 24 घंटे में शहर और आस-पास के क्षेत्रों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश होने की संभावना है। साथ ही गरज के साथ तेज हवा भी चल सकती है।मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार पूर्वी झारखंड के ऊपर माध्य समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है। अन्य चक्रवातीय परिसंचरण मध्यप्रदेश के ऊपर माध्य समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर सक्रिय है। जिससे तापमान में कमी होगी।

# घर में घुसकर युवक को मारी दो गोलियां, जमीन और मकान को लेकर गांव के व्यक्ति से चल रहा था विवाद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के तीयर थाना क्षेत्र के अंगरुआ गांव में पूर्व के जमीन विवाद को लेकर घर में घुसकर एक युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड सीने और दाहिने साइड पीठ में मारी गई है। गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालात में जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद परिजन ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

**गांव के व्यक्ति से चल रहा था विवाद**ः जख्मी युवक तीयर थाना क्षेत्र के अंगरुआ गांव निवासी धनु राम का 36 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार है। उधर घटना की सूचना मिलते ही तीयर थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं। विवेक कुमार ने बताया कि मेरी गांव में ही डेढ़ बिगहा जमीन और पुश्तैनी मकान है। उसी जमीन व मकान पर गांव का युवक जबरन कब्जा करना चाह रहा है। जिसको लेकर करीब 35 वर्षों से विवाद चल रहा है।

**मकान खाली करने को कहा था**ः कोर्ट में भी गया। उक्त व्यक्ति ने कहा है कि तुमने केस क्यों



सीने और पीठ में लगी बुलेट

किया और मुझे नोटिस क्यों भेजवा रहे हो। तुम यह मकान खाली कर दो। इसी बात का विरोध किया। सोमवार कि देर रात जब मैं घर के आंगन में था। तभी वो व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ आया और घर में घुसकर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। विवेक कुमार ने गांव के ही वीरेंद्र प्रसाद पर पूर्व से चले आ रहे जमीन व मकान के विवाद को लेकर गोली मारने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# नशा मुक्ति केंद्र में हंटर से पीटकर युवक की हत्या

## भागलपुर में हाथ बांधा, म्यूजिक बजाकर मारा, 20 का रेस्क्यू

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में एक अवैध नशामुक्ति केंद्र में नशे की लत छुड़ाने के नाम पर एक युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया गया है कि नशामुक्ति केंद्र के संचालक और उसके कर्मियों ने युवक की पीठ की तरफ हाथ बांध दिया और मुंह में कपड़ा डालकर तेज म्यूजिक बजाकर जमकर पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। पिटाई के बाद आरोपियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया और मौके से फरार हो गए। वहीं, युवक की मौत के बाद उसके परिजनों ने जमकर हंगामा किया और नशामुक्ति केंद्र के संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पूरा मामला शहर के मिरजानहाट रोड, बुढ़िया काली मंदिर के पास का है। मृतक की पहचान मधेपुरा जिला के गोलपारा निवासी अमरेश कुमार (36) के रूप में हुई है। अमरेश की मौत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नशामुक्ति केंद्र से 20 लोगों का रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू किए लोगों ने बताया कि उनलोगों को वहां हंटर से पीटा जाता था और चिल्लाने की आवाज बाहर आए, इसलिए तेज आवाज में म्यूजिक बजाया जाता था।

**रेस्क्यू पीड़ित ने बताई नशामुक्ति केंद्र की पूरी कहानी:** मिली जानकारी के मुताबिक, केंद्र में नशा छुड़ाने के लिए लोगों की पिटाई की जाती थी। पिटाई के डर से लोग यहां रहना नहीं चाहते थे। इसलिए लोगों को यहां बंधक बनाकर रखा जाता था। रेस्क्यू किए गए दयालपुर निवासी अखिलेश कुमार ने बताया कि मैं दो महीने से इस केंद्र में हूं। संचालक और इंचार्ज मरीजों की हंटर से पिटाई करते हैं। दस दिन पहले मेरीभी पिटाई हुई थी। जिसका जख्म अभी भी मेरे पैरों में है। जेल से भी बदतर यहां हालात हैं। अखिलेश ने मरीजों की पिटाई से पहले संचालक तेज आवाज में म्यूजिक बजा देता था। ताकि चिल्लाने की आवाज बाहर न पहुंचे।

**हमलोग बैरक से देख रहे थे:** अखिलेश कुमार ने बताया कि रविवार को मधेपुरा के मरीज अमरेश की भी नि लोगों ने हंटर से पिटाई की। संचालक डॉ. सुमित कुमार, इंचार्ज सौरभ कुमार और सुमित का छोटे भाई छोटू ने उसे बहुत मारा। उनलोगों ने पहले अमरेश का हाथ बांधा। फिर मुंह में कपड़ा ठूंस कर तेज आवाज में म्यूजिक बजा दिया। फिर तीनों ने बारी-बारी से पिटाई की अखिलेश ने बताया कि यब नजारा हमलोग अपने बैरक से देख रहे थे। सभी लोग डरे हुए थे। युवक की सबसे ज्यादा पिटाई सुमित ने की। जिस दिन से मधेपुरा का मरीज आया था, उसी दिन से उसकी पिटाई की जा रही थी। हम लोगों को खाने तक के लिए नहीं दिया जाता था। पूरे दिन खाने के लिए सिर्फ भूंजा दिया जाता था।



**दो बच्चे और पत्नी को पीछे छोड़ गया मृतक:** मृतक अमरेश अपने पीछे दो बच्चों और पत्नी को पीछे छोड़ गया है। भाई ब्रजेश ने बताया कि भाई गल्ले का व्यापार करता था। शराब के कारण बीते कुछ दिनों से उसकी स्थिति खराब हो गई थी। हम लोगों को जानकारी भी नहीं थी कि भाई को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया जा रहा है। 25 की रात अचानक भाई की पत्नी ने नशा मुक्ति केंद्र वाले को कॉल किया। वे लोग गाड़ी से पहुंचे और भाई को लेकर चले गए।

**शहर में नहीं है निजी नशा मुक्ति केंद्र:** स्वास्थ्य विभाग के कुछ लोगों का दावा है कि शहर में एक भी प्राइवेट नशा मुक्ति केंद्र नहीं है। यहां अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं। हालांकि अब स्वास्थ्य विभाग मौत की जांच कराने की बात कह रहा है। उधर, शहर के एक शख्स ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि एक महीने पहले स्वास्थ्य विभाग को ऐसे अवैध नशा मुक्ति केंद्र की जानकारी दी थी। तब स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने यह कहकर टाल दिया था कि यहां किसी को नशा मुक्ति केंद्र का लाइसेंस नहीं दिया गया है। अब सवाल यह है कि जब जिम्मेदारों को अवैध नशा मुक्ति केंद्र की सूचना मिली तो उन्होंने अनदेखी क्यों की।

**सदर अस्पताल का केंद्र हुआ बंद:** सदर अस्पताल के कैंपस में 20 बेड के नशा मुक्ति केंद्र की बिल्डिंग मॉडल अस्पताल के निर्माण होने के चलते ध्वस्त कर दी गई। इसके बाद यहां व्यवस्थित केंद्र नहीं बनाया जा सका है। लिहाजा नशा मुक्ति केंद्र के नामपर अब सिर्फ मायागंज अस्पताल के मानसिक रोग विभाग में इलाज किया जाता है, लेकिन सदर अस्पताल की तुलना में वहां मानसिक रोगियों का भी इलाज होता है, जबकि सदर में सिर्फ नशा मुक्ति के मरीजों का अलग से इलाज किया जाता था। वहीं, पूर्व में चमेलीचक में भी एक नशा मुक्ति केंद्र चलाया जा रहा था, जहां मुफ्त में इलाज इस उम्मीद से की जा रही थी कि केंद्र सरकार से फंड मिलेगा, लेकिन जब फंड नहीं मिला तो दो माह के अंदर सेंटर को बंद कर दिया गया। संचालक विनय कुमार ने बताया कि हमें जब केंद्र से परमिशन नहीं मिला तो केंद्र को बंद कर दिया। इसके लिए कोई अग्रिम फंड नहीं मिला है।

**जांच करवाई जाएगी:** सिविल सर्जन डॉ. अंजना कुमारी मामले की जांच करवाने की बात कह रहीं हैं। उन्होंने कहा है कि प्राइवेट में कोई नशा मुक्ति केंद्र नहीं चल रहा है। किस तरह घटना घटी है, इसकी जांच करवाएंगे। हमलोगों ने किसी को इसके लिए परमिशन नहीं दिया है। जबकि उनका खुद का तबादला क्षेत्रीय उपनिदेशक पद पर मुंगेर हो चुका है। नए सीएस खगड़िया से यहां आने वाले हैं। ऐसे में मामले की गंभीरता से जांच पर संशय दिख रहा है।

**घटनास्थल का मुआयना किया गया है:** सिटी डीएसपी-1 अजय चौधरी ने कहा कि घटनास्थल का मुआयना किया गया है। केस दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल के सीसीटीवी का फुटेज खंगाला जा रहा है। केंद्र के सभी मरीजों को रेस्क्यू कर परिजनों को सौंपा गया है। एसडीएम और सीओ भी अपने स्तर से मामले की जांच कर रहे हैं।

**हड्डी-पसली टूटने पर खून जाम हो जाता:** JLNMCH में फॉरेंसिक मेडिसिन के एचओडी डॉ. संदीप लाल ने कहा कि मृतक के गले पर कई निशान मिले हैं। ऐसा कई बार छाती की हड्डी-पसली टूटने पर खून जाम होने से हो जाता है। संभव है चोट लगने से गले और ब्रेन तक खून सही से नहीं पहुंचा हो और जाम हो गया हो। इस वजह से भी ऐसे निशान उभर जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के लिए अब धारा 302 की जगह 101 लगेगा

**चंपानगर।** नए आपराधिक कानून को लेकर चंपानगर थाना परिसर में बैठक सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने किया।थानाध्यक्ष ने कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि,गणमान्य लोगों, महिलाओं एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को बताया कि देश भर में 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू हो गया है।भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए आपराधिक कानून आज से लागू हो गया है। आईपीसी की जगह अब भारतीय न्याय संहिता कानून ले लेगा। दरअसल, केंद्र की सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान इन तीनों नए कानूनों को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित कराए थे। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद ये तीनों कानून 1 जुलाई से पूरे देश में लागू हो गया है। कानून की धारा 375 और 376 की जगह अब नए कानून में दुष्कर्म की धारा 63 एवं गैंगरेप की धारा 70 हो गया है।

### स्वस्थ रहने के लिए अच्छी नींद और नियमित दिनचर्या जरूरी

**भागलपुर।** स्वस्थ रहने के लिए अच्छी नींद, नियमित दिनचर्या, व्यायाम व संतुलित भोजन जरूरी है। नशीले पदार्थ से परहेज करे। सोमवार को चिकित्सक दिवस पर मनस्वी हॉस्पीटल में मानसिक रोगियों की परिस्थितयों को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। डॉ. पंकज मनस्वी ने मानसिक स्वास्थ में आ रहे चुनौतियों के बारे में बताया। डॉ. पंकज मनस्वी ने कहा कि जिस प्रकार शरीर बीमार होने पर हम इलाज कराते हैं उसी प्रकार मन को आघात पहुचने पर इन परिस्थियों को छुपाना नहीं चाहिए। मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निवोदिता ने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया पर संतुलन बनाये रखे। मौके पर आशूतोष, राकेश थे।

### स्मार्ट सिटी के पेंडिंग प्रोजेक्ट तय समय पर पूरे हों: नगर आयुक्त

**भागलपुर।** नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह ने सोमवार को अपने कार्यालय में स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजनाओं की समीक्षा की। दरअसल स्मार्ट सिटी के कार्यकाल बढ़ने के बाद प्रोजेक्ट में और तेजी लाने कहा गया है। इसमें उन्होंने सीजीएम संदीप कुमार से कहा है कि निर्धारित समय के अंदर लंबित कार्यों को पूरा करें। स्मार्ट सिटी के पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त ने भैरवा तालाब सौंदर्यीकरण करने वाली कंपनी को नोटिस देने कहा है। स्मार्ट सिटी की कुल 19 परियोजनाओं में 15 का काम पूरा हो चुका है। जिसमें चार परियोजना अभी तक लंबित है। इनमें सबसे खराब स्थिति भैरवा तालाब की है इस तालाब के सौंदर्यीकरण का काम मात्र 54 प्रतिशत ही पूरा हो सका है। वह भी कुछ समझ में नहीं आ रहा है, स्मार्ट सिटी की ओर से कंपनी को करार के शर्तों के मुताबिक काम नहीं करने संबंधी मामले में नोटिस जारी की है और उनसे जवाब देने के लिए सात दिन की मोहलत दी है। स्मार्ट सिटी के पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि स्मार्ट सिटी की मल्टीलेवल कार पार्किंग, एयरपोर्ट की बाउंड्री संबंधी काम इस महीने पूरे कर लिये जाएंगे भैरवा तालाब मामले में कंपनी को नोटिस दिया गया है। शेष 15 प्रोजेक्ट पूरे किए जाने के बाद लगातार निगरानी में हैं, ताकि शहर के लोगों को इन परियोजनाओं का लाभ मिल सके। इधर भैरवा तालाब का पानी निकालने के लिए कंपनी ने टेंडर जारी किया है। भैरवा तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य पिछले साल बारिश का पानी भरने के बाद से ठप है। इसका पानी निकालने के लिए अप्रैल में ही टेंडर जारी किया। इसमें 900 मीटर की परिधि में फैले 4.50 मीटर गहरे तालाब से पानी निकालने के लिए कोटेशन जमा करने की तारीख चार मई तय थी। वहीं इस बीच तालाब से पंप लगाकर पानी निकालने का काम शुरू हुआ। स्मार्ट सिटी कंपनी ने इस पर होने वाले खर्च को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की है। पीआरओ ने सिर्फ इतना कहा है कि तालाब के सौंदर्यीकरण का काम करने वाली कंपनी को नोटिस दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि बरारी रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य मानसून के अनुसार होगा।

### वन विभाग परिसर में पेवर्स ब्लॉक वाली सड़क बन रही

**भागलपुर।** सुंदरवन स्थित वन विभाग कार्यालय परिसर में पेवर्स ब्लॉक वाली सड़क का निर्माण हो रहा है। नाला और सड़क दोनों साथ बनाया जा रहा। डीएफओ आवास से लेकर गरुड़ पुनर्वास केंद्र, कछुआ रेस्क्यू सेंटर समेत अन्य हिस्से में सड़क चौड़ीकरण भी हो रहा है। यहां पहले मोरंग मिट्टी वाली सड़क थी, बारिश में पानी इधर-उधर बहकर बर्बाद हो जाता था, अब इस पानी को व्यवस्थित करके आसपास के गड्ढों में जमा करने की तैयारी की जा रही है। रेंज अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सड़क व नाले का निर्माण सप्ताह भर के अंदर पूरा हो जाएगा।

### विधवा महिला की गोली मारकर हत्या, पूर्व में पति को भी बदमाशों ने गोलियों से था भूना



**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव की विधवा महिला ममता देवी की हत्या बदमाशों ने गोली मारकर कर दी। यह वारदात सोमवार की देर शाम को मुफस्सिल थाना इलाके के उड़सा गांव के पास हुई। महिला के पति को भी बदमाशों ने करीब 6 साल पहले गोलियों से भून दिया था। सूचना के बाद पहुंची मुफस्सिल थाना की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। इस गांव में भूमि का विवाद को लेकर पिछले कुछ वर्षों में कई हत्या की घटनाएं हो चुकी है।

**सभी पुराने विवाद को समाप्त करने की हुई थी पहल :** हालांकि, इस विवाद को समाप्त करने की बड़ी पहल हुई थी। इलाके के बुद्धिजीवि वर्ग के हस्तक्षेप से सभी पुरानी रंजिश को समाप्त कर शांति कायम करने कीप पहल की गई थी। इसी का नतीजा था कि विवादित 7 डिसमिल भूमि मृतका ममता देवी को दे दी गई थी। प्रतिद्वंद्वी अनिल सिंह के पिता राजेंद्र सिंह द्वारा जमीन की रजिस्ट्री ममता देवी के नाम कुछ दिनों पहले ही की गई थी। लेकिन, शायद शांति का पहल किसी को रास नहीं आया और ममता दवी को मौत की निंद सुला दिया। मामता की मौत के बाद उनके तीन बच्चों के सिर से ममता की छांव छिन गई। पहले पिता अब मां भी इस दुनियां में नहीं रही। ममता-विवेकानंद को 8-13 साल आयु की कुल 3 संतानें एक पुत्र और दो पुत्रियां है। इनका लालन-पालन बड़ी समस्या होगी।

**जांच में जुटी पुलिस :** फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। नवादा पुलिस द्वारा जारी अधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि बीबीपुरा गांव के पास महिला की हुई हत्या मामले की जांच की जा रही है। एफएसएल टीम को बुलाया गया। घटनास्थल से सैंपल लिया गया है। अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने और बदमाशों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने की बड़ी चुनौती सामने आ गई है।

### भूमि विवाद में चार लोगों पर केस किया गया दर्ज

**टेटिया बंबर।** गंगटा थाना क्षेत्र के जमघट गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक पक्ष के अशोक शर्मा ने गंगटा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें चार लोगों को नामजद किया है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने चारों पर घर पर चढ़कर गाली गलौज करने एवं जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इधर आवेदन के बाबत थानाध्यक्ष राहुल कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जमीन पर 144 लागू है।

# स्टेशन की बदल गयी तस्वीर, लेकिन यात्री सुविधा नदारद

**वारिसलीगंज ।** किऊल-गया रेलखंड में वारिसलीगंज से नवादा रेल लाइन का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण के बाद स्पीड ट्रायल करने आये दानापुर मंडल रेल प्रबंधक जयंत चौधरी को भाजपा कार्यकर्ताओं तथा रेल यात्री संघर्ष मोर्चा ने अपनी मांगों से संबंधित आवेदन सौंपा । डीआरएम ने अधिकांश मांगों की पूर्ति का भरोसा दिया. सौंपे गए आवेदन में कहा गया कि किउल -गया रेलखंड का वारिसलीगंज स्टेशन एक व्यावसायिक रेलवे स्टेशन है। यहाँ रेलवे रैक प्वायंट के कारण मालगाड़ी से हमेशा सामानों की ढुलाई होती रहती है। प्रतिवर्ष इस स्टेशन से करोड़ो रूपये का मुनाफा विभाग को होता है। इस स्टेशन से बिहार के निकटवर्ती नालन्दा, शेखपुरा जमुई आदि जिले के सुदूर गॉवो से आकर लोग ट्रेन पकड़ते है। कामाख्या एक्सप्रेस तथा गया-हावड़ा एक्सप्रेस के अलावे अन्य कोई एक्सप्रेस ट्रेन यहाँ नही रूकती है । यहाँ से सैकड़ो लोग दिल्ली, पुणे, वनारस आदि के यात्रियों को 30 से 80 कि०मी० दूरी तय कर ट्रेन चढना पड़ता है। स्टेशन का विकास कार्य जारी रहने के कारण प्लेटफॉर्म पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। संघर्ष मोर्चा ने वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन पर शीघ्र यात्री सुविधाओं की बहाली से संबंधित जिन मांगों को सौंपा है, उनमें वरिसलीगंज रेलवे स्टेशन से दिल्ली, पुणे आदि होकर गुजरने वाली हमसफर ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित करने के साथ ही जो भी ट्रेन इस स्टेशन होकर गुजरे, उसका ठहराव वारिसलीगंज स्टेशन पर करने की मांग की गई.वहीं, स्टेशन रोड से पूरब वरवीघा रोड तक जाने के लिए उपरी पैदल पुल बनाने की मांग की गई ताकि यात्रियों को जान खतरे में डालकर रेलवे ट्रेक पार न करना पड़े.जबकि स्टेशन से पूरब प्लेटफॉर्म की तरफ टिकट काउन्टर खोलने, प्लेटफॉर्म पर आने जाने के लिए उपरी पुल, यात्री शेड, कुर्सी, रिटाइरिंग रूप वेटिंग हॉल, शौचालय, पेयजल जलपान गृह के साथ ही सतत स्वच्छता की व्यवस्था की मांग की गई है. दूसरी ओर, इस



बात की उल्लेख की गई है कि केजी सेक्शन का एक मात्र 13023/13024 (गया-हावड़ा एक्स०) मुख्य ट्रेन है। लेकिन छोटा रैक ( 14-16 बोगी) होने के कारण आधे यात्री टिकट के बावजूद नहीं चढ़ पाते है। अतः इसे फूल रैक (24 बोगी) बनाने की मांग की गई.वहीं, वारिसलीगंज स्टेशन पर एक रेलवे पूछताछ कार्यालय खोलने, रेलवे की परती जमीन पर मार्केट बनाकर गरीबों, बेरोजगारो तथा जरूरतमंदों के बीच उचित किराया निर्धारित कर आवंटित करने, स्टेशन के पूरब की ओर स्थित एस० जी० बी० के साहू इंटर विद्यालय के विधार्थियों के लिए पैदल ऊपरी पुल बनाने, रेलखण्ड के दोहरीकरण तथा विद्युतीकरण के दरम्यान जिन गाँवों का मुख्य मार्ग से संपर्क बाधित है वहाँ समपार फाटक अथवा अंडर पास बनाने की मांग की गई. जबकि रेल यात्रियों तथा रेल सामानो की सुरक्षा के लिए वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस पिकेट की व्यवस्था की मांग की गई. सबसे बड़ी बात रही कि डीआरएम ने लगभग सभी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया. तत्पश्चात रेलवे सैलून से वे 120 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड में ट्रेन चलाकर नवादा के नव निर्मित रेलवे स्टेशन पहुंचे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह, मुखिया राजकुमार सिंह, चंद्रमौलि शर्मा, विजय कुमार राय, देवाश्रय सिंह, निरंजन कुमार, संजय कुमार मंगल, अजय कुमार राय, शंभू कुमार मुन्ना, अनिल यादव, मुनेश्वर प्रसाद कुशवाहा, मिथिलेश पासवान, संजीव कुमार दीपू, जनार्दन प्रसाद, संजय कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद थे ।

# द्वितीय अपील के तहत् शिकायतों का हुआ निवारण

**नवादा, आशुतोष कुमार वर्मा।** जिला पदाधिकारी, नवादा ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल 05 परिवादी उपस्थित हुए जिसमें से 02 मामलों का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद ज्योति सिंह, ग्राम- काजीबीघा, प्रखंड नरहट द्वारा ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर किया गया था, जिसको संबंधित पदाधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त मामले का निपटारा कर दिया गया। परिवादी मणिकांत कुमार, ग्राम-डोला प्रखंड पकरीबरमा द्वारा प्रथम अपीलीय प्राधिकार, नवादा द्वारा पारित आदेश से विक्षुब्ध होकर बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर किया गया। जिसमें संबंधित पदाधिकारी द्वारा जॉच प्रतिवेदन भेजा गया, जिसके अनुसार शिकायत का निवारण किया गया।



बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है। प्रखंडों में पंचायतों से संबंधित विवादध्समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर और रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों के सुनवाई और निवारण में दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं ली जाती है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है। अब ऑनलाईन भी शिकायतें अपील की जा सकती है। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय सीमा के अंदर समाधान पाएं।


**OFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
**e-mail :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com**

**Tender Notice e-Procurement Notice**

Tender Reference No.- UDHD/MMC/01/2024-25 Date :-01/07/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of Vender's Market, Near Congress Bhawan in ward no. 13 Medininagar Municipal Corporation, Medininagar, Palamau (Jharkhand) |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 2,81,68,292/- |
| 3 | Time of Completion | 18 Month |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 02/07/2024 AT 10:00 AM |
| 5 | Mode Of Submission Of Bids | 02/07/2024 AT 10:00 AM |
| 6 | Date Start Of Submission Of Bids | 02/07/2024 AT 10:00 AM |
| 7 | Pre-bid meeting | 12/07/2024 AT 12:20 PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Bids | 23/07/2024 AT 02:00 PM |
| 9 | Date Of Bid Opening | 24/07/2024 AT 02:00 PM |
| 10 | Name & Address Of Office Inviting Tender | e-Procurement Cell Municipal Commissioner –Cum- Administrator Medininagar Municipal Corporation |
| 11 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 12 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

**Note-** Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through http://jharkhand tenders.gov.inAny change can be seen on Website *http://jharkhand tenders.gov.in Any other information can be seen on* http://jharkhand tenders.gov.in

**Municipal Commissioner –Cum- Administrator**
**Medininagar Municipal Corporation**

PR.NO.328351 District(24-25):D



**कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू**
**(जिला विकास शाखा)**
Phone No. 06562-224077,224033 E-mail : ddc-pal@nic.in

**संशोधित अतिअल्पकालीन निविदा**
**PR. NO.327245**

सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–80/स्वी0, दिनांक–16.03.2023 के आलोक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (फेज–1) अन्तर्गत पलामू जिला के चयनित विभिन्न ग्रामों के लिए GFF (Gap Filling Fund) के तहत प्रशिक्षण से संबंधित स्वीकृत योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना है। इस हेतु इच्छुक संस्थान/फर्म से कार्यालय ज्ञापांक–437, दिनांक–21.06.2024 द्वारा अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रित करते हुए प्राप्त निविदा को दिनांक–01.07.2024 को अपराह्न 03:00 बजे निविदा–सह–क्रय समिति के समक्ष खोलने हेतु तिथि निर्धारित की गयी थी। उक्त निविदा प्राप्त करने/खोलने की तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक–05.07.2024 तक निर्धारित की जाती है।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता संशोधित तिथि दिनांक–05.07.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक सीलबंद दो अलग–अलग लिफाफा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड संबंधित कागजात उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा को दिनांक–05.07.2024 को अपराह्न 03:00 बजे निविदा–सह–क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। शेष शर्तें यथावत रहेगी।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 328422 District(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**
**(2nd) Call**
**निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR/05/2024-25 दिनांक–01-07-2024**

कार्य का नाम :– गढ़वा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में **32mm** व्यास के **I.M-II** हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को टर्न–की के आधार पर सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य (वित्तीय वर्ष 2024–25) :–

| क्र0 सं0 | प्रमंडल का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा | GAR/RRP-01 | 100 Nos. | 14,56,232.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 01 (एक माह) |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.07.2024 समय 12:30 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 10.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य – एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 10.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 11.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम - | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 0651-2490920 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा

PR 328410 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

## संक्षिप्त समाचार

### मूसलाधार बारिश से नवगछिया में जलजमाव



**नवगछिया, एजेंसी।** नवगछिया बाजार की मुख्य सड़क स्टेशन रोड में सोमवार को मूसलाधार बारिश के बाद जलजमाव हो गया। दुकानों और लोगों से घरों में पानी घुस गया। लोगों की आवाजाही बंद हो गई। बाजार वासियों के कहने पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रेमसागर उर्फ डब्लू यादव, पार्षद मुन्ना भगत, मुकेश राणा, शाहजहा सहित अन्य पार्षदों द्वारा बारिश में भींगकर जेसीबी से नाले को साफकर पानी निकासी करवाई। प्रेमसागर ने बताया कि कल से नाला निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। मौके अनूप भगत, नागेश्वर सिंह, विनोद सिंह पूर्व पार्षद मोनी गुप्ता, नगर परिषद प्रधान सहायक आलोक गुप्ता, कनीय अभियंता प्रभाकर कुमार, भुट्टो पासवान सहित कईकर्मियों ने सहयोग किया।

### नए कानून के तहत शेरघाटी में दर्ज हुआ पहला मुकदमा

**गया, एजेंसी।** तीन नए कानूनों के लागू होते ही शेरघाटी में सोमवार को पहली एफआइआर दर्ज हुई है। पहले मुकदमे का यह मामला बालू की अवैध ढुलाई का है। पुलिस ने इस मामले में बालू लदे ट्रेक्टर को जब्त करने के साथ उसके चालक एंव एक अन्य सहयोगी को भी गिरफ्तार किया है। शेरघाटी के थानेदार अजीत कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुढ़िया नदी से बालू के अवैध उत्खनन और ढुलाई की सूचना पर जब पुलिस ने छापेमारी की तो शेखपुरा मोड़ के पास बालू लाद कर भागते हुए एक ट्रेक्टर को पकड़ा गया। मौके से ट्रेक्टर चालक गणेश मांझी और उसके सहयोगी प्रिंस कुमार को पकड़ा गया है। दोनों घाघर गांव के रहने वाले हैं। बता दें कि डेढ़ सौ सालों से भी अधिक प्रचलन में रहे भारतीय दंड विधान या आइपीसी की धाराएं अब नये कानून लागू होते ही निरर्थक हो गई हैं। अब उसकी जगह भारतीय न्याय संहिता ने ली है। एसएचओ ने बताया कि अवैध बालू ढुलाई के मामले में बीएनएस अर्थात भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा किया जा रहा है। एक जुलाई से लागू होने वाले नए कानूनों को लेकर पुलिस अधिकारियों को ट्रेनिंग भी दी गई है। नए तरीके से नए फार्मेट में मुकदमा दर्ज करने और फिर अग्रेत्तर कार्रवाई करने के लिए शेरघाटी के एएसपी के रामदास भी पुलिसकर्मियों को गाइड कर रहे हैं।

### अस्पतालों की इमरजेंसी में दवा और उपकरण रखने का निर्देश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार ने आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लेते हुए इमरजेंसी में सभी प्रकार की दवा व उपकरण रखने का निर्देश दिया है। सोमवार को इसको लेकर सदर अस्पताल अधीक्षक सहित सभी पीएचसी प्रभारियों को कार्रवाई करने के लिए कहा। 'हिन्दुस्तान ने इमरजेंसी में इलाज नहीं होने को लेकर अभियान चलाया था। इसमें सदर, पीएचसी और एसकेएमसीएच की इमरजेंसी की बदहाली को प्रमुखता से उठाया गया था।सीएस ने कहा कि सदर और पीएचसी में आने वाले मरीजों को सीधे हायर सेंटर रेफर नहीं किया जाए। सदर और पीएचसी में आने वाले मरीजों का पहले पूरी तरह से इलाज किया जाए। उसके बाद जरूरत पड़ने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया जाए। सीएस ने यह भी निर्देश दिया कि इमरजेंसी के बाहर एंबुलेंस हर हाल में खड़ी रहे, ताकि मरीजों को वह तुरंत मुहैया हो सके। किसी भी मरीज को एंबुलेंस नहीं मिलने की शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। इमरजेंसी की बदहाल स्थिति पर सीएस ने अधीक्षक और पीएचसी प्रभारियों से तीन दिनों में स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

# भ्रष्ट अंचलाधिकारियों की संपत्ति जब्त करेगी नीतीश सरकार, 90 सीओ के खिलाफ चल रही जांच



**पटना , एजेंसी।** बिहार की नीतीश सरकार भ्रष्ट अंचलाधिकारी (सीओ) और राजस्व पदाधिकारी (आरओ) के खिलाफ अब कठोर कार्रवाई करेगी। भ्रष्टाचार के आरोपी राज्य के पदाधिकारियों की अवैध संपत्ति जब्त की जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अवैध तरीके से अर्जित की गई उनकी संपत्ति की जांच अपने स्तर से कराएगा। जरूरत पड़ने पर इसके लिए आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की भी मदद ली जाएगी। बता दें कि अभी 90 से ज्यादा सीओ के खिलाफ जांच चल रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सोमवार को इससे संबंधित आदेश जारी किया। विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम की शुरुआत करते हुए सोमवार को सुपौल के दो निवर्तमान सीओ के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन पर पद का दुरुपयोग कर अवैध कमाई करने के आरोप हैं। सुपौल के तत्कालीन सह भागलपुर जिला के इस्माइलपुर के वर्तमान सीओ प्रिंस राज तथा इसी अंचल से सेवानिवृत हो चुके पूर्व सीओ प्रभाष नारायण लाल पर गाज गिरी है। प्रिंस राज को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके खिलाफ विभागीय शुरू कर दी गई है, जबकि सेवानिवृत्त प्रभाष नारायण लाल के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने का आदेश दिया गया है।

### निजी लोगों को कर दी 50 सरकारी प्लॉट की बंदोबस्ती

इन दोनों पदाधिकारियों ने सुपौल में सरकारी या गैर-मजरूआ आम जमीन के करीब 50 प्लॉट का दाखिल-खारिज कर गलत तरीके से निजी लोगों को बंदोबस्ती कर दी थी। एवज में लाखों रुपये अवैध तरीके से लेने का आरोप दोनों पर है। अब इनकी अवैध संपत्ति की भी जांच होगी। इसके अलावा इस पूरे घपले में शामिल संबंधित अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनके खिलाफ भी सख्त विभागीय कार्रवाई करने का आदेश सुपौल डीएम को दिया गया है।

### 90 से ज्यादा सीओ के खिलाफ चल रही जांच

हाल के दिनों में बिहार के करीब तीन दर्जन अंचलाधिकारी किसी न किसी आरोप में जांच के दायरे में हैं। इसके अलावा पहले से 90 से अधिक अंचलाधिकारियों के खिलाफ किसी न किसी आरोप में जांच विभागीय स्तर पर चल रही है। ज्यादातर के खिलाफ पद के दुरुपयोग की शिकायतें हैं। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार के प्रमाण मिले तो इनकी भी संपत्ति जब्त होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने यह भी कहा कि पहले से जिन सीओ पर आरोप गठित या विभागीय कार्रवाई चल रही है, उन सभी के मामले की भी समीक्षा चल रही है। विभाग ने सभी सीओ और डीसीएलआर के कार्यों की समीक्षा भी शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि इनके कार्यकलापों पर पैनी रखी जाएगी। जो भी गड़बड़ी करते पकड़े गए उन पर सख्त कार्रवाई होगी।

### इस बार नहीं हुआ तबादला

जून का महीना सरकारी महकमों के लिए तबादले के महीने के तौर पर जाना जाता है। परंतु कई सालों के बाद इस बार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में इस महीने में किसी सीओ, डीसीएलआर, राजस्व कर्मचारी या अन्य अधिकारियों का तबादला नहीं हुआ। इस पर मंत्री जायसवाल ने बताया कि करीब 32 साल के दौरान जून में कोई तबादला नहीं किया गया है। इस बार सभी पदाधिकारियों को अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए कहा गया है। उनके कार्य का प्रदर्शन के आधार पर ही उनका तबादला होगा।

### चलती ट्रेन में महिला ने बच्चे को दिया जन्म, कर्मियों ने अस्पताल में कराया भर्ती

**किशनगंज , एजेंसी।** किशनगंज में एक महिला ने चलती ट्रेन में ही बच्चे को जन्म दे दिया है। फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों ही सुरक्षित है। जब ट्रेन में बच्चे की किलकारी गूंजी तो ट्रेन के यात्रियों के बीच खुशी का ठिकाना नहीं रहा, उक्त मामला जिला में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ठाकुरगंज के वॉर्ड सख्या 4 के रहनेवाले गौतम टुड्डू अपनी पत्नी मानवी सौरैन के संग साले के शादी में बुनियादपुर गए थे। जहां से बालूरघाट टेन से ठाकुरगंज आ रहे थे, इसी बीच किशनगंज से अलुआबाड़ी स्टेशन के बीच उनकी पत्नी को प्रसव पीड़ा होने लगा।

**जनरल बोगी में बच्चे को दिया जन्म :** बताया जा रहा है की रेल यात्रियों ने भी महिला की मदद की जिसके बाद तीन के जनरल बोगी में ही महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। इस दौरान यात्रियों का काफी सहयोग रहा और बच्ची के जन्म होने के बाद सभी यात्री खुशी मनाने लगे। ट्रैन के ठाकुरगंज स्टेशन पहुंचने के बाद रेल कर्मियों ने उन्हें एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

# बिहार के आधा दर्जन शहर 100 करोड़ में होंगे जगमग पटना समेत इन 6 शहरों में बनेंगे पावर सब-स्टेशन



**पटना, एजेंसी।** पटना सहित राज्य के आधा दर्जन शहरों की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए ऊर्जा विभाग ने आधा दर्जन जिलों में पावर सब-स्टेशन लगाने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग ने सहमति भी दे दी है। ये सब- स्टेशन पटना के कंकड़बाग, खगौल व बिहटा के अतिरिक्त समस्तीपुर, मधुबनी, बेतिया, छपरा, बेगूसराय और किशनगंज में बनाए जाएंगे। विभाग ने इसके निर्माण में आने वाली लागत को करीब 101 करोड़ रुपये बताया है। हर पावर सब-स्टेशन में 10-10 एमवीए के दो पावर ट्रांसफॉर्मर लगाये जाएंगे। इससे न सिर्फ संबंधित इलाकों की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा, बल्कि लगातार और हाई वोल्टेज युक्त बिजली प्राप्त हो सकेगी। विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में सभी पीएसएस प्रोजेक्ट के लिए टोकन राशि के तौर पर एक-एक करोड़ रुपये का आवंटन करा दिया है। वहीं, छपरा अंचल के विभिन्न जिलों में 33 केवी लाइन निर्माण को लेकर भी 9.04 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। पटना में तीन जगहों पर पावर सब स्टेशन बनेंगे। यह गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन (जीआइएस) आधारित होंगे। कंकड़बाग-2 में 14.86 करोड़ की लागत से श्रीराम स्कूल के पास, 14.01 करोड़ की लागत से खगौल के भगवतीपुर में तथा 12.76 करोड़ की लागत से बिहटा के सिमरी एवं पैनाल में पीएसएस का निर्माण होगा। इनके अलावा समस्तीपुर के विभूतिपुर प्रखंड स्थित देसरी गांव में 12.76 करोड़ की लागत से, मधुबनी के लदनियां प्रखंड में 10.82 करोड़ की लागत से सब-स्टेशन का निर्माण होगा। साथ ही बेतिया नगर निगम के तहत जीएमसीएच कॉलेज परिसर में 7.30 करोड़ की लागत से तो छपरा सदर प्रखंड के जयप्रकाश कॉलेज कैंपस में 8.77 करोड़ की लागत से सब-स्टेशन का निर्माण होगा। बेगूसराय नगर निगम के जीडी कॉलेज परिसर में 11.70 करोड़ से और किशनगंज जिले के पेठिया प्रखंड के दामलबारी गांव में 8.02 करोड़ की लागत से 10-10 एमवीए के दो-दो पावर ट्रांसफॉर्मर क्षमता के साथ पावर सब-स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।



## पटना के जगदेव पथ में शॉप में लगी आग:2 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**जालान शॉप का लाखों रुपए का सामान जलकर राख**

**पटना, एजेंसी।** पटना के जगदेव पथ स्थित जालान शॉप में सोमवार की देर रात अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना शास्त्री नगर थाना और अग्निशमन दस्ते को दी। सूचना मिलते ही अग्नि दस्ते की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसी बीच दुकान का लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा। बताया गया कि सोमवार की देर रात जगदेव पथ स्थित पिलर नंबर 13 के पास की दुकान जालान शॉप से अचानक धुआं निकालने लगा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना शास्त्री नगर थाना और अग्नि दस्ते को दी। पहले तो लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास करना शुरू कर दिया। सूचना मिलने के बाद अग्नि दस्ते की छह गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि सोमवार की देर रात जब दुकान बंद हो चुकी थी, तब दुकान के एक कोने से तेजी से धुआं निकलना शुरू हो गया। किसी अप्रिय घटना की आशंका से लोगों ने इसकी सूचना शास्त्री नगर थाने को दी।

### तेज बारिश से धंसी रेल पटरी, चरवाहे ने गमछा दिखाकर रुकवा दी ट्रेन ; बड़ा हादसा टला

**मुंगेर, एजेंसी।** बिहार के मुंगेर जिले में सोमवार को बड़ा रेल हादसा होते-होते बच गया। किउल-जमालपुर रेलखंड में महरना समपार फाटक के पास निर्माणाधीन एलएचएस पुल के करीब रेल पटरी धंसने से मेमू पैसेंजर ट्रेन दुर्घटना का शिकार होने से बच गई। अचानक हुई तेज बारिश से महरना नदी में बारिश का पानी आने से पुल के दोनों ओर की मिट्टी धंस गई। इससे अप और डाउन लाइन पर 10 फीट तक पटरियों के नीचे डेढ़ फीट गड्ढा हो गया। वहां से गुजर रहे चरवाहे ने जब देखा तो उसने गमछा दिखाकर ट्रेन को रुकवा दिया। जानकारी के मुताबिक चरवाहे ने सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे पटरी को धंसा हुआ देखा। उसने तुरंत भागकर गेटमैन राजेश कुमार शर्मा को इसकी जानकारी दी। उसी समय डाउन लाइन पर मेमू ट्रेन आ रही थी। चरवाहे ने सूझबूझ दिखाते हुए अपना गमछा निकालकर ट्रेन को धंसी हुई पटरी से पहले ही रोक दिया। इससे बड़ा रेल हादसा होते-होते बच गया। इस संबंध में धरहरा रेलवे स्टेशन के प्रबंधक प्रफुल्ल कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें एलसी गेट 20 के गेटमैन से पटरी धंसने की जानकारी मिली।

## अररिया में तीर मारकर किसान की हत्या, बदमाशों ने अचानक किया हमला

**खेत में जुताई कर रहे थे, जांच में जुटी पुलिस**

**अररिया, एजेंसी।** अररिया के भरगामा प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर उत्तर वार्ड संख्या 9 में जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की तीर मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान फूलचंद यादव के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार सोमवार की शाम करीब 4 बजे फुलचंद यादव अपने खेत की जुताई कर रहे थे। इसी बीच पूर्व से घात लगाए बैठे आठ से दस की संख्या में लोगों ने हरवे हथियार के साथ उसके विपक्षी तीर चलाने लगे। जिसमें एक तीर मृतक के गले में लगी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मंच गया।

### तीर मारकर की हत्या

मृतक के पुत्र छोटू यादव नें बताया कि मेरे पिता खेत की जुताई कर रहे थे। इसी दौरान मेरे पिता की तीर से वॉर कर हत्या कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते हीं ग्रामीणों की मदद से उनके शव को खेत से दरवाजे पर लाया गया और घटना की सुचना भरगामा पुलिस को दी गई। सूचना के बाद भरगामा थानाध्यक्ष मनीष कुमार, एसआई राजनारायण यादव, एसआई रौशन कुमार सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर विभिन्न विन्दुओं पर छानबीन करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया है।

### घर के एकलौते कमाऊ सदस्य थे मृतक

मृतक के मामा परमेश्वरी यादव और गजेंद्र यादव ने बताया कि मृतक फूलचंद यादव चार भाई है। जिसमें से तीन भाई शंकरपुर में रह रहे है। उन्होंने बताया कि मृतक के सहारे ही पूरा परिवार का भरण पोषण किया जा रहा था। मृतक पेशे से भजन कीर्तन और ड्राइवरी कर अपने परिवार का गुजर बसर कर रहा था। अब इन के मौत के बाद परिवार के रोजी-रोटी पर शामत आ गई है।



### जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी

थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया घटनास्थल पर स्थानीय ग्रामीण व परिजन से पूछताछ की जा रही है। दोषी को किसी भी सुरत मे बक्सा नहीं जाएगा।

# बदमाशों ने अचानक किया हमलासमय सीमा में पूरा करें स्मार्ट सिटी के कार्य: नगर आयुक्त



**भागलपुर, एजेंसी।** नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी के प्रबंध निदेशक नितिन कुमार सिंह ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्धारित समय सीमा के अंदर स्मार्ट सिटी परियोजना के लंबित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। सोमवार को प्रबंध निदेशक ने जुलाई माह की शुरुआत के क्रम में स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। इस दौरान स्मार्ट सिटी के सीजीएम संदीप कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी मांगी। अधिकारियों ने उन्हें शहर में स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। स्मार्ट सिटी के पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि प्रबंध निदेशक ने स्मार्ट सिटी की सभी परियोजनाओं को समय सीमा के अंतर्गत पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

### भैरवा तालाब में भरे पानी को निकालने का कंपनी निकाल चुकी है टेंडर

भागलपुर। पिछले वर्ष भैरवा तालाब में बारिश का पानी भरने के बाद से निर्माण कार्य ठप हो गया। वहीं अप्रैल में स्मार्ट सिटी की ओर से इस पानी को निकालने के लिए टेंडर भी जारी किया गया। इसमें 900 मीटर की परिधि में फैले और 4.50 मीटर गहरे तालाब से पानी निकालने के लिए निविदा मांगी गई थी। कोटेशन जमा करने की तारीख चार मई तय की गई थी। इस बीच तालाब से पंप लगाकर पानी निकालने का काम शुरू कर दिया गया। स्मार्ट सिटी के पीआरओ पंकज कुमार ने इस पर होने वाले खर्च को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की। वहीं अब उनका कहना है कि तालाब के सौंदर्यीकरण का काम करने वाली कंपनी को नोटिस दिया गया है। उसका जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भैरवा तालाब सौंदर्यीकरण करने वाली कंपनी को दिया गया है नोटिस

स्मार्ट सिटी की कुल 19 परियोजनाओं में से चार अभी तक लंबित हैं। इनमें सबसे खराब स्थिति भैरवा तालाब की है। इस तालाब के सौंदर्यीकरण का काम मात्र 54 प्रतिशत ही पूरा हो सका है। स्मार्ट सिटी की ओर से कंपनी को करार की शर्तों के मुताबिक काम नहीं करने संबंधी मामले में नोटिस जारी किया गया है और जवाब देने के लिए उन्हें सात दिन की मोहलत दी गई है। स्मार्ट सिटी के पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि स्मार्ट सिटी की मल्टीलेवल कार पार्किंग, एयरपोर्ट की बाउंड्री संबंधी काम इस महीने पूरे कर लिये जाएंगे। वहीं भैरवा तालाब मामले में कंपनी को नोटिस दिया गया है। शेष 15 प्रोजेक्ट पूरे किये जाने के बाद लगातार निगरानी में हैं ताकि शहर के लोगों को इन परियोजनाओं का लाभ मिल सके।

### केके पाठक की छुट्टियां खत्म, राजस्व में नहीं संभाला पदभार

**पटना , एजेंसी।**बिहार के चर्चित आईएएस अधिकारी केके पाठक की लंबी छुट्टी की अवधि 30 जून को खत्म हो गई। छुट्टी से लौटने के बाद 1 जुलाई से उन्हें नए पदस्थापना स्थान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में बतौर अपर मुख्य सचिव पदभार ग्रहण करना था। मगर सोमवार (1 जुलाई) को उन्होंने अपना नया दायित्व नहीं संभाला। ऐसे में केके पाठक को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। बता दें कि पिछले महीने ही नीतीश सरकार ने उन्हें शिक्षा विभाग से हटाकर उनका राजस्व एवं भूमि सुधार में तबादला किया था। उनकी जगह एस सिद्धार्थ को शिक्षा विभाग का एसीएस बनाया गया था।



# पिछले 700 सालों से घोंसलों में रह रहे हैं इस गांव के लोग

हर किसी का सपना अच्छे और आलीशान घर में रहने का होता है. हर कोई चाहता है उसका अपना घर हो तथा उसमें खूब सारी जगह हो. हर कोई चाहता है कि उसका अपना घर ऐसी जगह हो जहां हरियाली हो तथा वहां सूरज की रोशनी आती रहे. जिससे कि वह अपने घर में सुकून से रह सके. हालांकि इस धरती पर एक ऐसा गांव है. जहां के लोग पिछले 700 सालों से घर में नहीं बल्कि घोसले में रहते हैं. यह घर एकदम चिड़ियों के घोंसलों की तरह दिखता है. आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि ये लोग एक दो साल से नहीं, बल्कि कई पीढ़ियों से ऐसे घरों में रह रहे हैं. ऐसा गांव ईरान में है. ईरान के कंदोवन गांव के लोग घोंसलानुमा घरों में रहते हैं. अपनी अजीबोगरीब परंपरा के लिए ये गांव और यहां रहने वाले लोग दुनियाभर में मशहूर हैं. इस गांव के लोग पक्षियों की तरह घोंसले बनाकर रहते हैं. आप भले ही इन घरों को आम घर समझते हैं, लेकिन इस घर की खासियत जानकर आप हैरान रह जाएंगे.

## इस घर में सर्दियों में गर्मी और गर्मियों में ठंडी रहती है.

ये घर देखने में भले ही अजीब लगें, लेकिन रहने में काफी आरामदायक है. यह गांव 700 साल पुराना है. यहां रहने वाले लोग न हीटर का इस्तेमाल करते हैं, न ही एसी का इस्तेमाल करते हैं. यहां गर्मी के मौसम में ठंडी रहती है, जबकि सर्दी में गर्मी रहती है. अब आप सोच रहे होंगे कि इन घरों का निर्माण कैसे और क्यों हुआ? यहां रह रहे लोगों के पूर्वजों ने मंगोलों के हमलों से बचने के लिए ये घर बनाए थे. कंदोवन के प्रारंभिक निवासी यहां हमलावर मंगोलों से बचने के लिए आए थे. वे छिपने के लिए ज्वालामुखी चट्टानों में ठिकाना खोदा करते थे तथा वहीं उनका स्थायी घर बन जाता था. दुनियाभर में यह गांव अपने अनोखे घरों के लिए जाना जाता है.





# कैसे आता है मानसून

## क्या है इसके पीछे की साइंस



मानसून एक विशेष प्रकार का जलवायु परिवर्तन है, जो अपने साथ बारिश और आंधी लेकर आता है। इसे आमतौर पर गर्मी के अंत और वर्षा ऋतु के शुरू होने पर देखा जाता है। अक्सर 20 से 25 जून तक मानसून उत्तर भारत में दस्तक दे ही देता है और 15 जुलाई तक यह पूरे भारत में आ जाता है। सरल शब्दों में मानसून को आप रिवर्सल ऑफ विंड भी कह सकते हैं। यह कई कारणों से आता है। आइए आज हम आपको इसके पीछे की साइंस के बारे में बताते हैं।

### मानसून के बनने के पीछे कारण क्या हैं?

मानसून तब बनता है जब गर्मी के मौसम में हिंद महासागर में सूर्य विषुवत रेखा के ठीक ऊपर होता है। इस दौरान समुद्र का तापमान 30 डिग्री और पृथ्वी का टेंप्रेचर 45-46 डिग्री तक रहता है। ऐसे में, हिंद महासागर के दक्षिणी हिस्से में मानसूनी हवाएं एक्टिव हो जाती हैं और फिर ये विषुवत रेखा को पार करके एशिया की ओर बढ़ने लगती है। इस परिवर्तन के कारण हवा उच्च दबाव वाले क्षेत्रों से निम्न दबाव वाले क्षेत्रों की ओर प्रवाहित होती है, जिससे मानसून वायु गतिशील होती है। यह प्रक्रिया उषा और लवर्षा ऋतु के बीच स्थिर होती है और मानसून को उत्पन्न करती है।

### भारत के दो हिस्से में अलग तरीके से आता है मानसून

तेज हवाएं और बारिश वाले बादल जब बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में पहुंचते हैं, तो ये दो हिस्सों में बंट जाते हैं। इसका एक हिस्सा अरब सागर की ओर यानी गुजरात, मुंबई, राजस्थान से होते हुए आगे बढ़ता है। वहीं, इसका दूसरा हिस्सा बंगाल की खाड़ी से पश्चिम बंगाल, बिहार होते हुए हिमालय से टकराकर गंगा के तलहटी क्षेत्रों की ओर मुड़ जाता है। इस तरीके से मानसून भारत में दस्तक देता है।

### मानसून की उत्पत्ति कैसे हुई?

मानसून शब्द की उत्पत्ति अरबी भाषा के शब्द मौसिम से हुई है, जिसका अर्थ है- ऋतु या मौसम। इसकी उत्पत्ति अरब के समुद्री व्यापारियों द्वारा की गई थी। जानकारी के लिए बता दें कि समुद्री व्यापारी समुद्र में चलने वाली हवा को मौसिम कहा करते थे, जिसे धीरे-धीरे मानसून के रूप में जाना जाने लगा।

**मानसून मूलतः हिन्द महासागर एवं अरब सागर की ओर से भारत के दक्षिण-पश्चिम तट पर आनी वाली हवाओं को कहते हैं जो भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि में भारी वर्षा करातीं हैं। ये ऐसी मौसमी पवन होती हैं, जो दक्षिणी एशिया क्षेत्र में जून से सितंबर तक, प्रायः चार माह सक्रिय रहती है। यहां ये उल्लेखनीय है, कि मानसून हवाओं का अर्थ अधिकांश समय वर्षा कराने से नहीं लिया जाना चाहिये। मानसून पूरी तरह से हवाओं के बहाव पर निर्भर करता है। आम हवाएं जब अपनी दिशा बदल लेती हैं तब मानसून आता है। जब ये ठंडे से गर्म क्षेत्रों की तरफ बहती हैं तो उनमें नमी की मात्र बढ़ जाती है जिसके कारण वर्षा होती है।**

## क्या है मानसून और यह बरसात से कैसे अलग है?

भारत में केरल के रास्ते से मानसून का आगमन होता है, ऐसे में बहुत से लोगों को लगता है कि मानसून और बरसात दोनों ही एक चीज है, ऐसे में चलिए जानते हैं इसके बीच का अंतर। भारत में हर साल केरल के रास्ते मानसून भारत में प्रवेश करता है, यानी साल की पहली बारिश केरल से होते हुए पूरे देश में होती है। मानसून आने के बाद देश के अलग-अलग राज्यों में बारिश होने लगती है। ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जिन्हें यह लगता है कि मानसून और बरसात दोनों एक ही है, इन दोनों में बस शब्दों का अंतर है।

### मानसून क्या है?

मानसून अरबी भाषा के मौसिम शब्द से लिया गया है, इस शब्द की उत्पत्ति अरब के समुद्री व्यापारियों द्वारा की गई थी। बता दें कि समुद्री व्यापारी समुद्र में चलने वाली हवा को मौसिम कहा करते थे, जिससे ही धीरे-धीरे मानसूनके रूप में जाना जाने लगा। आम भाषा में मानसून को समझने की कोशिश करें, तो यह ऐसी हवाएं हैं, जो मौसम के अनुरूप अपनी दिशा बदलती है। मानसून एक तरह की ऐसी हवा है, जो जहां जाती हैं वहां बारिश कराती है और इसी कारण मानसून के आने से बारिश होती है।

वहीं मानसून का मतलब सिर्फ बरसात नहीं है, बता दें कि बरसात मानसून का हिस्सा मात्र है। वातावरण की एक पूरी प्रक्रिया ही मानसून है। इसके अलावा यह मौसमी बदलाव के कारण हवा की दिशा में होने वाला बदलाव है। आपको बता दें कि मानसून के कारण बरसात होती है, न की बरसात के कारण मानसून। बता दें कि मानसूनी हवा देश में प्रवेश करती है, जिसके बाद ही देश में बारिश की बूंदें गिरने लगती है। लगातार बारिश होने को ही बरसात कहा जाता है, जो किसी राज्य में 1 महीने रहता है तो किसी में 3 या चार।

### मानसून के आने के बाद कैसे होती है बारिश?

भारत में जब मानसूनी हवाएं दक्षिण-पश्चिम तट पर वेस्टर्न घाट से टकराती है, तब जा के देश में वर्षा या बारिश की स्थिति बनती है। ऐसा कई बार हो चुका है, जब मानसून (मानसून में घूमने के लिए जगह) अपने तय तिथि के साथ देश में नहीं पहुंच पाता। बता दें कि इसके पीछे कारण है, जैसे कई बार मानसून किसी चक्रवात से टकरा जाता है, जिसके कारण मानसून आने में देरी होती है, जिसके बाद बारिश में भी देरी होती है।





# इंग्लैंड के जंगलों में दुनिया का पहला ओपन थिएटर

इग्लैंड के साउथवॉल्ड के जंगलों में दुनिया का पहला ओपन थिएटर बन रहा है, जो इस माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। पूरी तरह से लकड़ी से तैयार हो रहे इस थिएटर में 350 लोगो की क्षमता होगी। यहां दिन में पेड़ों की छाया और रात में खुले आसामान के नीचे कार्यक्रम किए जा सकेंगे। इसे खासतौर से पर्यावरण प्रेमियों के लिए ही तैयार किया जा रहा है। यहां थिएटर आर्टिस्ट अपनी अदाकारी दिखाएंगे। साथ ही समय समय पर पर्यावरण के लिए पेड़ों के महत्व को भी समझाएंगे। इस थिएटर का नाम द थोरिंगटन थिएटर रखा गया है। यहां नाटक और म्यूज़िकल कान्टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। इस थिएटर को बनाने वाले चार्लोट बान्ड ने बनाया कि इस थिएटर को बनाने में किसी तरह के पेड़ का नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यहां दो बम गिरे थे, जिसकी वजह से यहां गड्ढ़ा बन गया है और ज्यादा पेड़ न होने के कारण उन्हें थिएटर के लिए जगह मिल गई।



# आखिर क्यों ट्रेन के पीछे X का निशान होता है?

ङ्ग का मतलब होता है कि यह ट्रेन का आखिरी डिब्बा है और ट्रेन के आखिरी डिब्बे पर X के साथ एलवी लिखने का मतलब होता है 'लास्ट व्हीकल'। अगर आप ध्यान देंगे तो एलवी हमेशा एक्स के निशान के साथ लिखा होता है। अगर किसी ट्रेन के पीछे यह निशान नहीं बना होता है, तो इसका अर्थ होता है कि कोई डिब्बा ट्रेन से अलग हो गया है। जिस कारण दुर्घटना होने के सम्भावना ज्यादा रहता है इसलिए दुर्घटना को रोकने के लिए यह निशान बनाया गया है। आपने जरूर देखा होगा की रेलवे क्रोसिंग पर गार्ड ट्रेन को हरी झंडी दिखाता है साथ ही वह यह भी सुनिश्चित करता है कि ट्रेन के लास्ट डब्बे में X का निशान बना हो। रात के समय ये सुनिश्चित करने के लिए क्रोस के निशान के नीचे एक लाल बत्ती लगी होती है जिसे देख कर रात में भी अंदाजा लगाया जाता है कि ट्रेन सेफ है।



# भारत का ऐसा गांव जहां के लोग अपने देश में खाते हैं और सोने के लिए दूसरे देश में जाते हैं

**भारत एक ऐसा देश है जहां के लगभग हर गांव में आपको कुछ अलग रिवाज या कुछ रोचक तथ्य जानने को मिलेंगे। जैसे-किसी गांव में सांप की पूजा होती है, किसी गांव में सिर्फ पुरुष ही खाना बनाते हैं तो कोई गांव काला जादू के लिए जाना जाता है।**



भारत में एक ऐसा ही गांव है जिसका नाम है लोंगवा। इस गांव के बारे में कहा जाता है कि यहां के लोग खाते हैं भारत में और सोने के लिए दूसरे देश में पहुंचते हैं। इस लेख में आपको भारत के लोंगवा गांव के बारे में कुछ रोचक तथ्यों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### लोंगवा गांव कहां है?

इस अनोखे गांव के बारे में बताने से पहले यह जान लेते हैं कि यह कहां है। आपको बता दें कि यह गांव भारत के नागालैंड और म्यांमार की सीमा पर स्थित है। नागालैंड के मोन जिले में स्थित यह गांव भारत का आखिरी गांव भी माना जाता है।(गुजरात में है अफ्रीकी गांव)

### लोंगवा गांव क्यों है अनोखा?

इस अनोखे गांव के बारे में एक नहीं बल्कि कई रोचक तथ्य है। कहा जाता है कि सीमा पर होने के चलते इस गांव का आधा हिस्सा भारत में पड़ता है और आधा हिस्स म्यांमार में पड़ता है। इसके अलावा लोंगवा गांव के बारे में कहा जाता है किसी-किसी घर का किचन भारत में स्थित है और सोने के लिए म्यांमार में जाते हैं। यही नहीं भारत के कुछ लोग खेती करने म्यांमार में जाते हैं तो कुछ म्यांमार से भारत में खेती करने आते हैं।

### क्या सच में इस गांव के मुखिया की 60 पत्नियां हैं?

इस अनोखे गांव के बारे में अगर सबसे अधिक कुछ चर्चित है तो वो है इस गांव का मुखिया। कहा जाता है कि इस गांव का जो व्यक्ति मुखिया है उनकी 1-2 या 3 नहीं बल्कि 60 पत्नियां हैं। इस मुखिया के बारे में यह भी बोला जाता है कि नागालैंड के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश और म्यांमार के लगभग 70 से अधिक गांवों में उनका प्रभुत्व है।

### क्या इस गांव के लोग म्यांमार की सेना में शामिल हैं?

लोंगवा गांव के बारे में कहा जाता है कि यहां के लोग भारतीय सेना के साथ-साथ म्यांमार की सेना में भी शामिल है। सीमा पर मौजूद होने के बाद कई लोगों के पास दोनों ही देशों में रहने का निवास स्थल है जिसके चलते सेना में शामिल होते रहते हैं। हालांकि, इस गांव के बारे में एक विचित्र कहानी भी है कि इस गांव के लोगों में खोपड़ी पहने का रिवाज है जिसे देखने के बाद एक आम व्यक्ति डर जाता है। आपको बता दें कि इस गांव में घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन जगहें भी हैं।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### स्मार्टफोन में उलझे इंसान में घर कर रही सुस्ती की बीमारी

जब किसी व्यक्ति को सुस्त देखा जाता है, तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है या फिर वह आलसी है। मगर यह इसलिए भी संभव है कि उसकी सक्रियता में कई वजहों से कमी आ रही हो और उसका कारण कोई शारीरिक बीमारी नहीं हो। हालांकि बीमारी की वजह से अगर सक्रियता में कमी आती है तो यह भी सही है कि सक्रियता में कमी से शरीर में बीमारी घर बनाती है। विडंबना यह है कि वक्त के साथ विस्तृत होते दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता में तेजी से कमी आई है।'द लांसेट ग्लोबल हेल्थ' जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह उजागर हुआ है कि सन 2022 में भारत की सत्तावन फीसद महिलाएं शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं थीं, जबकि पुरुषों में यह दर बयालीस फीसद थी। अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर मौजूदा परिपाटी जारी रही तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़ कर साठ फीसद तक पहुंच जाएगी।अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसी देश की साठ फीसद आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में वहां आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। आमतौर पर अधिक आबादी वाले देशों में रोजी-रोटी का मसला इस तरह जटिल होता है कि ज्यादातर लोगों को जीवन चलाने के लिए शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहना पड़ता है। सवाल है कि आखिर भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी तादाद में लोग सुस्त होते जा रहे हैं!विचित्र यह भी है कि लोगों की व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई है। ऐसे तमाम लोग हैं, जिनका आधे घंटे का कोई काम टलता रहता है, मगर रोजाना वे पांच या सात घंटे या इससे ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों पर, सोशल मीडिया या अन्य आभासी मंचों पर बर्बाद करते हैं। महामारी के दौरान घर से काम करने की व्यवस्था जब चलन में आई थी, उसने भी लोगों के ज्यादा शिथिल होने में भूमिका निभाई। शारीरिक सक्रियता में कमी की वजहों और नतीजों पर अगर गौर नहीं किया गया तो इन सबका समुच्चय आखिर व्यक्ति को विचार से कमजोर करेगा।

### कनाडा में आतंक का महिमामंडन

वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की बात और अपने देश में प्रकारांतर से आतंकवाद का समर्थन और महिमामंडन मानो कनाडा की फितरत होती जा रही है। पिछले कुछ समय से यह लगातार देखा जा रहा है कि एक ओर कनाडा भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग का संबंध मजबूत करने की दुहाई देता है और दूसरी ओर वह भारत के खिलाफ आतंकी तत्वों को संरक्षण देता है, उनके लिए सहानुभूति का सार्वजनिक प्रदर्शन करता है। हालांकि कनाडा के इस चेहरे को समझना अब मुश्किल नहीं रह गया है और एक तरह से यह भारत के लिए सजग रहने का वक्त है। यही वजह है कि आतंकवादियों के प्रश्रय देने के कनाडा के रुख के मद्देनजर अब भारत ने भी स्पष्ट प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है। वर्ष 1985 के कनिष्क बम विस्फोट की उनतालीसवीं बरसी पर कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाली गतिविधियों को निंदनीय करार देते हुए भारत ने साफ शब्दों में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी कार्रवाइयों को वहां इजाजत दी जाती है, जबकि शांतिप्रिय देशों और लोगों की ओर से आतंकवादी गतिविधियों की निंदा की जानी चाहिए।गौरतलब है कि कनिष्क बम विस्फोट की घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार तीन सौ उनतीस लोगों की जान चली गई थी। मरने वालों में ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। माना जाता है कि उस समय के खालिस्तान समर्थक आतंकवादी तत्त्व कनिष्क बम विस्फोट की घटना के लिए जिम्मेदार थे। इसके बावजूद कनाडा पर खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण देने के आरोप लगते रहे हैं। आमतौर पर कनाडा इन आरोपों से इनकार करता रहा है, मगर वह इस सवाल का जवाब नहीं दे पाता कि अगर वह आतंकवाद में विश्वास रखने वालों को प्रश्रय नहीं देता है तो वहां की संसद तक में किसी खालिस्तानी तत्त्व की याद में गतिविधियां क्यों आयोजित होती हैं। हाल ही में खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडा की संसद में 'एक मिनट का मौन' रखा गया था, जिसकी भारत ने तीखी आलोचना की थी।विचित्र यह है कि कनाडा की ओर से भारत के साथ कई मुद्दों पर साथ होने और आर्थिक-राष्ट्रीय सुरक्षा पर चर्चा करने की दुहाई दी जाती है और साथ ही वहां की संसद में खालिस्तान समर्थकों की हिमायत में 'एक मिनट का मौन' रखा जाता है। सवाल है।

## मोदी सरकार के लिए विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं

(योगेंद्र योगी)

*हुल गांधी को केंद्रीय मंत्री के समान वेतन, भत्ता और दूसरी सुविधाएं मिलेंगी। राहुल को कैबिनेट मंत्री के आवास के स्तर का बंगला मिलेगा। उन्हें कार, ड्राइवर की सुविधा भी दी जाएगी. साथ ही 14 लोगों का स्टाफ मिलेगा। बतौर सांसद राहुल गांधी को एक लाख रुपए और 45 हजार भत्ता मिलता है, लेकिन नेता विपक्ष बनने के बाद उन्हें मासिक वेतन और दूसरे भत्तों के लिए 3 लाख 30 हजार रुपए मिलेंगे।*

पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आई भाजपा गठबंधन सरकार के लिए इस बार विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष के कारण केंद्र सरकार को अपना रवैया पिछले कार्यकाल की तुलना में नरम रखना होगा। इसका प्रमाण भी लोकसभा में मिल गया। विपक्ष ने जिस तरह के तेवरों से आगाज किया है, सत्तारुढ़ दल उस तरह प्रतिरोध नहीं कर पाया जिस तरह पहले और दूसरे कार्यकाल में किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरुआत सामंजस्य बिठाने से की है। पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं। पीएम मोदी ने मणिपुर की घटना का लोकसभा और सार्वजनिक मंचों का जिक्र तक नहीं किया। इस बार भाजपा गठबंधन सरकार का ऐसी स्थितियों से बचना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष की घेराबंदी से सरकार को ऐसे सार्वजनिक मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का भारी दवाब होगा। लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर और भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के दौरान एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद नारा लगाया- जय भीम, जय तेलंगाना और फिर जय फलिस्तीन कहा। फिर उन्होंने अल्लाह-ओ-अकबर के भी नारे लगाए। इस पर भाजपा के कई सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने विरोध दर्ज करवाया। इस पर प्रोटेम स्पीकर ने कहा कि अगर ओवैसी ने कोई आपत्तिजनक बात कही है उसे कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। ओवैसी हैदराबाद से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। वह पांचवी बार सांसद बने हैं। विवाद के बाद ओवैसी ने सफाई दी और कहा कि फिलीस्तीन बोलना संविधान के खिलाफ कैसे है। भाजपा सांसद जी किशन रेड्डी का काम ही विरोध करना है। भाजपा के पिछले कार्यकाल के दौरान यदि ओवैसी इस तरह शपथ लेते तो निश्चित तौर पर उन्हें भाजपा सांसदों का भारी विरोध सहना पड़ता, जोकि इस बार इस बार साामन्य नजर आया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी। राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नौ जून, 2024 से प्रभावी रहेगा। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजकर कांग्रेस के इस फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया था कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनके लिए यह अधिकारों की लड़ाई लडने् की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं है, यह आपकी आवाज बनकर आपके हितों और अधिकारों की लड़ाई लडने् की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। लोकसभा के पिछले कार्यकाल में कांग्रेस की लगातार मांग के बावजूद संख्या बल का हवाला देते हुए मोदी सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं की थी। 17 वीं लोकसभा में पर्याप्त संख्या बल नहीं होने पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद रिक्त रहा। नेता प्रतिपक्ष की सदन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका और संवैधानिक अधिकार होते हैं। इनमे कटौती करना सत्तारुढ़ दल के लिए संभव नहीं है। यह एक सम्मानीय पद है। राहुल गांधी के लिए भाजपा जिस तरह का वक्तव्य हर वक्त इस्तेमाल करती रही है, वह अब संभव नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष की हैसीयत सत्तारुढ़ दल के नेता से कम नहीं होती। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की आवाज उठाते हुए नजर आने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बहुत कुछ बदलकर रख दिया है। राहुल गांधी के तौर पर पूरे दस सालों बाद सदन के भीतर विपक्ष को अपना सेनापति मिला है. 2014 में सत्ता से बेदखल होने के बाद कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है, क्योंकि पिछले दस सालों से पार्टी के पास इस पद को पाने के लिए जरूरी 54 सीटें तक नहीं थीं। इस बार कांग्रेस के पास लोकसभा में 99 सीटें हैं और इसीलिए 20 साल लंबे राजनीतिक करियर में राहुल गांधी को पहली बार संवैधानिक पद मिला है। हालांकि, राहुल के लिए आगे का सफर आसान नहीं होगा। विपक्ष के सेनापति के तौर पर और संवैधानिक पद पर होने की वजह से राहुल गांधी को कई जिम्मेदारियां निभानी हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नेता विपक्ष बनने पर बधाई मिल रही है, लेकिन विपक्ष के नेता ये भी कह रहे हैं कि पूरे गठबंधन के हितों का ध्यान रखा जाए। नेता प्रतिपक्ष न सिर्फ अपनी पार्टी को बल्कि पूरे विपक्ष का नेतृत्व करता है। नेता प्रतिपक्ष कई जरूरी नियुक्तियों में पीएम के साथ बैठता है। मतलब ये कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी साथ मिलकर कई फैसले लेंगे। दोनों के राय से फैसले लिए जाएंगे। चुनाव आयुक्त, केंद्रीय सतर्कता आयोग के अध्यक्ष, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष इन सभी पदों का चयन एक पैनल के जरिए किया जाता है, जिसमें प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष शामिल रहते हैं। अब तक राहुल गांधी कभी भी मोदी के साथ किसी पैनल में शामिल नहीं हुए हैं। राहुल गांधी भारत सरकार के खर्चों की जांच करने वाली लोक लेखा समिति के अध्यक्ष होंगे। राहुल सरकार के कामकाज की लगातार समीक्षा करेंगे। वह ये जानने की कोशिश करेंगे कि सरकार कहां पर कितना पैसा खर्च कर रही है। राहुल गांधी दूसरे देशों के राष्टपति या प्रधानमंत्री को राष्टीय मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण देने के लिए भारत बुला सकते हैं। मतलब कि अगर वह किसी मुद्दे पर विदेशी मेहमानों से चर्चा करना चाहें तो वह ऐसा कर पाएंगे। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुखों के चयन में भी अहम भूमिका निभाने वाले हैं। वह पिछले 10 साल से इन एजेंसियों पर काफी आरोप लगाते आए हैं। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल को पद भी मिला है और उनका कद भी बढ़ गया है। नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी को कई अधिकार और सुविधाएं मिलेंगी।

## टूटी-फूटी सड़कों पर टोल-टैक्स लेना ज्यादती है

(ललित गर्ग)

नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक-जीवन को न केवल अस्त-व्यस्त कर रही है, बल्कि आहत, पीड़ित एवं परेशान भी कर रही है। ऐसी अनेक सुविधाएं हैं जो सरकार के द्वारा जनता के लिये उपलब्ध कराई जाती है, इसके लिये सरकार टैक्स वसूलती है। बेहतर सेवाओं के नाम पर सरकारें कई तरह के शुल्क वसूलती है, इसमें कोई आपत्ति एवं अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन सेवाएं बेहतर न हो फिर भी उनके नाम पर शुल्क या कर वसूलना आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी है। यह एक तरह से आम जनता का शोषण है, धोखाधड़ी है। राजमार्ग एवं अन्य मार्गों पर बेहतर एवं सुविधाजनक सड़कों के नाम पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन विडम्बना एवं त्रासदी यह है कि टूटी-फूटी सड़कों के नाम पर भी टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण एवं आपत्तिजनक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान में जनता के इस बड़े होते दुःख, धोखाधड़ी एवं शोषण पर न केवल दुःख जताया बल्कि ऐसी जबरन की जा रही वसूली को रोकने के लिये अधिकारियों को चेताया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। रोड टैक्स का उपयोग राज्य के भीतर सड़कों के रखरखाव और विकास के लिए किया जाना चाहिए न कि सरकार की आमद को बढ़ाने के लिये। ऐसे अनेक उदाहरण है कि बिना सुविधा एवं आवश्यकता के भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से टोल वसूलती है। दूसरी ओर, टोल टैक्स एक उपयोगकर्ता शुल्क है जिसे वाहन मालिकों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या निजी ठेकेदारों को कुछ टोल सड़कों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल और सुरंगों का उपयोग करने के लिए देना पड़ता है। जो अन्य सड़कों की तुलना में इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की माना जाता है। निश्चित रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क-क्रांति की है बल्कि व्यवस्था की खामियों को सुधारने के भी सराहनीय प्रयास किये हैं। किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है; लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्रोत नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता के लिए बेहतर और सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने का साधन होनी चाहिए। निश्चित तौर पर गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी एवं अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर भी लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने की स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों को लेकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं में विरोध एवं विद्रोह पनप रहा है, इसलिये सरकार एवं ऐसी एजेन्सियों के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। किसी भी विभाग को अपनी खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार होना चाहिए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5419

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | 7 | |
| 7 | | | 2 | 5 | | | | |
| 3 | 1 | | | | 6 | 7 | | |
| | | 5 | | 7 | | 1 | | |
| | | 6 | 4 | | | | 8 | 9 |
| | | | | 9 | 7 | | | 2 |
| | 2 | | 8 | | | 6 | 5 | |
| | 8 | 1 | | | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5418

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 |

## आज का राशिफल

### मेष
आपका दिन सफलता से भरा होगा। आज प्रतिद्वन्दी आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता के योग बन रहे हैं और आपके धन में वृद्धि होगी। कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके शाम का वक्त परिवार के लोगों के साथ बिताएंगे और कहीं आउटिंग पर जाएंगे।

### वृष
आज का दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां रहेंगी और आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां होंगी और आपको मेहनत करनी पड़ेगी। आपका सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी और दिन शानदार बीतेगा।

### कर्क
आज दिन सम्मान से भरा होगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। महीने का आखिरी दिन आपके लिए विजय कारक है। आज आपको प्रतिष्ठित लोगों का साथ मिलने से आपको आगे चलकर इसका लाभ होगा। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा।

### सिंह
आज पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष पराजित होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा। आपको लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने के योग हैं। सायंकाल के समय स्वास्थ्य कुछ ढीला हो सकता है, ध्यान रखें।

### मिथुन
आज का दिन सामान्य है और हर कार्य में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। ग्रहों के शुभ योग से आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। संतान की ओर से खुश रहेंगे और मन प्रसन्न होगा। हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है।

### कन्या
आज लाभ का दिन है और आज आपके लिए कर्मफल में सिद्धि का दिन है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने के योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से चल रहे विवाद का अंत होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### तुला
आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिए गए निर्णय आगे चलकर फायदा देंगे। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। आज कोई व्यक्ति ऑफिस में आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है। सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें।

### वृश्चिक
आज भाग्य साथ देगा। विरोधियों का षड्यंत्र असफल होगा और आपके कार्य सफल होंगे। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपका खर्च भी अधिक होगा। शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त होगी और आनंद में वृद्धि होगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित हो सकता है।

### मकर
आज मन प्रसन्न रहेगा। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। आपके गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे और व्यर्थ की भागदौड़ करने से आपको काफी थकान और तनाव हो सकता है। पारिवारिक अशान्ति के कारण आपका ऑफिस का काम प्रभावित हो सकता है। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी।

### कुंभ
आज दिन करियर के मामले में काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा और आपको दौड़भाग करके अपने कार्य पूर्ण करने होंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में आ सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएंगे तो आपके लिए सफलता के योग बनेंगे। आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे और आपका मार्गदर्शन करेंगे।

### धनु
आज धन में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और कहीं यात्रा पर जाने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। आपको परिवार के लोगों के साथ किसी शुभ कार्य पर जाने का मन करेगा और प्रसन्नता होगी।

### मीन
आज लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपको सफलता प्राप्त होगा। घर में धन धान्य में वृद्धि होगी। मित्रों से धन का लाभ होगा। विजय प्राप्त होगी और आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। रात्रि में शुभव्यय होगा और कार्य सफल होंगे और योजनाएं पूर्ण होंगी। मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

## वर्ग पहेली 5419

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | ■ |
| 12 | 13 | 14 | | | | 15 | 16 |
| ■ | 17 | | | ■ | ■ | 18 | |
| 19 | | ■ | 20 | | 21 | ■ | |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | | |
| ■ | ■ | 25 | | | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. यह एशिया का निष्प्राण क्षेत्र कहलाता है (3)
4. यह देश 1814 में ब्रिटेन के अधीन हो गया था और 26 मई 1966 को राष्ट्रमंडल के भीतर स्वाधीन बना जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
7. हस्तलिखित, उपरोपित, पैबंदी (3)
9. एक बार सांस लेने का समय, बल, कश, फूंक (2)
10. किसी वी.आई.पी. के आने पर की जाने वाली तोपों का फैर (3)
12. इस स्वतंत्रता सेनानी को पंजाब केसरी भी कहा जाता था (8)
17. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
18. अंधकार, तमोगुण, विजय वासना रूपी अज्ञान (2)
19. जल, आब, नीर, पानी (2)
20. थलीय धरातल, पृथ्वी (3)
22. अनलंकृत, दर्पहीन, सरल, सामान्य (3)
24. कुएं के आसपास बना हुआ चबूतरा (4)
25. मनुहार, मनाने का काम, मन्नत (4)

**ऊपर से नीचे**
1. रसोईघर को यह भी कहा जाता है (4)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. सुमात्रा द्वीप में होने वाली एक प्रकार की घास (2)
5. अविस्मरण, स्मृति, वियोग, दुख (2)
6. संज्ञा, इस्म, उपाधि, संज्ञिका (2)
8. मिलन, समझौता, समागमन, इस फिल्म में शत्रुघ्न सिन्हा ने सर्प की भूमिका निबाही थी (3)
10. श्रृंगार करना, तैयार होना, बनना-ठनना (6)
11. प्रेमी, पुरूष मित्र को यह भी कहा जाता है (2)
13. उत्तराधिकारी, अनाथ, स्वामीहीन (4)
14. राल, लुआबा, लासा (2)
15. निशा, विभावरी, रात्रि, रजनी (2)
16. यमराज की भेजे जाने वाले संदेशवाहक (4)
21. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (3)
23. समाकार, समकोटीय, अनेतर, सदृश्य (2)

### वर्ग पहेली 5418 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ह | री | न | ■ | म | हु | आ |
| या | र | ■ | म | दी | ना | ■ | स |
| र | फ | बु | क | ■ | व | ■ | पा |
| ■ | ■ | त | ह | स | न | ह | स |
| सु | ख | ■ | ला | वा | ■ | स्ती | ■ |
| न | ल | ■ | ल | लि | ता | ■ | फौ |
| य | ■ | आ | ■ | या | र | बा | ज |
| ना | म | ज | द | ■ | क | र | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### चार पहिया वाहन के चपेट में आने से रूंगटा स्कूल के चार छात्र जख्मी

**चाईबासा, एजेंसी।** चार पहिया वाहन के चपेट में आने से एमएल रूंगटा स्कूल के चार छात्र जख्मी हो गए। जख्मियों में मुफस्सिल थाना अंतर्गत खूंटा गांव निवासी 17 वर्षीय कृष्ण तियु, 18 वर्षीय बिरसा तियु, 16 वर्षीय चेंगो तियु और कुसतुइया गांव निवासी 18 वर्षीय बिनराय पूर्ति शामिल हैं। कृष्ण तियु और चेंगो तियु कक्षा 10 के छात्र हैं तथा बिरसा तियु और बिनाराय पूर्ती 12वीं कक्षा के छात्र हैं ।जानकारी के अनुसार सभी स्कूल से छुट्टी होने के बाद लगभग 3.15 बजे साइकिल से गांव लौट रहे थे। रास्ते में विपरीत दिशा से एक काला रंग की कार सभी को धक्का मारते हुए निकल गई। सभी विद्यार्थी अपनी-अपनी साइकिल से जमीन पर गिर पड़े। इससे सभी को हाथ और पैर में चोट लगी है। इसके बाद 108 एम्बुलेंस से घटनास्थल से उठाकर उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

### नया कानून : अवैध शराब बेचने व सरकारी कार्य में बाधा डालने की पहली प्राथमिकी सरायढेला थाने में दर्ज

**धनबाद, एजेंसी।** नया कानून लागू होते ही सरायढेला थाना में सोमवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत पहला मामला दर्ज किया गया. एसओजी प्रभारी एसआइ रवींद्र कुमार की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में अवैध रूप से शराब बेचने और पुलिस वालों के काम में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है. होटल विश्वास के मालिक मुकेश कुमार, विक्रम सिंह और सीएमपीएफ कॉलोनी में रहनेवाले बापी सिंह के खिलाफ कांड संख्या-149/24 पर बीएनएस की धारा यू/एस274/275/121/126/132/3 तथा 47(बी) एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.रविवार को एसएसपी की एसओजी टीम ने बलियापुर बाइपास रोड स्थित होटल विश्वास में अवैध रूप से चल रहे बार में छापेमारी की थी. इस दौरान अवैध बार के संचालक मुकेश कुमार को अन्य लोगों ने भगा दिया और पुलिस से उलझ गये थे. इसके बाद पुलिस दो लोगों को उठाकर थाना ले आयी. यहां पर सभी के खिलाफ कार्रवाई हुई. बार संचालक फरार है.

### कांके सीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**रांची, एजेंसी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को सीओ जय कुमार राम ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सीओ जय कुमार राम ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची द्वितीय विशाष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किए जाने वाले विभिन्न कार्यों, आगामी विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर विभिन्न कारणों से मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन आदि को लेकर सभी दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा मतदान केंद्रों को बदलने सहित कई आवश्यक सुझाव दिया गया। जिसके बाद सीओ द्वारा कांके प्रखंड क्षेत्र के 15 मतदान केंद्रों को बदलने पर सहमति बनी। बैठक में कांग्रेस के संजर खान, अबुतलहा अंसारी, भाजपा के प्रभात भुषण, इम्तियाज भारती, झामुमो के जावेद अख्तर अंसारी, रतन अनमोल सांचा, आजसू के अमन नाथ शाहदेव, विरेन्द्र तिवारी, महमूद आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रैगिंग से परेशान जूनियर छात्रा ने कस्तूरबा विद्यालय छोड़ा

**धनबाद/भौंरा, एजेंसी।** भौंरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय झरिया में कुछ सीनियर छात्राएं अपनी जूनियर छात्राओं के साथ रैगिंग करती हैं। यह आरोप एक जूनियर छात्रा के अभिभावक ने लगाया है। सातवीं की एक छात्रा के अभिभावक ने पूरे मामले की जानकारी पत्र लिखकर डाक से डीसी को भेजा है। अभिभावक की शिकायत पर वार्डेन ने कार्रवाई के लिए जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में पीड़ित छात्रा के परिजन ने पत्रकारों को भी जानकारी दी। डीसी को दिए गए पत्र में कहा है कि उनकी पुत्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय झरिया में सातवीं की छात्रा है। उनकी पुत्री ने उन्हें फोन से बताया कि उसके विद्यालय की ही सीनियर छात्राएं प्रत्येक रात को जबरन उसके रूम में घुस आती हैं। उससे और अन्य जूनियर छात्राओं के साथ गंदी-गंदी हरकतें करती हैं।

# राहुल गांधी के हिंदू वाले बयान पर झारखंड की राजनीति गर्म, बाबूलाल मरांडी ने बोला करारा हमला



**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सदन में बोले गये हिंदू वाले बयान पर सियासी रण छिड़ गया है. सत्ता पक्ष के लोगों ने उनके इस बयान पर आपत्ति जतायी. अब इस मामले में झारखंड की राजनीति भी गर्म हो गयी है. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि करोड़ों हिंदुओं को झूठा और नफरती बताकर राहुल गांधी ने फिर से अपने हिन्दू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है.

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राहुल गांधी ने करोड़ों हिंदुओं को झूठा और नफरती बताकर अपने हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया. उन्होंने कहा कि वह एक एक संवैधानिक पद पर बैठे हैं. संसद भवन के अंदर बैठे व्यक्ति का ऐसा वक्तव्य देना बहुत ही गंभीर विषय है. उन्हें और कांग्रेस पार्टी को इस शर्मनाक हरकत के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए.

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि राहुल गांधी मुस्लिम तुष्टिकरण में अंधे हो चुके हैं. उनका यह बयान हिंदू धर्म के खिलाफ खतरनाक और सुनियोजित साजिश का हिस्सा है. कल तक इंडी अलायंस के नेता सड़कों पर हिन्दू धर्म को मिटाने की बात करते थे. लेकिन आज संसद के अंदर हिन्दू धर्म का अपमान कर कांग्रेस नेता और इंडी एलायंस की पूरी जमात ने अपने बर्बादी को निमंत्रण दे दिया है. उन्होंने कहा कि देश की जनता इसका उचित जबाव देगी.

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से संसद में दिये गये बयान के खिलाफ भाजयुमो रांची महानगर ने उनका पुतला फूंका. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सनातन व हिंदू विरोधी मानसिकता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस अपने वोट बैंक के लिए हमेशा बहुसंख्यक समाज के विरोध में बातें करती है. राहुल गांधी के इस बयान से पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी हिंदुओं को किस नजर से देखती है.

लोकसभा में राहुल गांधी ने कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा, नफरत और असत्य की बातें करते हैं. उन्होंने भाजपा को कहा कि आप हिंदू हो ही नहीं. हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए. इस दौरान कांग्रेस के इस नेता ने सदन के अंदर भगवान शिव की एक तस्वीर बार बार दिखाई.

## भारतीय जनता पार्टी 365 दिन जनता के बीच रहने वाली पार्टी है : बाबूलाल

**दुमका, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को पार्टी के पदाधिकारियों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बैठक किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांड़ी ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी 365 दिनों हमेशा जनता के बीच में रहने वाली पार्टी है। राजनीतिक और सामाजिक दोनों प्रकार के काम पार्टी के द्वारा किए जाते हैं। 23 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले पखवाड़े में पार्टी के द्वारा कई प्रकार के रचनात्मक काम भी किया जा रहे हैं।

कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून को पर्यावरण दिवस को और बेहतर बनाने के लिए हमें वृक्षारोपण करने का आह्वान किया था। भाजपा के द्वारा इस पखवाड़े में एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलाया जा रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता इस अभियान को गति देने में लगे हुए हैं। इसके अलावा पार्टी विधानसभा स्तर पर अभिनंदन विजय संकल्प सभा अभियान चलाई जा रही है। जिसके तहत दिनांक 6 जुलाई से लेकर 15 जुलाई के बीच में पार्टी के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र मे इस अभियान का आयोजन हो रहा है। इसके अलावे पार्टी के द्वारा 20 जुलाई को रांची में एक वृहद कार्य समिति का आयोजन होना तय हुआ है। जिसमें मंडल से लेकर प्रदेश तक के पदाधिकारी भाग लेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव में लड़ेगी।

कहा कि जिस प्रकार से झारखंड की सरकार राज्य में महिलाओं पर अत्याचार पर चुप है, युवाओं के भविष्य पर मौन है, किसान परेशान है प्रखंड से लेकर राज्य स्तर पर भ्रष्टाचार का दीमक लग चुका है। जनता अब समझ चुकी है सरकार से जनता का भला होने वाला नहीं है। भाजपा इसके खिलाफ आंदोलन करेगी और सरकार के एक-एक गलत कारनामे को जनता के बीच में लाने का काम करेगी। कहा पूरी मजबूती के साथ भाजपा चुनाव लड़ेगी और राज्य में सरकार जनता की बनेगी। बैठक के उपरांत पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यालय में वृक्षारोपण किया। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, सुरेश हेम्ब्रम, परितोष सोरेन, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, प्रदेश का समिति सदस्य शर्मिला सोरेन, निवास मंडल, अंजुला मुर्मू ,अमरेंद्र सिंह मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष मनोज पांडे, जवाहर मिश्रा, बबलू मंडल, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, जिला महामंत्री विवेकानंद राय सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

### झारखंड सीआईडी ने 18 राज्यों में ठगी करने वाला साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सीआईडी ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. क्राइम अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने 1.40 करोड़ रुपये की ठगी करने वाला अभियुक्त सुजीत कुमार को तेलंगना पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया है. उसकी गिरफ्तारी हैदराबाद से हुई है. उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. जांच में पता चला है कि उस पर झारखंड समेत 18 राज्यों में साइबर ठगी के 94 मामले दर्ज हैं.

गिरफ्तार साइबर अपराधी के खिलाफ दर्ज शिकायत में कहा गया है कि वादी को फेसबुक पर रिल्स देखने के दौरान एक लिंक दिखा. जिसमें ट्रेडिंग के माध्यम से मुनाफे कमाने की बात लिखी हुई थी. उस लिंक पर क्लिक करने पर उसके मोबाइल फोन पर अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट ऐप डाउनलोड हुआ. जिस पर उसने अपना नाम और नंबर रजिस्टर किया. इसके बाद कस्टमर कंपनी के केयर अधिकारी ने उसके व्हाट्सएप पर संपर्क कर अलग अलग बैंक अकाउंट में पैसा डालकर निवेश करने का प्रलोभन दिया. जहां पैसा डालने पर संबंधित ऐप में फेक प्रोफिट दिखाई देता था. जिसे कभी वह कभी रिडिम नहीं कर पाया. इसके बाद उसके अकाउंट से साइबर अपराधियों ने 1.40 करोड़ का अवैध हस्तांतरण कराते हुए ठगी कर लिया.

जब उस अकाउंट की जांच की गयी तो पता चला कि उस टांजेक्शन का आईपी एड्रेस दुबई है. इसके बाद उस केस की जांच करते हुए एक अपराधी को इस पूरे मामले में संलिप्त पाया गया.

### कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने को ले हुई बैठक से दूर रहे कई प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जिला के पदाधिकारी

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा है कि लोकसभा में की ऐतिहासिक जीत निश्चित रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत ही संभव हो पाया है. पार्टी ने आपके सम्मान का निर्णय लिया है. साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए आपकी अहम भूमिका होने वाली है. पिछले चुनाव का अनुभव का उपयोग कर इस चुनाव में और बेहतर कैसे करें और अपने बूथ को ट्रिपल ए श्रेणी में ले जाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है. श्री सिन्हा ने यह बातें सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित संकल्प एवं सम्मान समारोह को लेकर आहूत बैठक को संबोधित करते हुए कही. बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने की. बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा ने किया. बैठक में कार्यक्रम के सह प्रभारी रामदेव महतो, रविंद्र सिन्हा, महेंद्र शर्मा, कन्हैया पांडे, अमलेश सिंह, अनिल सिन्हा, राजकुमार मंडल, निर्मल प्रधान, मौसम सिंह, आनंद खंडेलवाल, सुमन सिंह, शिवेंद्र सिंह विकास मिश्रा, नीरज सिन्हा, शीशम राउत, दीपक झा, उमेश सिंह, राजाराम दत्ता, रिंकू सिन्हा, टुला सिंह, विजेंद्र शर्मा, बबलू सिंह, रंजय सिंह, सनी रवानी, राकेश चंद्रवंशी सहित कई नेता मौजूद थे.

# बेटी का शव अस्पताल से ले गए घर, जिंदा करने के लिए 18 घंटे तक झाड़-फूंक, पहुंची पुलिस

**जमशेदपुर, एजेंसी।** सरकार एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के लाख प्रयास के बावजूद गांवों में अंधविश्वास कम नहीं हो रहा है। यही वजह है कि झारखंड के जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में 11वीं की छात्रा को मृत घोषित करने के बाद भी परिजनों ने उसका पोस्टमार्टम नहीं कराया। शव को घर ले जाकर बंगाल के एक ओझा से 18 घंटे तक झाड़-फूंक कराते रहें।

#### गांव में पहुंची पुलिस

गांव में पुलिस-प्रशासन के पहुंचने के बाद परिजन पोस्टमॉर्टम को राजी हुए और सोमवार दोपहर शव को एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मामला पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत लच्छीपुर पंचायत के बांतोड़िया गांव का है। गांव के महेंद्र हांसदा की करीब 17 वर्षीय बेटी चिंतामणि हांसदा को रविवार सुबह करीब 10 बजे खेत में मवेशी चराने के दौरान जहरीले सांप ने पैर में डस लिया। तत्काल उसे कुछ समझ नहीं आया। वह करीब दो घंटे तक वहीं रही और धीरे-धीरे जब सांप का जहर शरीर में फैलने लगा तो वह घर लौट गई।



**मुंह से निकलने लगा झाग :** घर पहुंचने के बाद चिंतामणि ने परिजनों से पानी मांगी। इसके बाद उसके मुंह से झाग निकलना शुरू हुआ तो परिजनों को शक हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि शायद किसी सांप ने डस लिया है। वह कुछ भी स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रही थी। आनन-फानन में उसे एमजीएम अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर आ गए।

**मृत घोषित करने के बाद ओझा से किया संपर्क :** एमजीएम अस्पताल के चिकित्सक के मृत घोषित करने के बाद परिजनों ने शव को घर लाकर ओझा से संपर्क किया। इसके बाद उसे जिंदा करने के प्रयास में सोमवार तक झाड़-फूंक चलता रहा। सूचना पाकर पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत गांव पहुंचे और परिजनों को समझाकर शव को एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा।

**पीड़ित परिवार को 4 लाख मुआवजे का है प्रावधान :** बता दें कि आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सर्पदंश से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये मुआवजा मिलने का प्रावधान है। बताते हैं कि चिंतामणि पटमदा इंटर कॉलेज, जाल्ला में 11वीं की छात्रा थी। रविवार को स्कूल की छुट्टी होने की वजह से वह खेत में मवेशी चराने गई हुई थी। इस दौरान सांप के डसने से उसकी मौत हो गई।

## झारखंड में 9 साल बाद इतनी कम बारिश, अगले दो दिनों के दौरान सभी हिस्सों में बारिश होने का पूर्वानुमान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में पिछले नौ वर्षों में बीते माह जून में सबसे कम बारिश हुई। इस बार मानसून जून में एक दिन भी खुलकर नहीं बरसा। इस बार सात दिन में पूरे झारखंड में छाने वाला मॉनसून जून में केवल 39 फीसदी ही बरसा। राज्य में इस दौरान 73.5 मिमी बारिश हुई। इस बार का मॉनसून जून के दौरान 2019 के कमजोर मॉनसून से भी पिछड़ गया है। इस बार बारिश में कमी का प्रतिशत बढ़कर 61 फीसदी पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्ष 2016 के बाद से अब तक केवल दो बार ही मॉनसून सामान्य रहा। इसमें एक बार 2021 में जून के दौरान 34 फीसदी अधिक बारिश हुई है। इस महीने में 268.6 मिमी बारिश हुई। जबकि, सात वर्ष यह कमजोर रहा।

#### अगले दो दिन कैसा रहेगा मौसम

राजधानी रांची समेत झारखंड में अगले दो दिनों के दौरान सभी हिस्सों में बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। इस दौरान राज्य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश और वज्रपात होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी समेत



राज्य के विभिन्न भागों में बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है।

#### रांची का पारा 4.6 डिग्री गिरा

मौसम विभाग के अनुसार रांची का तापमान सोमवार को 26.6 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। यहां हल्की बारिश हुई। पिछले 24 घंटों की तुलना में रांची का तापमान 4.6 डिग्री नीचे गिरा। यह सामान्य से 4.0 डिग्री कम है। इसके कारण यहां का मौसम ठंडा है। राजधानी का न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रही।

#### बारिश और जाड़े के सीजन हो रहे प्रभावित

मौसम वैज्ञानियों के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ रहा है। गर्मी के दिन बढ़ रहे हैं। बारिश और जाड़े के सीजन भी प्रभावित हो रहे हैं। यही कारण है कि झारखंड में मॉनसून कमजोर हो रहा। हालांकि, इस पर अभी बहुत ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता। जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी का सीजन लंबा हो रहा है।

## आलमगीर आलम की बढ़ेंगी मुश्किलें, तीन दिन में ईडी दाखिल करेगी चार्जशीट

**रांची, एजेंसी।** ठेकों में कमीशनखोरी की बहुत बड़ी राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद सूबे के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम समेत तीन की मुश्किलें बढ़नेवाली हैं। ईडी तीन से चार दिन के अंदर मामले में जांच पूरी करते हुए अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) दाखिल करेगी। ईडी ने 35.23 करोड़ रुपए नकद बरामदगी मामले में पूर्व मंत्री को 15 मई को गिरफ्तार किया था। वहीं, 32.30 करोड़ रुपए नकद बरामदगी मामले में आलमगीर आलम के तत्कालीन आप्त सचिव संजीव लाल एवं उनका नौकर जहांगीर आलम को छह मई को देर रात ईडी ने गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तारी के बाद संजीव लाल, जहांगीर आलम एवं आलमगीर आलम को 14 दिन पुलिस रिमांड पर लेकर ईडी ने पूछताछ की थी। इसके बाद तीनों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। तब से तीनों जेल में ही हैं। गिरफ्तारी के 60 दिनों के अंदर मामले में चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य है। इसको देखते हुए संजीव लाल एवं जहांगीर आलम की गिरफ्तारी का 60 वां दिन चार जुलाई हो रहा है अर्थात ईडी को चार जुलाई तक चार्जशीट दाखिल करनी होगी।जांच के दौरान बरामद रकम के संबंध में पुख्ता जानकारी के बाद ईडी ने संजीव लाल से जेल में ही पिछले सप्ताह पूछताछ पूरी की है। ईडी ने संजीव लाल



से जेल में पूछताछ के लिए पीएमएलए कोर्ट में आवेदन देकर अनुमति मांगी थी। कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद ईडी टीम बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार पहुंची और वहां लंबी पूछताछ की। यहां बता दें कि ईडी ने गिरफ्तारी के बाद संजीव लाल से 14 दिनों तक अपने साथ रखकर पूछताछ पूरी की थी।

#### मामले में पहली गिरफ्तारी वीरेंद्र राम की

टेंडर कमीशन से प्राप्त राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में ईडी ने पहली गिरफ्तारी 22 फरवरी 2023 को ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रूप में की थी। इसके बाद इस मामले में अब तक वीरेंद्र राम के चचेरे भाई आलोक रंजन, हवाला कारोबारी नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता, राम प्रकाश भाटिया समेत नौ की गिरफ्तारी ईडी ने की है। गिरफ्तार सभी आरोपी वर्तमान में जेल में हैं।

## स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के लिए बुरी खबर! नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ स्थगित

**रांची, एजेंसी।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने तीन जुलाई को प्रस्तावित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। भाजपा द्वारा दो परीक्षा केंद्रों से अधिक अभ्यर्थियों के उत्तीर्ण होने के आरोप लगाए जाने के बाद यह कार्यक्रम स्थगित हुआ।

धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में प्रस्तावित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन तीन जुलाई को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से अनुशंसित 1,500 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देनेवाले थे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश के बाद विभाग ने इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। बताते चलें कि कई अभ्यर्थी स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक के परिणाम को लेकर सवाल उठा रहे थे। अभ्यर्थी बोकारो और रांची के एक-एक सेंटर से अधिक अभ्यर्थियों के इस प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण होने का आरोप लगाते हुए परीक्षा रद करने की मांग कर रहे थे। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि झारखंड सरकार छात्रों और युवाओं के भविष्य के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उनके हर मसले पर गंभीर नजर रखती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के मजबूत विरोध के बाद शुरू में नीट घोटाले को क्लीनचिट देने वाले अब इसकी सीबीआई जांच करा रहे हैं। यह देश के छात्रों की जीत है। कांग्रेस भ्रष्टाचार के किसी भी रूप को सहन नहीं करती और इसके विरोध में अनवरत आवाज उठाती रहती है।

उन्होंने कहा कि व्यापम घोटाले और हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की गंगोत्री में स्नान कर चुके लोगों को झारखंड जीतने की कमान सौंपी गई है।

# सत्ता पक्ष के विधायक दल की मुख्यमंत्री आवास में बैठक कल, हो सकते हैं अहम फैसले

**रांची, एजेंसी।** सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में दिन के 11 बजे से होगी. इसमें झामुमो, कांग्रेस और राजद सहित इंडिया गठबंधन के विधायक शामिल होंगे. इस बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी झारखंड पहुंच रहे हैं.

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल से बाहर निकलने और बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति में यह बैठक अहम मानी जा रही है. गठबंधन के दल बड़ा निर्णय ले सकते हैं. इधर, कांग्रेस की राष्टीय नेता सोनिया गांधी ने हेमंत सोरेन को फोन कर हालचाल पूछा. सोनिया गांधी ने झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति पर भी हेमंत सोरेन से चर्चा की. इसके अलावा झारखंड सरकार के कामकाज को लेकर और आनेवाले दिनों में गठबंधन की भूमिका पर बात हुई है. झामुमो की ओर से कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व को इस बैठक की सूचना दी गयी है. विधायकों को मैसेज कर भेजी गयी है.

विधायक दल की बैठक को लेकर झामुमो विधायकों को मैसेज कर सूचना दी गयी है. बैठक का एजेंडा



विधानसभा चुनाव की तैयारी बतायी जा रही है. कांग्रेस नेतृत्व को भी सूचना दी गयी है कि बैठक में विधानसभा चुनाव के संबंध में भी चर्चा होगी. हर विधानसभा सीट पर गहनता से मंथन किया जायेगा. हर तरह से आकलन कर प्रत्याशियों के नाम पर भी रायशुमारी की जायेगी. इसके साथ ही विधानसभा चुनाव में साझा चुनावी अभियान की रणनीति बनायी जायेगी.

चंपाई सोरेन सरकार के कैबिनेट विस्तार का मामला भी अटका पड़ा है. आलमगीर आलम के टेंडर घोटाले में जेल में जाने के बाद कांग्रेस कोटे से मंत्री का एक एक पद खाली है. कांग्रेस से जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी का नाम आगे चल रहा है. वहीं खाली पड़े 12वें मंत्री का पद भरे जाने की भी चर्चा है. लेकिन श्री सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद बदली हुई परिस्थिति में मामला ठंडा पड़ गया है. विधायक दल की बैठक में कैबिनेट विस्तार को लेकर भी चर्चा हो सकती है.हेमंत सोरेन पर इडी की कार्रवाई और पूछताछ के दौरान भी गठबंधन दलों के विधायकों की बैठक हुई थी. विधायक दल की बैठक में तब सारे विधायकों से हस्ताक्षर लिए गये थे. बुधवार को होनेवाली बैठक में विधायकों से राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए हस्ताक्षर लिए जा सकते हैं.

## संक्षिप्त समाचार



### तीन दिनों में 51,000 श्रद्धालुओं ने किए बाबा अमरनाथ के दर्शन

**जम्मू, एजेंसी।** 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 51,000 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को 6,537 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दो सुरक्षा काफिले के साथ कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 6,537 तीर्थयात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया, ÷इनमें से 2106 श्रद्धालु 105 वाहनों के सुरक्षा काफिले के साथ सुबह 3.05 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जबकि 4,431 तीर्थयात्री 156 वाहनों में सवार होकर सुबह 3.50 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुए।÷ मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आमतौर पर बादल छाए रहने और सुबह के समय हल्की बारिश/गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है।

यात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग या 14 किलोमीटर वाले छोटे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग से जाने वाले 'दर्शन' करने के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7,000 से अधिक 'सेवादार' (स्वयंसेवक) यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।



### खतरे के निशान से ऊपर बह रही अलकनंदा नदी

**बदरीनाथ, एजेंसी।** उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम में अलकनंदा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यात्रियों व स्थानीय लोगों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वो नदी किनारे न जाएं। साथ ही तप्तकुंड को भी खाली करा दिया गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों के लिए बनाया गया वैकल्पिक मार्ग बह गया है। इससे इस क्षेत्र में रिवर फ्रंट का काम बंद हो गया है। यहां पर कंपनी की कुछ मशीनें भी फंसी होने की भी खबर हैं। डंपर, जेसीबी मशीन और मजदूरों को कार्यस्थल तक पहुंचाने के लिए यह मार्ग बनाया गया था। ऐसे में दूसरी जगह से वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की कोशिश की जा रही है, जिससे रिवर फ्रंट का काम फिर से शुरू किया जा सके। उत्तराखंड में मानसूनी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़, नैनीताल और बागेश्वर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए कई क्षेत्रों में सभी निजी और सरकारी स्कूलों की छुट्टी के आदेश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने लोगों से बहुत जरूरी होने पर ही पहाड़ी मार्गों पर सफर करने की अपील की है।

### 25 दिन के बच्चे को नींद की दवा देकर बेचा, 40 हजार में दोस्त से किया सौदा

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के अपोलो हॉस्पिटल से पीलीभीत निवासी युवक का 25 दिन का बेटा रविवार रात चोरी हो गया। बच्चे के पिता की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने नये कानून के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 12 घंटे बाद पुलिस ने खरीदने व बेचने वाले को गिरफ्तार कर बच्चे को नवाबगंज से बरामद कर लिया। पीलीभीत में सुनगढ़ी गौटिया निवासी सुशील कुमार ने बताया कि पांच जून को पैदा हुए बेटे को निमोनिया होने पर 28 जून को डोहरा रोड स्थित अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

# पहले हत्या की और फिर कपूर डाल कर जला डाला, गुरुग्राम की सोसाइटी में 16 साल का जल्लाद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम सेक्टर-107 स्थित सिग्नेचर सुलेरा सोसाइटी के फ्लैट में एक किशोर ने नौ वर्षीय बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी 16 वर्षीय नाबालिग ने सबूत मिटाने के लिए फ्लैट में ही बच्ची के शव को आग लगा दी। छानबीन में सामने आया कि आरोपी ने गहने चोरी करने की कोशिश की तो उसे बच्ची ने देख लिया। इसके बाद उसने उसकी चुन्नी से गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद फ्लैट में पूजा वाले कमरे में शव के ऊपर कपड़े और मंदिर से कपूर डालकर आग लगा दी।

राजेंद्रा पार्क थाने में नए कानून के तहत पहला हत्या का भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। बच्ची की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी किशोर का परिवार पूर्व परिचित है। सोमवार सुबह आठ बजे के लगभग वह अपने दो साल के बेटे को लेकर सोसाइटी में ही उसके फ्लैट पर गई थी। फ्लैट में उनकी नौ वर्षीय बेटी अकेली थी। लगभग दो घंटे के बाद जब वह अपने फ्लैट में पहुंची तो उन्होंने देखा कि घर से धुंआ निकल रहा है। 16 वर्षीय नाबालिग भी फ्लैट में था।

धुआं उठता देख महिला ने शोर मचाया और सोसाइटी की फायर टीम को सूचना दी। टीम ने पूजा वाले कमरे को खोला तो पाया कि बेटी का शव जल रहा था। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। इसी बीच किशोर घर से निकल गया। महिला का कहना है कि किशोर घर से जेवरात चोरी करने के लिए आया था। घर से कुछ जेवर चुराकर ले गए।

**कई सालों से परिवारों के बीच दोस्ती :** पुलिस जांच में सामने आया है कि पीड़ित परिवार और आरोपी किशोर का परिवार पहले इसी सोसाइटी के एक ही टावर के फ्लैट में रहते थे। उनका आपस में काफी आना-जाना था। बच्ची का परिवार तीन महीने पहले ही अन्य टावर में अपना फ्लैट खरीदकर रहने लगा है।

**नहीं उठाया फोन :** किशोरी की मां के पास दूध वाले का फोन आया था। दूध वाले ने बताया कि मकान को कोई नहीं खोल रहा। उन्होंने बेटी को आरोपी के घर से फोन किया, लेकिन बात नहीं हो पाई।

### क्राइम पेट्रोल देखकर वारदात को अंजाम दिया

पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाने में आरोपी किशोर ने पुलिस को गुमराह करना शुरू कर दिया। उसने सबसे पहले बताया कि वह फ्लैट में चोरी करने के लिए आया था। चोरी करते बच्ची ने देख लिया। इस पर उसने चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी। सबूत मिटाने के लिए शव पर कपड़े और कपूर डालकर आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने दोबारा बताया कि उसने क्राइम पेट्रोल की सीरीज देखी थी। उससे ही प्रभावित होकर उसने वारदात को अंजाम दिया। इसके अलावा वह पुलिस को कई अलग-अलग कहानियां बनाकर गुमराह करने का प्रयास कर रहा।

### किशोर से कई घंटे पूछताछ, डीसीपी ने मौके पर पहुंचकर जांच की

धनकोट पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों अलावा राजेंद्रा पार्क थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। डीसीपी पश्चिम करन गोयल और एसीपी उद्योग विहार मौके पर पहुंचे गए। पीड़ित परिवार से बातचीत की गई। कई घंटों तक नाबालिग आरोपी से पुलिस अधिकारियों ने सोसाइटी में ही पूछताछ की। उसके बाद पुलिस पूछताछ के लिए थाने में लेकर गई। डीसीपी पश्चिम करन गोयल ने कहा, मामला दर्ज कर लिया गया है। नाबालिग से पूछताछ की जा रही है। किशोरी के शव का पोस्मार्टम मंगलवार को करवाया जाएगा।



### अमरवाड़ा को बचाने की कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के गढ़ के तौर पर पहचाना जाता रहा है। मगर बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस किले पर फतह हासिल की है। अब भाजपा की नजर अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर है और कांग्रेस को इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना बड़ी चुनौती बन गया है। छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 10 जुलाई को उपचुनाव के लिए मतदान होने वाला है। यहां कांग्रेस के विधायक रहे कमलेश शाह द्वारा दल बदल करने के कारण उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने कमलेश शाह को ही उम्मीदवार बनाया है। शाह के समर्थन में पार्टी के तमाम बड़े नेता प्रचार कर चुके हैं और आगामी दिनों में दौरे भी संभावित हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने भी अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए खास रणनीति बनाते हुए आंचल दरबार के प्रतिनिधि धीरेन शाह को मैदान में उतारा है। आंचल दरबार एक आस्था का केंद्र है और धीरेन शाह का इस परिवार से नाता है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अब प्रचार की कमान संभालने वाले हैं, वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी फिर से इस क्षेत्र में सक्रिय होने जा रहे हैं। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पिछले चुनाव पर गौर करें तो लगातार तीन बार से कमलेश शाह चुनाव जीतते आ रहे हैं। इस विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस के गढ़ के तौर पर भी पहचाना जाता है। अब कमलेश शाह बीजेपी के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है।

## मराठा आरक्षण के खिलाफ बेतुकी दलीलों पर भड़के हाई कोर्ट जज

### खंडपीठ ने जताया अफसोस?




**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उसे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देने के लिए दाखिल कुछ याचिकाओं में बेतुकी दलीलें दी गई हैं। मुख्य न्यायधीश डी.के. उपाध्याय, न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पूर्ण पीठ ने कहा कि यह मुद्दा गंभीर है और राज्य की बड़ी आबादी को प्रभावित करने वाला है। इसलिए याचिकाकर्ताओं को अपनी दलीलें पेश करते समय अधिक सावधानी बरतनी चाहिए थी। महाराष्ट्र राज्य सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ा वर्ग आरक्षण अधिनियम-2024 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने के लिए कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इस अधिनियम में मराठा समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। कुछ याचिकाओं में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुनील शुक्रे की अध्यक्षता में महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना, इसकी कार्यप्रणाली और मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण देने की सिफारिश करने वाली इसकी रिपोर्ट को भी चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय की पीठ ने संबंधित सभी याचिकाओं पर शुक्रवार को अंतिम सुनवाई शुरू की।

## सियासी रार के बाद दिल्ली में रेहड़ी वाले पर दर्ज पहली एफआईआर रद्द, खुद अमित शाह को देनी पड़ी सफाई




**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में भी सोमवार से तीनों नए आपराधिक कानून लागू हो गए। खास बात यह है कि दिल्ली में नए कानून के तहत दर्ज पहली एफआईआर ही विवादों में घिर गई और सियासी बखेड़ा होने पर उसे रद्द करना पड़ा। कांग्रेस ने उठाए थे सवाल दरअसल, नए कानून लागू होते ही दिल्ली की पहली एफआईआर कमला मार्केट थाने में रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि को दर्ज की गई। इसमें एक रेहड़ी वाले पर सार्वजनिक रास्ते को बाधित करने की धारा लगाई गई थी, लेकिन कुछ ही घंटे बाद इस पर विवाद हो गया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पहली एफआईआर रोज कमाने वाले व्यक्ति पर की गई है। इससे बुरा क्या हो सकता है। उधर, पत्रकारों से बातचीत में जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से इसे लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने साफ किया कि नए कानून के तहत ना तो दिल्ली में पहली एफआईआर दर्ज हुई और ना ही किसी रेहड़ी वाले पर ऐसा मामला दर्ज हुआ है। इसके बाद दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एफआईआर गलती से दर्ज हुई। उसे रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**सड़क बाधित करने का आरोप लगाया था :** कमला मार्केट थाने में एफआईआर संख्या 267 एसआई कार्तिक मीणा की शिकायत पर दी गई। इसके अनुसार, एसआई कार्तिक मीणा एवं अन्य पुलिस कर्मी देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने गश्त कर रहे थे। वहां पंकज नाम का शख्स रेहड़ी लगाकर सिगरेट-बीड़ी और पान मसाला बेचता हुआ दिखाई दिया। चूंकि रेहड़ी सड़क पर लगी थी इसलिए लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही थी। इसके बाद एसआई ने नए कानून के तहत अनिवार्य प्रक्रिया के तहत मोबाइल फोन पर इंस्टॉल ई-प्रमाणन ऐप से मौके की वीडियो बनाई और रेहड़ी वाले का नाम एवं पता आदि दर्ज किया। इसके बाद थाने में तहरीर दी गई जिस पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई।

### मामले के बाद अफसरों ने चुप्पी साधी

एफआईआर दर्ज होने के करीब 12 घंटे बाद ही इसे रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। हालांकि, इसके कारणों के विषय में किसी भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कमला मार्केट थाने में दर्ज यह मामला नए कानूनों के तहत किया गया है। इसके लिए पहले भी प्रावधान थे और यह कोई नया प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इसकी समीक्षा करने के प्रावधान का इस्तेमाल किया और इस एफआईआर को रद्द कर दिया है।

## कपल को सड़क पर पीटने के वायरल वीडियो पर अब राजनीति तेज

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में एक कपल को सड़क पर पीटने के वायरल वीडियो पर अब राजनीति तेज हो गई है। इसे लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कांग्रेस और वामदलों के नेताओं ने भी टीएमसी पर निशाना साधा है। इस मामले में ममता बनर्जी की पार्टी के घिरने की एक वजह यह भी है कि कपल को पीटने वाला टीएमसी का ही नेता है। खासतौर पर महिला की यूं सड़क पर पिटाई के वीडियो से लोग भड़के हुए हैं। कहा जा रहा है कि जिन दोनों की पिटाई की गई, वे अवैध संबंध में थे। उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपरा में सड़क पर महिला को डंडों से पीटने वाले शख्स की पहचान स्थानीय टीएमसी नेता तजमुल उर्फ जेसीबी के तौर पर हुई है।

महिला और पिटने वाले शख्स के खिलाफ स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों ने पंचायत की थी और फिर उन्हें सजा देने का फैसला हुआ था। पुलिस ने इस मामले में रविवार को केस दर्ज कर लिया और तजमुल को अरेस्ट किया है। इसके अलावा चोपरा के विधायक हमीदुल रहमान का कहना है कि महिला की गतिविधियां असामाजिक थीं। इसके अलावा उसने तजमुल से टीएमसी का कोई ताल्लुक होने से इनकार किया है। हमीदुल रहमान ने कहा कि यह गांव का मामला है और इससे टीएमसी का कोई मतलब नहीं है। तृणमूल के विधायक हमीदुल के बयान पर भी विवाद हो रहा है। उन्होंने इस सजा को मुस्लिम राष्ट्र से जोड़ दिया था। उन्होंने कहा था, हम इस घटना की निंदा करते हैं। लेकिन महिला ने गलत किया था। उसने अपने पति, बेटे और बेटी को छोड़ दिया था और अवैध संबंध में थी। मुस्लिम राष्ट्र के मुताबिक कुछ कोड हैं और न्याय उसके मुताबिक ही होता है। हालांकि हम मानते हैं कि जो कुछ हुआ, वह थोड़ा ज्यादा था। अब इस मामले में कानूनी ऐक्शन लिया जाएगा। इस बयान में मुस्लिम राष्ट्र बताने पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि क्या टीएमसी यह घोषित कर रही है कि पश्चिम बंगाल में शरिया कानून लागू होगा। पुलिस ने इस मामले में स्थानीय टीएमसी नेता और दबंग तजमुल हक को अरेस्ट कर लिया है। उसने पूछताछ में बताया है कि पंचायत के फैसले के बाद यह सजा दी गई थी। इस मामले में इस्लामपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है और उसका कहना है कि हम अफवाहों को भी रोकने पर फोकस कर रहे हैं। फिलहाल पीड़ित कपल को पुलिस ने सुरक्षा भी प्रदान कर दी है।

## हैदराबाद से पकड़ाए महादेव सट्टा के 7 बुकी, पुलिस की रेड से बचने तीसरी मंजिल से कूदा आरोपी

**दुर्ग, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग पुलिस ने एक बार फिर महादेव सट्टा ऐप पैनल का भंडाफोड़ किया है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने हैदराबाद से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी



ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप का पैनल संचालित कर रहे थे। सात सटोरियों के टीम में एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। सभी आरोपी भिलाई के रहने वाले है। दुर्ग क्राइम ब्रांच की टीम ने तेलंगाना के गच्चीबाउली पहुंची, जहां एक मकान में ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप का पैनल संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

भिलाई के कैंप निवासी सुजीत साव के द्वारा पैनल चल रहा था। जब पुलिस ने दबिश दी, तो एक आरोपी तीसरे मंजिल से छलांग लगा दी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही पुलिस अन्य आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर दुर्ग पहुंची है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लैपटाप,मोबाइल फोन, सट्टे का लेखा जेखा, बैंक खाते, एटीएम और अन्य सामान बरामद की है की गई है। पुलिस मामले का जल्द खुलासा करेगी।

# असम में बाढ़ से बदतर हुए हालात, चीनी सीमा के इलाकों से संपर्क कटा; बह गए पुल

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम में बाढ़ की स्थिति बद्तर होती जा रही है और जलस्तर बढ़ने की वजह से काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में स्थित 233 वन शिविरों में से 26 प्रतिशत से अधिक जलमग्न हो गए हैं। वहीं भारत-चीन सीमा पर भी कई इलाकों से सड़क मार्ग का संपर्क कट गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के मुताबिक बाढ़ प्रभावित जिलों की संखअया 12 से बढ़कर 19 हो गई है। ईटानगर में भारी बारिश की वजह से 2 से 6 जुलाई तक स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है।

पूर्वी कामेंग जिले में कुरुंग नदी पर बना पुल बाढ़ में बह गया। इसके अलावा कई घर भी बाढ़ की चपेट में आ गए। असम में लगभग 8 हजार लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। वहीं तिनसुकिया जिले में सबसे ज्यादा 35 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के



मुताबिक काजीरंगा वन्य जीव अभयारण्य का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है और बड़ी संख्या में जानवर ऊंचे स्थान की तलाश में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-715 पार कर पूर्वी कार्बी आंगलोंग जिले के दक्षिणी हिस्से की ओर जा रहे हैं। हालांकि, बाढ़ या सड़क पार करने के दौरान किसी जानवर की मौत की खबर नहीं है।

बाढ़ को लेकर तैयार रिपोर्ट के मुताबिक काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में स्थापित 61 वन शिविर डूब गए हैं। जलमग्न वन शिविरों में अगोराटोली रेंज के 22, काजीरंगा के 10, बागोरी के आठ, बूढ़ापहाड़ के पांच और बोकाखाट के छह शिविर शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इनके अलावा राष्ट्रीय उद्यान के बिश्वनाथ वन्यजीव प्रखंड में स्थापित 10 वन शिविर भी जलमग्न हो गए हैं।

इसबीच, गोलाघाट जिला प्रशासन ने रविवार शाम को भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के निषेधाज्ञा लागू कर दिया है ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 715 को पार करने वाले जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह राजमार्ग काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरता है। गोलाघाट के जिलाधिकारी विवेक श्याम पंग्योक ने बताया कि राजमार्ग पर यातायात का भारी दबाव होता है। उन्होंने कहा, ''बाढ़ के दौरान राजमार्ग पर वाहनों से वन्य जीवों को आवंछित जोखिम पैदा हो सकता है।

उन्होंने कहा कि जानवर अस्थायी रूप से कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद के अंतर्गत आने वाले प्राकृतिक ऊंचे इलाकों (पहाड़ियों) पर आश्रय के लिए प्रवास करने के लिए गलियारों का उपयोग करते हैं। सोमवार से लागू निषेधाज्ञा के मुताबिक किसी भी व्यावसायिक वाहन को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा केवल निजी वाहन ही दिन के समय नियंत्रित गति से चल सकेंगे। केवल स्थानीय निजी वाहन को ही रात को राष्ट्रीय उद्यान से गुजरने की अनुमति होगी।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और संकट से निपटने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। शर्मा ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मपुत्र और उसकी सभी सहायक नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो से तीन दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी है।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुझे फोन कर स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और सेना पूरी तरह से तैयार रहेगी। शर्मा ने कहा, सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों को स्थिति पर बारीकी से नजर रखने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि ब्रह्मपुत्र और बराक घाटियों सहित 14 जिलों में कुल 2,70,628 लोग बाढ़ की स्थिति से जूझ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच को लाइव स्ट्रीमिंग पर रिकॉर्ड 5.3 करोड़ दर्शकों ने देखा



**मुंबई, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच ने व्यूअरशिप के मामले में रिकॉर्ड बनाया है। कांटे की टक्कर का यह मैच बारबाडोस में खेला गया था। भारत ने मैच को जीतकर 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर दिया। इस मैच को रिकॉर्ड 5.3 करोड़ लोगों ने देखा। ओटीटी पर यह इस प्रतियोगिता के दौरान दर्ज की गई सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। यह मैच जबरदस्त रोमांच के चलते किसी भी टीम की ओर जा सकता था। अततः भारत ने इस मैच को 7 रनों से जीतकर रोहित शर्मा की कप्तानी में आईसीसी ट्रॉफी को उठाने में कामयाबी हासिल की।

व्यूअरशिप के मामले में नए कीर्तिमान पर बात करते हुए डिज्नी प्लस हॉटस्टार के हेड साजिद शिवनंदन ने कहा, आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिए दोनों टीमों को बधाई। भारतीय टीम ने अविश्वसनीय कौशल और लगन से लाखों लोगों को खुशी और गर्व की अनुभूति कराई है। हमें इस बात पर गर्व है कि हमने इन पलों को उन तक पहुंचाया। भारत ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 176 रन बनाए थे। प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में मात्र 9 रन बनाकर ही आउट हो गए। दूसरी ओर विराट कोहली ने इस मुकाबले में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 76 रनों की मैच जिताने वाली पारी खेली। विराट को उनके शानदार योगदान के चलते प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया था।

### रोहित शर्मा के WOOOOO सेलिब्रेशन पर आया WWE रैसलर रिक फ्लेयर का कमेंट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर और कुश्ती के दिग्गज रिक फ्लेयर ने आखिरकार टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा की उस वीडियो पर प्रतिक्रिया दी है जिसमें भारतीय कप्तान ने कुश्ती दिग्गज का स्टाइल अपनाया था। रोहित ने भारत को ट्रॉफी दिलाने में खूब मेहनत की और बिना कोई मुकाबला गंवाए ट्रॉफी जीती।

ट्रॉफी प्रस्तुति समारोह के दौरान रोहित ने जश्न मनाने के लिए विशेष वू सेलिब्रेशन का तरीका अपनाया था जोकि कुश्ती दिग्गज रिक फ्लेयर के रिंग के अंदर आने का स्टाइल था। फ्लेयर ने अब इस पर प्रतिक्रिया दी है और कुश्ती के दिग्गज ने कहा कि भारत के कप्तान ने उनकी प्लेबुक से एक पेज निकाल लिया है। बता दें कि टी20 विश्व कप जीत के बाद रोहित ने टी20ई से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी थी। रोहित ने कहा कि वह मेरा आखिरी गेम भी था। ईमानदारी से कहूं तो, जब से मैंने इस प्रारूप को खेलना शुरू किया है तब से मैंने इसका आनंद लिया है।

इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मुझे इसका हर पल पसंद आया है।

**विंबलडनः मेदवेदेव भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे**

# कार्लोस अल्काराज ने जीत के साथ की शुरुआत



**लंदन, एजेंसी।** स्पेन के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन की शानदार शुरुआत की। अल्काराज ने पहले दौर में क्वालिफायर मार्क लाजल को सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 से हराया और अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रहे।

विश्व रैंकिंग में 269 वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लाजल ने हालांकि शुरुआती दो सेट में स्पेन के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी।

तीन सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन में अपनी तीसरी बड़ी चैंपियनशिप जीतने वाले अल्काराज ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। पुरुष सिंगल्स वर्ग के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से और आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। गैर वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराया।

### सक्कारी की आसान जीत

मारिया सक्कारी ने महिला सिंगल्स के अपने शुरुआती मुकाबले में मेकार्टनी केसलर 6-3, 6-1 से आसानी से शिकस्त दी। पिछले महीने फ्रेंच ओपन की उपविजेता रहीं सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी अपने चौथे प्रयास में पहली बार विंबलडन के पहले दौर की बाधा को पार करने में सफल रहीं। इटली की इस खिलाड़ी ने सारा सोरिब्स टोर्मो को 7-5, 6-3 से हराया।

### सबालेंका विंबलडन से हटीं

तीसरी वरीयता प्राप्त अरिना सबालेंका कंधे में चोट के कारण सोमवार को विंबलडन से हट गईं।

दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन को ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरुआती दिन पहले दौर में अमेरिका की एमिना बेक्टास से खेलना था।

सबालेंका ने एक सप्ताह पहले कंधे में दर्द का हवाला देते हुए बर्लिन लेडीज ओपन के क्वार्टर फाइनल के पहले सेट से हटने का फैसला किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी मांसपेशियों में चोट है और यह उनके लिए बहुत निराशाजनक है।

# विराट कोहली ने दिया पीएम मोदी को धन्यवाद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कोहली की तारीफ की थी, जिसके बाद विराट ने प्रतिक्रिया के तौर पर उनका शुक्रिया अदा किया है। विराट कोहली ने हाल ही में टी20 विश्व कप फाइनल जीतने के बाद इस प्रारूप से अपने संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा था- प्रिय विराट कोहली, आपसे बात करके अच्छा लगा। आपने फाइनल मैच में अपनी पारी की तरह भारतीय बल्लेबाजी को भी शानदार ढंग से एंकर किया है। ऐसा आपने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में किया है।

टी20 क्रिकेट आपको मिस करेगा, लेकिन मुझे भरोसा है कि आप खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहेंगे। इसकी प्रतिक्रिया में विराट कोहली ने पीएम का धन्यवाद करते हुए लिखा कि प्रिय नरेंद्र मोदी सर, आपके शब्दों व सपोर्ट के लिए आपका बहुत धन्यवाद और आपने हमेशा उत्साह बढ़ाया है।

इस टीम का हिस्सा होना गौरव की बात रही है जिसने विश्व कप ट्रॉफी को घर लाने का काम किया है। इस वजह से देश को जो खुशी मिली है, उसके चलते हम बहुत प्रभावित और अभिभूत हैं। टी20 विश्व कप फाइनल मुकाबले में विराट कोहली ने ओपनिंग में आकर 59 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली थी। भारत ने इस पारी के दम पर 176 रन बनाए थे, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 169 रन ही बना सकी थी। विराट कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी टी20 अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा कर चुके हैं।

**चेस**

# भारत में नहीं, इस देश में होगा विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से सामना अपने घर में नहीं हो सकेगा। सिंगापुर ने इसकी मेजबानी के अधिकार जीत लिए हैं जिससे भारत की इसका आयोजन करने की उम्मीदों को झटका लगा है। फिडे ने सोमवार को विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर को सौंपने की घोषणा की। इसके मायने हैं कि



गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। तमिलनाडु सरकार और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने शतरंज की वैश्विक संस्था फिडे को मेजबानी के लिए अलग-अलग बोली सौंपी थी।

यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा। फिडे ने कहा, सिंगापुर सरकार से समर्थन के साथ सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैंपियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है। सभी दावेदारों की समीक्षा, आयोजन स्थलों, सुविधाओं, कार्यक्रम और मौकों की समीक्षा के बाद अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने सिंगापुर को चुना है।

फिडे अध्यक्ष अकार्डी ड्वोरकोविच ने कहा, हमें खुशी है कि फिडे के इतिहास में पहली बार, विश्व चैंपियनशिप का मैच सिंगापुर में होगा। सिंगापुर न केवल सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक पर्यटन और व्यापार केंद्रों में से एक है, बल्कि यह एक संपन्न शतरंज केंद्र भी है जहां कई प्रतिभाएं हैं। मैं दिल्ली और चेन्नई को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जो मेजबानी हासिल करने की दौड़ में थे और इन्होंने बोली लगाई थी।

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर किया था क्वालिफाई

भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने टोरंटो में अप्रैल में खेले गए कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया था। इसके साथ ही वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। गुकेश कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने थे।

# लंका प्रीमियर लीग 2024 के मुकाबलों का भारत में इस चैनल पर होगा लाइव टेलीकॉस्ट

**कोलंबों, एजेंसी।** पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2024 समाप्त होने के एक दिन बाद लंका प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण शुरू हुआ। इसके साथ ही फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग की




शुरुआत हो गई। लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) में श्रीलंकाई खिलाड़ियों के अलावा पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के भी कई दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज भी एलपीएल 2024 की फ्रेंचाइजी कोलंबो स्ट्राइकर्स का हिस्सा हैं।

कैंडी फाल्कंस उन तीन टीमों में से एक है जिसे रीब्रांड किया गया है। लंका प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण की शुरुआत सोमवार 1 जुलाई 2024 को गत विजेता कैंडी फाल्कंस और दाम्बुला सिक्सर्स के बीच मैच से हुई।

**रेसलिंग**

# पहलवान बजरंग पूनिया ने नाडा पर किया पलटवार लगाया ये बड़ा आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पुरुष पहलवान बजरंग पूनिया ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) पर कड़ा पलटवार करते हुए बड़ा आरोप लगाया है। नाडा ने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए नमूने नहीं देने पर 23 अप्रैल को बजरंग को निलंबित कर दिया था। डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) से हालांकि बजरंग को राहत मिल गई थी, लेकिन नाडा ने 24 जून को बजरंग को दूसरी बार निलंबित कर दिया था। अब टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान ने आरोप लगाया कि खामियों को उजागर करने के कारण नाडा उनके करियर को खत्म करना चाहता है। एडीडीपी ने पहला निलंबन इस आधार पर हटा दिया था कि नाडा ने पहलवान को औपचारिक नोटिस देकर आधिकारिक तौर पर उस पर डोपिंग का आरोप नहीं लगाया था। इसके बाद नाडा ने उन्हें नोटिस जारी किया और उन्हें फिर से निलंबित कर दिया। विश्व चैंपियनशिप में कई बार पदक जीतने वाले इस 30 साल के खिलाड़ी ने दावा किया कि उन्होंने कभी नमूना देने से इनकार नहीं किया, बल्कि केवल इस बात का जवाब मांगा था कि नाडा ने दिसंबर 2023 में नमूना संग्रह के लिए एक एक्सपायर हो चुकी किट क्यों भेजी थी।

### नाडा मुझे निशाना बना रहा

बजरंग ने एक्स पर लिखा, यह दर्शाता है कि नाडा मुझे कैसे निशाना बना रहा है, वे नहीं चाहते कि मैं किसी भी कीमत पर कुश्ती जारी रखूं। उनके पास कोई जवाब नहीं है और वे अपनी गलतियों की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते, वे सिर्फ अपने छुटकारे के लिए एथलीट को परेशान करना चाहते हैं। नाडा नहीं चाहता कि कोई उनके गलत तरीकों पर सवाल उठाए और अगर कोई ऐसा करता है तो उसे निशाना बनाया जाता है ताकि वह अपना खेल जारी न रख सके। नाडा एक्सपायर हो चुकी किट के बारे में जवाब क्यों नहीं देता? नाडा इस बात का जवाब क्यों नहीं देता कि दो मैचों के बीच नमूना लेने के लिए मुझपर दबाव दिया गया, जबकि उन्हें पता था कि मेरे पास अगले मुकाबले की तैयारी करने के लिए केवल 20 मिनट थे।

यह नाडा द्वारा एक ही मामले में पहले निलंबन को निरस्त करने के बाद लगातार 2 महीनों में दूसरे निलंबन से संबंधित है। नाडा ने उन्हें दिए गए सभी तथ्यों को स्पष्ट रूप से नजरअंदाज कर दिया और मुझे फिर से निलंबित कर दिया।

बजरंग ने कहा कि इस मामले में वह हार नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा, अगर नाडा अपने अहंकार के लिए पहलवानों के धैर्य और अपने अधिकारों के लिए खड़े होने के दृढ़ संकल्प को चुनौती देना चाहता है, तो उसे ऐसा करने दो। पहलवान यही है और अंत तक लड़ेगा। मेरे वकील समय पर अपना जवाब दाखिल करेंगे। बजरंग को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिए 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

# जिम्बाब्वे के लिए टीम इंडिया रवाना, अब जूनियर्स के कंधे पर टी-20 की कमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 29 जून को फतेह प्राप्त करने के बाद अब एक दम नई टीम इंडिया का टी20 में टेस्ट शुरू होगा. भारतीय टीम 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए रवाना हो गई है. संन्यास लेने के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी इस टीम से नदारद होंगे. इस टीम की कप्तानी शुभमन गिल को सौंपी गई है.

इसके अलावा टीम के इस दौरे के लिए हेड कोच राहुल द्रविड की जगह वीवीएस लक्ष्मण होंगे. राहुल द्रविड का बतौर हेड कोच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ सफर 29 जून को खत्म हो गया. इसी बीच टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे के लिए रवाना हो गई है, इसके फोटो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से शेयर किए गए. जहां टीम के साथ वीवीएस लक्ष्मण भी दिखे, जो भारतीय टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे. इसके अलावा BCCI ने फोटो शेयर किए, उसमें टीम के अन्य सदस्य भी दिख रहे हैं. इसमें पहली बार टीम इंडिया में शामिल हुए अभिषेक शर्मा और रियान पराग जैसे खिलाड़ी भी हैं. देखा जाए तो टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुख्य स्क्वॉड में शामिल 15 में से 13 खिलाड़ियों को इस दौरे से आराम दिया गया है.

# पेरिस ओलंपिक से ठीक पहले नीरज चोपड़ा ने लिया बड़ा फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पोरिस ओलंपिक से पहले एक बड़ा फैसला लिया है। हाल में पावो नूरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले और पेरिस खेलों में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद नीरज रविवार को होने वाले पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, नीरज ने जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहजता के कारण इन खेलों से बाहर रहने का निर्णय लिया है।

### पावो नूरमी खेल से शुरू की थी तैयारी

टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पिछले महीने पावो नूरमी खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की थी।

नीरज ने ओलंपिक से पहले हुए इन खेलों में 85.97 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे थे। नीरज इस टूर्नामेंट में पहले पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में शानदार वापसी की थी और अंत तक अपनी बढ़त को कायम रखने में सफल रहे थे।

### पैर को मजबूत बनाने पर देंगे ध्यान

नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था, लेकिन मुझे लगा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है। थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रुक जाना ही ठीक है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह अब समझदार हो गए हैं और जोखिम नहीं लेते। उन्होंने कहा, ओलंपिक में स्वर्ण जीतने से पहले मैं हर प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहता था। अब अनुभव के साथ सही फैसले लेने लगा हूं। फिनलैंड में प्रदर्शन अच्छा था लेकिन अभी और काम करना होगा।

# विम्बलडन में ओसाका का जीत से आगाज

### तीन साल बाद वापसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विम्बलडन का पहला राउंड सोमवार से शुरू हो गया। जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने जीत से शुरुआत की। तीन साल बाद इस ग्रैंड स्लैम में खेलने उतरी ओसाका ने पहले राउंड के मुकाबले में फ्रांस की डाबने पैरी को तीन सेट में 6-1, 1-6, 6-4 से हराया। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसका ने एक घंटे 32 मिनट में मुकाबला जीता। उनकी विम्बलडन में यह 2018 के बाद पहली जीत है। वहीं स्पेन के माजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम शानदार शुरुआत की।

## एक नजर

### नाबालिग से छेड़खानी के प्रयास को ले प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में छत पर सोयी 16 वर्षीय नाबालिक के साथ छेड़खानी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग की मां ने थाना में गांव के ही एक 37वर्षीय युवक को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उल्लेख्य किया है कि रात में घर में अकेले थी कि गांव के ही 37 वर्षीय युवक छत पर गलत नीयत से आ गया। इस संबंध में प्रशिक्षु सीडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मामले की तहकीकात की जा रही है।

### पुत्री के लापता होने पर मां ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से 27 जून को शाम से एक नाबालिक के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में इसकी मां ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।उल्लेख किया है कि 27 जून की शाम में अपने घर से निकलकर बिना बताए कहीं चली गई।जिसके बाद हम लोग द्वारा आसपास एवं अपने परिजनों के बीच पता किया गया। काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली। इस संबंध में प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### प्रताड़ना मामले में पत्नी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** शहर के आरबीआर हाई स्कूल के समीप निवासी प्रमिला कुमारी सिंघी बुजुर्ग निवासी अपने पति पप्पु कुमार, ससुर चन्द्रदीप शर्मा,ननद शोभा, विभा और देवर अप्पू और भोला को नामजद आरोपी बनाया। उल्लेख किया है कि मेरी शादी .2021 को पप्पू कुमार के साथ हुई थी। कुछ सालों के बाद मेरे साथ गलत व्यवहार करता था। पति पीकर मारपीट करता था। मैं बर्दाश्त करती रही। इसके पिता सहित उक्त सभी आरोपी काफी शासन करते थे। कभी-कभी खाना पीना भी बंद कर दिए थे। मैं इन लोगों से काफी तंग हो चुकी हूं।पति बोलता है कि मैं तुमको नहीं रखूंगा। तुम दूसरा शादी कर लो हमको तुमसे कोई मतलब नहीं है। प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के द्वारा कराया गया पौधरोपण

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की अंबा शाखा के द्वारा मंगलवार को प्रखंड के मुडिला गांव में पौधरोपण कराया गया। शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। हर व्यक्ति को पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। ऐसा नहीं करने से प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। इसका बुरा असर मानव एवं अन्य जीव-जंतुओं पर पड़ रहा है। इस मौके पर बैंक मित्र मुकेश कुमार पांडेय, अमित कुमार सिंह, रविंद्र पांडेय आदि थे।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर पकड़े गए

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के मनसारा गांव के समीप से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर पकड़ा है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस की भनक लगते ही चालक गाड़ी छोड़कर भाग गए। उन्होंने बताया कि इस मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### एमपी से भटक कर देव आई महिला और दो बच्चों को परिजनों को सौंपा

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मध्य प्रदेश से भटक कर औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र में घूम रही एक महिला और उसके दो बच्चों को पुलिस ने बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। महिला की पहचान मध्य प्रदेश के विजय चौहान की पत्नी उषा देवी के रूप में की गई है।

विश्व जनसंख्या दिवस को लेकर पखवाड़ा की तैयारी

# तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक



**निज संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरगाबाद के समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस को लेकर पखवाड़ा की तैयारी से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक आहूत की गई। बैठक में आगामी 11 जुलाई से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाने को लेकर विभिन्न विभागों के साथ रणनीति तैयार की गयी।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि आगामी 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर शुरू हो रहे जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा को लेकर जिले की सभी प्रखंडों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा से पूर्व सभी प्रखंडों में जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके लिए जिले की सभी प्रखंडों में सारथी रथ भेजे जाएंगे। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र पर सास-बहू व बेटी सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं को स्थाई व अस्थाई परिवार नियोजन के संसाधनों के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिसमें आशा कार्यकर्ता के द्वारा घर-घर जाकर दंपति को परिवार नियोजन से संबंधित प्रक्रिया को अपनाने निरोध, कॉपर टी, गर्भनिरोधक गोलियों एवं एमपीए अंतरा इंजेक्शन के बारे में प्रचार प्रसार कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंडस्तरीय समन्वय समिति की बैठक कर विशेष रणनीति बनाने का निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन, सभी प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, सभी बीसीएम, बीएचएम सहित अन्य मौजूद थे।

## एसपी ने की अनुकंपा समिति की बैठक



**सोन वर्षा वाणी संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस केंद्र में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम की अध्यक्षता में शहीद पुलिस कर्मियों के आश्रितों की नियुक्ति हेतु अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस केंद्र के परिचारी प्रवर एवं लेखापाल शामिल रहे। बैठक में एसपी ने अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनो की समीक्षा की।

# हत्या मामले में आठ आरोपियों को कोर्ट ने दिया दोषी करार

**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एडीजे-3 सुनील कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को टंडवा थाना कांड संख्या -42/15 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए मामले के सभी 8 अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि अभियुक्त गुप्तेश्वर पासवान, कन्हाई पासवान, उपेन्द्र पासवान, जयराम पासवान, राजकुमार पासवान, रंजीत पासवान, रंजन पासवान, विक्रमा पासवान (सभी विशुनपुर टंडवा निवासी) को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया। कोर्ट ने इन सभी अभियुक्तों को भादंवि की धारा-307, 149, 504 एवं 149 में दोषी ठहराया है। कोर्ट ने सज़ा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 05 जुलाई निर्धारित की है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक विशुनपुर टंडवा निवासी मनोज पासवान ने 21 सितंबर 2015 को दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अभियुक्तगण शमशान घाट से अवैध रूप से बालू निकासी करते थे। हम ग्रामीणों ने 21 सितंबर 2015 को विरोध किया तो गंडासा से मारकर बालेश्वर यादव, मधु यादव, दिलीप यादव को बुरी तरह से घायल कर दिया था। इस वाद में आईओ, डाक्टर सहित नौ की गवाही हुई थी। नौ साल बाद पांच जुलाई को सज़ा सुनाई जाएगी।



## घर में सोई हुई महिला की सर्पदंश से हुई मौत

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** एक महिला को विषैला सांप डस लिया जिससे महिला की मौत हो गई। घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के मसुरी खरांटी गांव की है। मृतका की पहचान उसी गांव निवासी राम अवतार सिंह की पत्नी मरछी देवी के रूप में की गई है। मृतका के परिजन ने बताया कि महिला अपने घर में सोई हुई थी। इसी दौरान विषैले सांप ने उसे डस लिया जिससे महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में चित्कार मच गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में मनाया गया विदाई समारोह

**कार्यालय संवाददाता**

मंगलवार को महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. योगेश्वर यादव को महाविद्यालय शिक्षक संघ के द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह का अध्यक्षता महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रोफेसर डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के शिक्षक संघ के सचिव डॉक्टर विवेक कुमार ने किया। डॉक्टर योगेश्वर यादव के अपने जीवन के 43 वर्षों की सेवा काल को याद करते हुए महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने उनको धन्यवाद ज्ञापन किया उनके इस सेवा काल को आसान बनाने में उनकी मदद की। महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने डॉक्टर योगेश्वर यादव के सेवाकाल में महाविद्यालय के प्रति उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ तथा शॉल से सम्मानित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के बरसर डॉ. विजय कुमार श्रीवास्तव, प्रोफ़ेसर डॉ. अरुण कुमार, प्रोफेसर डॉ विवेक कुमार, डॉ. तरुण कुमार माथुर, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. युगल प्रसाद निराला, प्रो. विद्यावती कुमारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरविंद कुमार, प्रधान सहायक जनार्दन सिंह, अकाउंटेंट विवेक कुमार, सहायक लालमोहन यादव, जितेंद्र कुमार, सहित अन्य शामिल रहें।



# हाइवा पलटने से घायल चालक की हुई मौत

**निज संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** जिले के गोह-रफीगंज पथ में गोह थाना क्षेत्र के जाजापुर पेट्रोल पंप के पास सोमवार को हाइवा पलटने से चालक एवं सहचालक घायल हो गए। मदनपुर थाना क्षेत्र के उमगा गांव निवासी सत्येंद्र सिंह के 36 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार सिंह एवं अवधेश सिंह के 25 वर्षीय पुत्र नवलेश कुमार को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह ले जाया गया। चिकित्सक ने चालक अनुज को मृत घोषित कर दिया। घायल नवलेश का प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर होने के कारण सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने उपचार किया। बताया जाता है कि अनुज हाइवा पर गिट्टी लेकर गोह जा रहे थे। जाजापुर पेट्रोल पंप के पास चालक के नियंत्रण खो देने के कारण हाइवा पलट गया। सूचना पर उमगा गांव से स्वजन सदर अस्पताल पहुंचे। शव देख रोने लगे। पत्नी लकी देवी एवं मां रामरती देवी सिर्फ रो रही थी। पत्नी रोते हुए बार-बार बेहोश हो रही थी और जब होश में आता अपने पति को खोज रही थी। पत्नी की स्थिति इतनी खराब हो गई कि सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। बूढ़े माता-पिता का रो-रोकर हाल बेहाल है। दोनों रोते हुए कह रहे थे कि हमने भगवान का क्या बिगाड़ा था कि इकलौते पुत्र को छीन लिया। ग्रामीणों ने बताया कि अनुज के दो छोटे बच्चे हैं। छह वर्षीय अर्पिता कुमारी एवं आठ वर्षीय आरुषि कुमारी पिता के शव से लिपटकर रो रही थी।

# दो बाइक की टक्कर में तीन लोग जख्मी, वाहन जब्त



**निज संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** अपाची और लूना बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान सलैया थाना क्षेत्र के नरकपि गांव निवासी राजबल्लभ ठाकुर के बेटे गौतम कुमार, लालू ठाकुर के बेटे कुश कुमार और लूना सावर बैजू बिगहा गांव निवासी कमलेश मल्लाह के बेटे नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 के पहरचापी मोड़ के पास राणा रामेश्वर उच्च विद्यालय के सामने हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बाइक सवार हवा में उछल गए। घायल युवकों को स्थानीय लोगों और कुछ छात्रों ने मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां तीनों का प्राथमिक उपचार कराया गया। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मदनपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार दोपहर सूचना मिली कि सड़क दुर्घटना में 3 लोग घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया।

## पॉक्सो एक्ट मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 13 आनंदुआ गांव निवासी दिलीप सिंह का पुत्र अंकित कुमार उर्फ रौशन है। मिली जानकारी के अनुसार अंकित सात माह पूर्व एक लड़की का अपहरण कर भगा ले गया था। लड़की के पिता ने अपहरण करने का मामला नवीनगर थाना में दर्ज कराया था। कुछ दिनों पूर्व लड़का एवं लड़की के परिजनों द्वारा सहमति बनी और दोनों की शादी कराने की तैयारी की जा रही थी। 9 जुलाई को दोनों की शादी होनी थी। इसी बीच दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने अंकित को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि सात महीने पूर्व थाना में मामला दर्ज कराया गया था। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# आकांक्षी जिला के तहत चयनित प्रखंडों में चलेगा संपूर्णता अभियान

**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी औरंगाबाद की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान लांउचिंग इवेंट से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। गौरतलब है कि कि नीति आयोग, भारत सरकार के द्वारा सभी छह केपीएलएस जो आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम (एबपी) के लिए चिन्हित को 01 जुलाई, 2024 से 30 सितम्बर, 2024 के बीच में सेचुरेटेड किए जाने का लक्ष्य है। इस हेतु जिला एवं सभी आकांक्षी प्रखण्ड यथा- कुट्म्बा, मदनपुर, नबीनगर एवं देव में 04 जुलाई, 2024 से 06 जुलाई, 2024 के बीच में लांउचिंग इवेंट "संपूर्णता अभियान" आयोजित कराया जाना है। 5 जुलाई को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले लांउचिंग इवेंट कार्यक्रम यथा प्रभात फेरी जिसमें शामिल स्कूली छात्र एवं छात्राओं, जीविका दीदीयों, आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा कराने को लेकर समीक्षा किए एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही साथ नुक्कड़ नाटक, खेल प्रतियोगिता जैसे फुटबॉल मैच का आयोजन कराने के लिए भी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविका, आईसीडीएस एवं कृषि विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

वहीं संबंधित पदाधिकारियों को आकांक्षी जिला कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अपना कार्य में प्रगति लाए और स-समय कार्य का निष्पादन करें तथा नीति आयोग द्वारा जिला को विकासित करने एवं लोग को जागरूक करने का जो उद्देश्य है उसको पूरा कराने के लिए नीति आयोग द्वारा आयोजित सभी अभियान के संबंध में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी,वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, डीपीएम आईसीडीएस, डीपीएम सर्व शिक्षा अभियान, जिला कृषि पदाधिकारी,, डीपीएम जीविका सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नव विवाहित दंपतियों को मिली खुशियों की पोटली

**निज संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** स्वास्थ्य विभाग एवं सीथ्री संस्था के सहयोग से जिले के ओबरा प्रखंड के सरसौली पंचायत में मंगलवार को आरोग्य दिवस के दौरान परिवार नियोजन पखवाड़े के अंतर्गत जनप्रतिनिधि मुखिया रेखा देवी के सहयोग से घर की दहलीज में रहने वाली नई विवाहित महिलाओं को आशा के सहयोग से इकट्ठा कर परिवार नियोजन विषयों पर जागरूक करते हुए परिवार नियोजन कीट - 'खुशियों की पोटली' का वितरण किया गया। इस दौरान सास को भी बहुओं के स्वास्थ्य का ध्यान, शादी के बाद पहला बच्चा दो साल के बाद, एवं पहले और दूसरे बच्चे के बीच का अंतराल कम से कम तीन साल रखने, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के साथ ही कई महत्वपूर्ण बातें बताई गईं। सीथ्रीसंस्था के ज़िला समन्वयक कमलेश राज ने कहा की स्वास्थ्य सम्बन्धित किसी प्रकार की सलाह हेतु नजदीकी क्षेत्र की आशा और एएनएम के आलावा, स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 104 पर भी नवदंपति किसी भी प्रकार की जानकारी कॉल करके प्राप्त कर सकते हैं। परिवार नियोजन के सभी साधन सभी स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनबाड़ी केद्रों पर आयोजित होने वाली ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस /आरोग्य दिवस में निः शुल्क उपलब्ध है। गर्भ जांच किट गर्भधारण की पुष्टि का एक सरल उपाय है। मुखिया रेखा देवी एवम् वॉर्ड सद्स्य कुसुम कुमारी के द्वारा सभी को शादी के शुभकामनाएं दी तथा खुशियों के पोटली सैफी जीवन में खुशियां लाने के बात कही।- गर्भ जाँच किट का उपयोग के बारे में बताया गया की मासिक न आने के एक सप्ताह बाद इसकी जांच सुबह के पहला मूत्र के साथ अत्यधिक उपर्युक्त है।साफ और सूखे शीशी/प्लास्टिक के पात्र में मूत्र का संग्रह कर लें। गर्भ जांच किट को पैकेट से निकालिए और इसे सीधी सतह पर रखिए।किट में उपलब्ध कराए गए ड्रॉपर से दो बूंद मूत्र पट्टी में 's' चिन्हित वृत्त के अंदर डालकर 5 मिनट प्रतीक्षा करें, इसके बाद परिणाम देखें।परिणाम यदि सकारात्मक निकले तो तुरंत अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क करें। बीमसीथ्री के प्रखंड समन्वयक ब्रज किशोर मंडल ने कार्यक्रम के अयोजन में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करवाना मेरी पहली प्राथमिकता : अरूण दुबे

**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल औरंगाबाद के क्षेत्राधीन कार्यान्वित हो रहे पथ एवं पुल-पुलिया का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उक्त बांते ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद के नव पदस्थापित कार्यपालक अभियंता अरूण कुमार दुबे ने योगदान के पद अपने अधीनस्थ अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि प्रमण्डलाधीन कार्यान्वित योजनाओं का सतत् निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करें। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ हो रहा है इसलिए ग्रामीण कार्य विभाग के पथों में निर्मित पुल-पुलिया का वेन्ट की सफाई प्रारंभ कर दें। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर पुल-पुलिया का वेन्ट की सफाई हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निर्मित पुलों निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पुल क्षतिग्रस्त नहीं है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन पुलों का निरीक्षण दिन-प्रतिदिन करने की आवष्यकता है ताकि निर्माण में किस प्रकार की परेषानी नही हो। बैठक में सहायक अभियंता सौरभ श्रीवास्तव, नव प्रोन्नत सहायक अभियंता संतोष कुमार तिवारी, नव नियुक्त तकनीकी पर्यवेक्षक सूरज कुमार पाण्डेय, रोकड़पाल राज कुमार राजा सहित कई अभियंता एवं कर्मी मौजूद थे। वही योगदान के अवसर पर संवेदक प्रेमषंकर कुमार द्विवेदी, निर्भय कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, श्रीयादव, राजु कुमार सिंह, सुबेदार यादव, राकेष कुमार चर्तुवेदी सहित कई लोग मौजूद थे।



स्टार्टअप सेल द्वारा साइबर सिक्योरिटी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# डिजिटल युग में रोजाना हो रहा साइबर अटैक

**निज संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के अरथुआ निवासी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में स्टार्टअप सेल द्वारा साइबर सिक्योरिटी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि, डॉ राय चन्द्रशेखर प्रसाद, मुख्य वक्ता दीपक कुमार एवं स्टार्टअप सेल इंचार्ज प्रो. आनंद राज के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जला कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने कहा कि आज के इस डिजिटल युग में रोजाना कहीं न कहीं फोन कॉल, सोशल मीडिया, ईमेल द्वारा साइबर अटैक का सामना करते हैं। इसलिए साइबर सिक्योरिटी की महत्ता को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसके उपरांत साइबर सिक्योरिटी कार्यशाला के अतिथि विशेषज्ञ दीपक कुमार के द्वारा साइबर क्राइम एवं डिजिटल सबूत की विस्तृत जानकारी दी गई। दीपक कुमार को प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने मोमेंटो देकर स्वागत किया एवं महाविद्यालय में आने के लिए धन्यवाद दिया।

### तकनीक से साथ खुद को अपडेट कर रहे अपराधी

मुख्य अतिथि साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट दीपक कुमार ने कहा कि तकनीक के साथ अपराधी खुद को अपडेट कर रहे हैं। यह देखते हुए जरूरी हो जाता है कि जनसामान्य भी तकनीक के मामले में उसी रफ्तार से अपने आप को मजबूत और तरोताजा करें। बताया कि साइबर अपराधी और आतंकवादी तकनीक के मामले में अपडेट हो चुके हैं। मोबाइल फोन में बिना सिमकार्ड, वाई-फाई वे हॉट स्पॉट के रेडियो सिग्नल से मैसेज करते हैं। वे जीपीएस का प्रयोग भी करते हैं। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से निपटने के तरीके बताए। कहा कि हम रोजाना जो कुछ देखते हैं उसमें ही साक्ष्य खोजते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी मोबाइल फोन में वे कैलकुलेटर का प्रयोग मैसेंजर की तरह करते हैं। उन्होंने वह तरीका भी बताया जिससे डिजिटल डिवाइस से छिपे साक्ष्य और हटाए गए उत्तर से एविडेंस कैसे दोबारा प्राप्त किया जा सकता है। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट दीपक कुमार ने बताया कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया को हथियार के रूप में प्रयोग करते हैं। उन्होंने फर्जी सोशल अकाउंट बंद करने, मोबाइल फोन नंबर और इंटरनेट से जुड़े साक्ष्यों को प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी।

## पूर्व जिप सदस्य की पुण्यतिथि मनी

**औरंगाबाद(का.सं.)।** औरंगाबाद शहर के एक होटल के सभागार में मंगलवार को जिला परिषद के पूर्व सदस्य राजद नेता स्व. शशि भूषण शर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई। यहां एक मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की गई। राजद नेताओं और जिप सदस्यों ने कहा कि शशिभूषण शर्मा के अचानक निधन से समाज को बड़ी क्षति हुई है। वे अचानक से बीमार पड़े और कुछ ही दिनों के बाद उनका निधन हो गया। उन्होंने जीवनपर्यंत समाज के कमजोर तबके के लोगों को सहयोग किया। समाज के दबे कुचले लोगों की मदद करना, गरीबों के लिए हर समय खड़े रहना उनकी खासियत थी। वे जिप सदस्य रहे और उनके निधन पर उनकी पत्नी निर्विरोध जिला परिषद सदस्य चुनी गई जो उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है।

# अंबा डिवीजन पहुंचा नहर का पानी, किसानों में उत्साह

**निज संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर का पानी अंबा डिवीजन में पहुंच गया है। इससे किसानों में उत्साह है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही नहर का पानी उनके खेतों तक पहुंचेगा और नर्सरी लगाने से लेकर धान की रोपनी का काम हो सकेगा। जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर जमील अख्तर ने बताया कि 1 जुलाई को टेस्टिंग के लिए नहर में पानी छोड़ा गया है। धीरे-धीरे पानी की मात्रा बढ़ाई जा रही है। मंगलवार को 1021 क्यूसेक पानी नहर में छोड़ा गया है। नहर का पानी अंबा डिवीजन तक पहुंच गया है। जल्द ही इस पानी के आगे पहुंचाने की भी उम्मीद है।

# रुक-रुक कर हो रही बारिश से कई जगहों पर भरा पानी, लोग परेशान

**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में रुक-रुक कर हो रही बारिश से जल जमाव की समस्या बनी हुई है। शहर में विभिन्न जगहों पर जमा पानी तो निकल गया लेकिन सदर अस्पताल सहित शहर से सटे मुहल्लों में पानी भरा हुआ है। सदर अस्पताल में पानी निकालने के लिए टुल्लू पंप आदि का सहारा लेना पड़ा है। मंगलवार को हुई बारिश से सदर अस्पताल परिसर में फिर से पानी भर गया और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पूर्व में भवन निर्माण का कार्य शुरू किया गया लेकिन ड्रेनेज सिस्टम नहीं बनाया गया था। पूर्व से पानी निकासी की जो व्यवस्था थी, वह भी ध्वस्त हो गई जिसके कारण भीषण जल जमाव हो रहा है। यहां आने वाले मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनके कपड़े खराब हो रहे हैं। इसके अलावा कई लोग बिना इलाज कराए वापस लौट रहे हैं। इस संबंध में सदर अस्पताल के प्रबंधक हेमंत राजन ने बताया कि टुल्लू पंप से पानी निकाला गया है। इसके अलावा सफाई भी कराई गई है। बारिश होते ही पानी भर जा रहा है। इस मामले में बीएमएसआईसीएल के पदाधिकारी से बात की गई लेकिन फिलहाल कोई समाधान नहीं हो पाया है। इस संबंध में बीएमएसआईसीएल के सहायक अभियंता शुभम कुमार ने बताया कि स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण विभाग से एक सड़क उंचाई पर बना दी गई है और पानी निचले हिस्से में आकर जमा हो रहा है। ड्रेनेज का निर्माण नहीं हुआ था जिसके कारण दिक्कत हो रही है। इसी महीने में परिसर में सड़क और नाला का निर्माण कराया जाना है। सड़क नवनिर्मित भवन के समीप से सदर अस्पताल के पुराने मुख्य द्वार तक जाएगी। बीच में रेड क्रॉस की एक बाउंड्री है जिसे हटाया जाएगा। यदि यहां से जल निकासी की व्यवस्था हो जाती है तो ठीक है अन्यथा दूसरी दिशा में पूर्व से बने नाला तक सड़क और नाला का निर्माण कराया जाएगा। इस पर काम चल रहा है। इस महीने में यह काम कराया जाना है। बरसात में परेशानी ना हो जिसके लिए तेजी लाई जाएगी। इधर बारिश के बाद विभिन्न जगहों पर पानी भर गया है। औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र में ही कामा बिगहा के समीप बड़े पैमाने पर जल जमाव है। हालांकि यहां आवागमन प्रभावित नहीं हुआ है। खाली पड़ी जगह पर बरसात का पानी भर गया है। यह स्थिति बरसात में पूरे महीने बनी रहती है। इसके अलावा रतनुआ के समीप खाली जगह पर भी कई फुट पानी लगा हुआ है।